हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

5253वां श्रीकृष्ण जन्मोत्सव आज

- ठाकुरजी के लिए आगरा से खास तरह के पकवान एवं छप्पन भोग बनकर आ रहे
- जोधपुर से धातु के खिलौने बनकर आ रहे हैं और अभिषेक के लिए कलश, उत्तराखंड से जड़ी बूटियां मंगाई गई हैं

जन्माष्टमी की रात्रि 500 ड्रोन के जरिए आसमान में जीवंत होंगी कृष्ण लीलाएं

मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि का विहंगम दृश्य

द्वारकाधीश मंदिर पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव, शीश नवाया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के देवभूमि द्वारका स्थित प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर भगवान द्वारकाधीश के विधिवत दर्शन-पूजन किए। जन्माष्टमी से ठीक पहले मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री ने भगवान का आशीर्वाद लिया और मध्य प्रदेश की जनता के सुख, समृद्धि व कल्याण की कामना की। सीएम ने स्पष्ट किया कि मध्य प्रदेश सरकार राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात, आवास, सुरक्षा और अन्य ढांचागत सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। द्वारकाधीश मंदिर को चार धामों में से एक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जन्माष्टमी पर्व से पहले यहां शीश नवाने का अवसर मिलना उनके लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है।

सीएम सपत्नीक पूजा अर्चना करते हुए

ठाकुरजी के प्राकट्य के साथ जन्म महाअभिषेक होगा आरंभ

श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचे अयोध्या काशी से दिव्य प्रसाद और उपहार

डॉ. कमल कांत उपमन्यु ⏭ मथुरा

भगवान श्रीकृष्ण का 5253वां जन्मोत्सव भाद्रपद श्रीकृष्ण अष्टमी को शास्त्रीय मर्यादाओं और परंपराओं के अनुसार 4 सितंबर को जनपद के सभी प्रमुख मंदिरों और घरों में धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा इस वर्ष विशेष रूप से गो रक्षा-राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जन्मस्थान संस्थान को विद्युत रोशनी से सजाया गया है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य व गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने 'हरिभूमि' को बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, वाराणसी एवं श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या धाम से भव्य और दिव्य प्रसाद एवं उपहार, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हेतु पहुंच गया है। 4 सितंबर मध्यरात्रि 12 बजे ठाकुरजी के प्राकट्य के साथ जन्म महाअभिषेक आरंभ होगी। स्वर्ण-मंडित रजत कामधेनु गो द्वारा पयोधर अभिषेक के बाद रजत कमल पुष्प में विराजमान ठाकुरजी का महाअभिषेक किया जाएगा। गर्भगृह को करीब 200 किलोग्राम चांदी और आकर्षक पुष्प-पत्रों से सजाया जा रहा है। अयोध्यापुरी एवं काशीपुरी से आए उपहार, प्रसाद एवं संस्थान की जन्माष्टमी पर विशेष रूप से तैयार कराई गई पोशाक व श्रृंगार सामग्री सर्वप्रथम भगवान केशवदेव महाराज, अष्टभुजा मां योगमायाजी एवं श्रीगर्भ-गृह जी मंदिर में प्रसाद-सामग्री अर्पित करते हुऐ भागवत भवन स्थित युगल सरकार श्रीराधाकृष्ण के सन्मुख वैदिक मंत्रों के सस्वर उच्चारण कर शास्त्रीय मर्यादाओं के अनुरूप अर्पित किए गए।

न उधारी की पर्ची, न दुकानदार की निगरानी

जबलपुर में भगवान खुद बेचते हैं लड्डू, भक्त करते हैं 'हिसाब'

अनुरोध पटेरिया ⏭ जबलपुर

शास्त्री ब्रिज के पास मार्च 2025 में शुरू हुई 'श्री लड्डू गोपाल शॉप' इन दिनों अपनी अनोखी व्यवस्था के कारण चर्चा में है। यहां दुकानदार कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि स्वयं लड्डू गोपाल हैं। रैक में मेवे, गुड़ और बेसन के लड्डुओं के पैकेट रखे हैं। 250 ग्राम और 500 ग्राम के पैकेट पर वजन और कीमत लिखी है। ग्राहक अपनी जरूरत के मुताबिक लड्डू उठाता है, खुद हिसाब करता है और राशि दानपात्र में डाल देता है। खरीदारी के लिए तीन विकल्प हैं-नकद, क्यूआर कोड से ऑनलाइन भुगतान और बाद में रकम लौटाने की सुविधा। जेब में पैसे न हों तो भी लड्डू ले जाने की छूट है। ग्राहक से सिर्फ इतना अपेक्षित है कि वह बाद में अपनी सुविधा के अनुसार राशि भगवान को अर्पित कर दे। इस उधारी का कोई बही-खाता नहीं रखा जाता। 52 वर्षीय विजय पांडे ने यह दुकान मार्च 2025 में शुरू की। इसके पीछे की वजह दिसंबर 2024 में सामने आया एक अनुभव है। पांडे के मुताबिक उस महीने एक सुरक्षा गार्ड उनके घर पहुंचा था। उसके पांच साल के बेटे का जन्मदिन था और बच्चा वही लड्डू चाहता था, जो उसने मंदिर में प्रसाद के रूप में खाए थे। पिता के पास उस दिन पैसे नहीं थे। उसने करीब 200 रुपए के लड्डू उधार मांगे। बच्चे के जन्मदिन की बात सुनकर पांडे ने उसे एक किलो लड्डू दे दिए। उस व्यक्ति ने लड्डू गोपाल की कसम खाकर पैसे लौटाने का वादा किया और कुछ दिन बाद रकम वापस भी कर दी। इस घटना के बाद पांडे के मन में ऐसी दुकान शुरू करने का विचार आया।

श्री लड्डू गोपाल शॉप

निशीथ काल में 45 मिनट पूजा का मुहूर्त

15 साल बाद बन रहा विशेष संयोग, बन रहे 'छह' शुभ योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी पर 15 साल बाद एक विशेष संयोग बन रहा है, जिसमें छह शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। जैसे कि जयंती योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, हर्षण योग, हंस योग, मालव्य योग और बुधादित्य राजयोग। इस बार गृहस्थ जातक और साधुगण एक ही दिन यानी कि चार सितंबर शुक्रवार को ही कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाएंगे। ज्योतिचार्य पंडित जगदीश शर्मा ने 'हरिभूमि' को बताया कि भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि चार सितंबर को रात 2:25 बजे शुरू होकर पांच सितंबर की रात 12:13 बजे समाप्त होगी। जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव मध्यरात्रि में मनाने की परंपरा है। ऐसे में चार सितंबर को व्रत रखकर निशीथ काल में विधि-विधान से पूजन किया जाएगा।

श्रीकृष्ण पर्व

विक्रम सम्वत् 2083, कृष्ण पक्ष, अष्टमी (4 सितम्बर 2026, शुक्रवार)

घर-घर गोकुल, घर-घर गोपाल

मध्यप्रदेश के 55 जिलों के 111 स्थानों पर सांस्कृतिक आयोजन

7500 से अधिक श्रीकृष्ण मंदिरों में साज-सज्जा, भव्य जन्मोत्सव में प्रदेश के 1500 से अधिक कलाकारों की भागीदारी

मुख्यमंत्री निवास पर विशेष आयोजन

श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका कविता शाजी एवं ग्रुप, भोपाल	**मलखंब** डॉ. आशीष मेहता, उज्जैन	**फूलों की होली** जुगलकिशोर नामदेव, सागर	**भजन गायन** तनिष्क शुक्ला एवं ग्रुप, जबलपुर	**मटकी फोड़** 101 बच्चे राधाकृष्ण की वेशभूषा में होंगे शामिल

भूमिपूजन

शौर्य, आस्था और संस्कृति का नया धाम, अलौकिक आभा और दिव्यता का संगम **श्री परशुराम श्रीकृष्ण लोक** का भूमिपूजन
मुख्यमंत्री **डॉ. मोहन यादव** द्वारा 4 सितम्बर 2026 । जानापाव, इंदौर

29 अगस्त से 04 सितम्बर, 2026
श्री रासलीला समारोह, रवीन्द्र भवन, भोपाल

02 से 06 सितम्बर, 2026
श्री नारायणा धाम मंदिर प्रांगण, नारायणा (उज्जैन)

02 से 04 सितम्बर, 2026
सांदीपनि आश्रम, उज्जैन

02 से 04 सितम्बर, 2026
श्री रामलीला चौक, महिदपुर (उज्जैन)

02 सितम्बर 2026
श्री बलदेवजी मंदिर परिसर, पन्ना

03 एवं 04 सितम्बर, 2026
जुगल किशोर मंदिर प्रांगण, पन्ना

03 एवं 04 सितम्बर, 2026
थाना परिसर के पीछे, अमझेरा (धार)

राधा कृष्ण मंदिर पीपलझार, खरगौन	सत्यनारायण मंदिर बड़वाह, खरगौन	राधा कृष्ण मंदिर पिपलिया बुजुर्ग, खरगौन	राधा कृष्ण मंदिर सनावद, खरगौन	राधा कृष्ण मंदिर ओझर, बड़वानी	नमः शिवाय मिशन शिव कोठी ओंकारेश्वर, खण्डवा	श्री राधा कृष्ण मंदिर नरसिंहगढ़, राजगढ़	श्री राधाकृष्ण मंदिर ब्यावर, राजगढ़	श्री कृष्ण मंदिर सारणी, बैतूल
स्वामीनारायण मंदिर सीहोर	श्री राधा कृष्ण सरकार मंदिर बैरसिया, भोपाल	राधा कृष्ण मंदिर चंद्रपुरा, मंदसौर	रणजीत हनुमान मंदिर जावरा, रतलाम	श्री राधे श्याम मंदिर रतलाम	श्री खाटू श्याम मंदिर उज्जैन	शिव राम कृष्ण मंदिर नीमच	श्री राधा कृष्ण मंदिर महिदपुर, उज्जैन	श्रीराम मंदिर आगर-मालवा
बावड़ी मंदिर धार	श्री राम राधाकृष्ण मंदिर नरसिंहपुर	राधा वल्लभ मंदिर रायसेन	राधाकृष्ण मंदिर राजगढ़	राधे कृष्ण मंदिर बैतूल	द्वारकाधीश मंदिर ग्वालियर	राधा बल्लभ मंदिर भिण्ड	गंगा दास की बड़ी शाला ग्वालियर	सिद्धेश्वर मंदिर शिवपुरी
श्री गोपाल मंदिर गुना	नंद किशोर मंदिर दतिया	श्री बिहारी जी का मंदिर दतिया	राम जानकी मंदिर रायसेन	बिहारी जी मंदिर सागर	देव जानकी बडा मंदिर सागर	राधा कृष्ण मंदिर रायसेन	राधाकृष्ण मंदिर रसूलपुर त्योंदा, रायसेन	कृष्ण मंदिर गुलाबगंज, विदिशा
राधा कृष्ण चौपड़ा मंदिर तिली वार्ड, सागर	पहलवान बब्बा मंदिर सागर	राधा कृष्ण मंदिर गैरतगंज, रायसेन	लक्ष्मीनारायण बिड़ला मंदिर भोपाल	खाटू श्याम मंदिर विदिशा	श्याम मंदिर हरदा	श्रीकृष्ण मंदिर तिसा बाजार, रायसेन	श्रीकृष्ण मंदिर सांची, रायसेन	श्री राम जानकी मंदिर चित्रकूट, सतना
श्री व्यंकटेश मंदिर मुख्तियार गंज, सतना	श्री राम जानकी मंदिर मैहर	श्री लक्ष्मण बाग मंदिर रीवा	सर्वेश्वर मंदिर सिंगरौली	श्रीकृष्ण मंदिर गोपाल दास मंदिर सीधी	श्री राम मंदिर कटनी	श्री कृष्ण मंदिर छिंदवाड़ा	नरसिंह मंदिर अलीराजपुर	राधा कृष्ण मंदिर पांढुर्णा
राधा कृष्ण मंदिर शाजापुर	राधा कृष्णा मंदिर अशोक नगर	माजिसा राधा कृष्ण मंदिर झाबुआ	साँवरिया सेठ मंदिर धार	राधा कृष्ण मंदिर बुधनी, सीहोर	राधा कृष्णा मंदिर देवास	श्री द्वारकाधीश राधा कृष्ण मंदिर सिवनी	श्री कृष्ण मंदिर नरसिंगपुर	श्री सागरेश्वर नाथ उमरिया
रामकृष्ण मंदिर बालाघाट	लक्ष्मी नारायण मंदिर शहडोल	रामकृष्ण कुटीर (सांधा) अमरकंटक, अनूपपुर	राधा कृष्ण मंदिर मण्डला	राधा कृष्ण मंदिर डिंडोरी	श्री राम मंदिर प्रांगण बुरहानपुर	खंडिया वाले हनुमान जी मंदिर निवाड़ी	कृष्ण मंदिर हनुमान चौक देवास	राधा कृष्ण मंदिर जबलपुर
श्री कृष्ण शिव मंदिर परिसर औबेदुल्लागंज, रायसेन	खाटू श्याम मंदिर ब्यावरा, राजगढ़	इस्कॉन मंदिर उज्जैन	श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर भोपाल	राधा कृष्ण मंदिर पिपरिया, नर्मदापुरम	कुण्डलेश्वर टीकमगढ़	सोमेश्वर महादेव मंदिर भोपाल	श्री राधाकृष्ण मंदिर मंडीदीप, जिला रायसेन	राधा कृष्ण मंदिर मुरैना
श्री राधा कृष्ण मंदिर रतनगमा, मऊगंज	माँ बिरासनी क्रिकेट स्टेडियम पाली (उमरिया)	मानस भवन सभागार शहडोल	महिष्मति घाट मण्डला	परशुराम जन्मस्थली जानापाव, महू	कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा	मानस भवन सभागार दमोह	श्रीराधा-कृष्ण मंदिर खातेगाँव, देवास	गोपाल मंदिर उज्जैन
रणछोड़ मंदिर आगर-मालवा	राधा कृष्ण मंदिर जामगढ़. रायसेन	राधेश्यामजी मंदिर राघौगढ़, गुना	श्रीकृष्ण मंदिर तराना, उज्जैन	राधाकृष्ण मंदिर भितरवार, ग्वालियर	श्रीराधा-माधव मंदिर बिजावर, छतरपुर	श्रीराधा-कृष्ण मंदिर बदरवास,शिवपुरी	श्रीनाथद्वारा जी मंदिर झाबुआ	नाथद्वारजी मंदिर जावद, नीमच
		द्वारकाधीश मंदिर मनासा, नीमच	श्रीराधाकृष्ण मंदिर मल्हारगढ़, मंदसौर	श्री कल्याणरायजी की हवेली खिलचीपुर,राजगढ़	चक्रधारी मंदिर अम्बाह, जिला-मुरैना	श्रीगोपाल-कृष्ण जी मंदिर देपालपुर, इंदौर		

D-11105/26

श्रीकृष्ण पाथेय न्यास
मध्यप्रदेश शासन
संस्कृति विभाग का आयोजन

सहभागिता
स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, जनसंपर्क विभाग

जबलपुर
शुक्रवार 4 सितंबर 2026
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-8
वर्ष : 21, अंक : 122
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 28
न्यून. 23

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

आधे प्रदेश में आफत की बारिश

छतरपुर में स्कूल बंद और कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

सीधी में भारी बारिश के बीच पहाड़ में भूस्खलन मूड़ा घाटी में गिरे पेड़-पत्थर, सीधी-यूपी मार्ग बंद

सीधी यूपी मार्ग पर पहाड़ से गिरे पत्थर

- उमरिया में बाढ़ के पानी में बहने से एक महिला लापता
- डबरा में मकान गिरा, मां व मासूम बेटे की दबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/सीधी

प्रदेश में मानसून का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सीधी की मूड़ा घाटी में लैंडस्लाइड से सीधी-यूपी मार्ग बंद हो गया है, जबकि उमरिया में बाढ़ के पानी में बहने से एक महिला लापता है। छतरपुर में मूसलाधार बारिश के चलते सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

सीधी में पेड़ गिरा

जलभराव और बांधों की स्थिति

- **डैम और नदियां:** जबलपुर में बरगी बांध के 6 गेट (1 मीटर तक) खोले गए हैं, जिससे नर्मदा के घाटों पर जलस्तर 3 से 4 फीट तक बढ़ सकता है। मंडला में नर्मदा का जलस्तर 436.1 मीटर तक पहुंच गया है। वहीं चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर घटने से स्थिति सामान्य हो रही है।
- **मार्ग अवरुद्ध:** मैहर में पुलों पर पानी फिरने से मुकुंदपुर मार्ग ठप पड़ गया है।

13 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

टीकमगढ़ और दमोह में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। ग्वालियर, भिंड, दतिया, गुना, अशोकनगर, छतरपुर, निवाड़ी आदि।

सतना। रपटे में तेज धार के बीच निकलते वाहन

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

टिम कुक बने एपल के कार्यकारी अध्यक्ष

नई दिल्ली। आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी 'एपल' में बड़ा फेरबदल हुआ है। टिम कुक ने सीईओ का पद छोड़ दिया है और अब वे कंपनी के कार्यकारी अध्यक्ष बन गए हैं। उनकी जगह जॉन टर्नस को एपल का नया सीईओ नियुक्त किया गया है। नए पद पर टिम कुक को 47 मिलियन डॉलर (करीब 446 करोड़ रुपए) का पैकेज मिलेगा।



क्रू मेंबर की तबीयत बिगड़ी मस्कट डायवर्ट हुई फ्लाइट

नई दिल्ली। दोहा से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई 1302) को गुरुवार को मेडिकल इमरजेंसी के चलते ओमान की राजधानी मस्कट डायवर्ट करना पड़ा। उड़ान के दौरान एक क्रू मेंबर की अचानक तबीयत खराब हो गई थी। मस्कट एयरपोर्ट पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग के बाद क्रू मेंबर का इलाज किया गया।

आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर हिरासत में लेगी पुलिस

रायसेन। जिला जेल में प्रहरी पर गोली चलाकर भागने के प्रयास के मामले में पुलिस आरोपी निलेश ठाकुर को प्रोडक्शन वारंट पर लेने की तैयारी में है। न्यायालय में आवेदन दे दिया गया है और 7 सितंबर को वारंट मिलने की संभावना है। बुधवार को हत्या के आरोपी निलेश ने कट्टे से फायर कर जेल प्रहरी दिग्विजय सिंह तोमर को घायल कर दिया था।

हैदराबाद हाउस में एमओयू साइन करने के बाद बोले पीएम मोदी अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य

भारत और बेल्जियम मिलकर दुनिया को करेंगे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट

डील हुई पक्की: जोरावर टैंक से बढ़ेगा भारत-बेल्जियम का रिश्ता

भारत और बेल्जियम व्यापार, रक्षा, अहम खनिजों, स्वच्छ ऊर्जा और टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में अपना सहयोग काफी बढ़ाने पर सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की मौजूदगी में गुरुवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में कई महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) हुए। भारत और बेल्जियम गुरुवार को व्यापार, रक्षा, अहम खनिजों, स्वच्छ ऊर्जा और टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में अपना सहयोग काफी बढ़ाने पर सहमत हुए। मीडिया के सामने दिए बयान में पीएम मोदी ने बताया कि देश की आर्थिक तरक्की दुनिया के लिए भरोसे और नए मौकों का जरिया है।वहीं, बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि नई दिल्ली और ब्रसेल्स ऐसे रिश्ते बना रहे हैं जो पहले से कहीं ज़्यादा व्यापक और रणनीतिक हैं। भारत और बेल्जियम के बीच रक्षा सहयोग के बीच मोदी ने खास तौर पर जोरावर टैंक परियोजना का जिक्र किया और कहा कि दोनों देश इस परियोजना पर मिलकर काम कर रहे हैं और इससे दोनों देशों का रिश्ता और मजबूत होगा। पीएम मोदी ने इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र में सहयोग का दायरा और बढ़ाने पर भी जोर दिया।

बार्ट डी वेवर ने कहा कि नई दिल्ली और ब्रसेल्स ऐसे रिश्ते बना रहे हैं जो पहले से कहीं ज़्यादा व्यापक और रणनीतिक

पीएम मोदी और बार्ट डी वेवर

पीएम मोदी ने कहा- रक्षा और सुरक्षा सहयोग हमारे संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ

10 बड़े समझौते और फैसले

1 पांच साल में दोगुना होगा भारत बेल्जियम व्यापार

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के साझा किए गए ब्योरे के मुताबिक, भारत और बेल्जियम ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य तय किया है। इससे भारतीय कारोबारियों और निर्यातकों के लिए आगे बढ़ने के नए अवसर पैदा होंगे। इसका सीधा फायदा रोजगार के क्षेत्र में भी देखने को मिल सकता है, खासकर भारतीय युवाओं के लिए। यह लक्ष्य प्रस्तावित भारत यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के अनुरूप भी है।

2 रक्षा सहयोग को मिलेगा नया आधार

स्वदेशी रक्षा निर्माण, तकनीकी विकास, संयुक्त डिजाइन, संयुक्त विकास और संयुक्त उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। रक्षा क्षेत्र में निवेश और नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

3 रक्षा कंपनियों के लिए खुलेगा सहयोग का रास्ता

बेल्जियम सुरक्षा और रक्षा उद्योग संघ और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के बीच समझौता ज्ञापन हुआ है। इससे भारतीय रक्षा कंपनियों को बेल्जियम के बाजार, तकनीक और विशेषज्ञता तक पहुंच का स्थायी माध्यम मिलेगा। यह आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लक्ष्य को भी मजबूती देगा।

27 मासूमों की मौत पर उबला आदिवासी समाज

बंद रहा बालाघाट...स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा, 25 लाख रुपए के मुआवजे की मांग

शहर के बाजार पूरी तरह बंद रहे और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

लोगों ने दिया धरना

जिले के बैहर और परसवाड़ा अंचलों में पिछले ढाई महीनों के दौरान खसरा, मलेरिया, डायरिया और कुपोषण जैसी बीमारियों से 27 से अधिक आदिवासी बच्चों की मौत के विरोध में आदिवासी समाज का गुस्सा फूट पड़ा है।

पीडब्ल्यूडी इंजीनियर सिंगारे के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू छापा

350 ग्राम सोना, फार्म हाउस सहित '11 करोड़' की संपत्ति

बैंक लॉकर, कृषि भूमि और अन्य दस्तावेजों की पूरी जांच के बाद संपत्ति का यह आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट/भोपाल

यहां पदस्थ लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कार्यपालन यंत्री कमल किशोर सिंगारे के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिकंजा कसा है। जबलपुर ईओडब्ल्यू की तीन टीमों ने गुरुवार सुबह 6 बजे एक साथ बालाघाट, छिंदवाड़ा और भोपाल स्थित उनके आवासों एवं अन्य परिसरों

पूर्व विधायक के ठिकानों पर छापेमारी

संजय के पार्टनर शराब कारोबारी के ठिकाने से 25 लाख कैश जब्त

कांग्रेस ने कार्रवाई को राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर

जिले के तेंदूखेड़ा से पूर्व कांग्रेस विधायक संजय शर्मा के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की करीब 24 घंटे तक चली छापेमारी गुरुवार सुबह समाप्त हो गई। इंदौर में आयोजित राहुल गांधी के कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभाल रहे पूर्व विधायक से जुड़े परिसरों पर हुई इस कार्रवाई से राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया। पूर्व विधायक के बिजनेस पार्टनर रामलाल झारिया के अनुसार, दफ्तर से शराब कारोबार से संबंधित करीब 25 लाख रुपए नकद जब्त किए गए हैं।

एटीएम से पैसा निकालना होगा महंगा

फ्री ट्रांजैक्शन 10 से घटकर अब केवल 5 ही रह जाएंगे

1 अक्टूबर 2026 से एटीएम से जुड़े नियम बदलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) में सैलरी पैकेज अकाउंट रखने वाले ग्राहकों के लिए 1 अक्टूबर 2026 से एटीएम से जुड़े नियम बदलने जा रहे हैं। बैंक ने दूसरे बैंकों के एटीएम से मिलने वाले फ्री ट्रांजेक्शन की संख्या को घटा दिया है, जिससे 5 से ज्यादा बार एटीएम इस्तेमाल करने पर जेब ढीली करनी होगी। नए नियम के तहत, दूसरे बैंकों से हर महीने मिलने वाले फ्री ट्रांजैक्शन 10 से घटकर केवल 5 रह जाएंगे।

भारतीय खेल मंत्रालय ने जारी की लिस्ट

गंभीर नहीं एशियन गेम्स के लिए वीवीएस लक्ष्मण होंगे हेड कोच

श्रेयस अय्यर संभालेंगे इस टीम की कप्तानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण को एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया है। इस महीने के आखिर में होने वाले एशियन गेम्स के लिए लक्ष्मण को भारतीय क्रिकेट टीम का हेड कोच बनाया जाएगा। गौतम गंभीर इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के हेड कोच नहीं होंगे। जिस दौरान एशियन गेम्स आयोजित होंगे, उसी समय वेस्टइंडीज की टीम भी भारत दौरे पर वनडे और टी-20 सीरीज खेल रही होगी।

मंगेतर से मिलकर लौट रहे नाबालिग समेत 3 पर हमला

हमले में दो की मौत, टीआई बोलीं बाइक गिरने से हादसे में गई जान

जिला पंचायत उपाध्यक्ष बोले- निष्पक्ष जांच हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

रतलाम के सैलाना क्षेत्र में बुधवार रात दोस्तों के साथ मंगेतर से मिलकर घर लौट रहे बाइक पर सवार तीन युवकों पर पत्थर व लाठियों से हमला हो गया। मारपीट में दो युवकों की मौत हो गई। एक साथी घायल है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि पुलिस का कहना है कि दुर्घटना में मौत हुई है। हादसा सैलाना थाने के भेरूघाटा के पास का है। घायल करण (17) पिता मनसुख मईडा निवासी धमाईखेड़ी (अडवानिया) ने बताया कि वह अपने साथी रमेश (18) पिता करसिंह भाभर एवं गोपाल (16) पिता गोवर्धन चरपोटा के साथ रमेश की मंगेतर से मिलने दौलतपुरा गांव गए थे। करण के अनुसार, वापसी में घर आते समय भेरूघाटा के पास सड़क किनारे 10 से 12 बच्चों ने हम पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। गाड़ी की स्पीड बढ़ाई तो आगे कुछ लोगों ने पत्थर एवं लाठियां बरसाना शुरू कर दी।

सोशल मीडिया बयानबाजी पर सागर में तनाव

करणी सेना के कार्यकर्ताओं को सीमा पर रोका

आजाद समाज पार्टी-करणी सेना आमने-सामने, पुलिसबल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सोशल मीडिया पर जारी तीखी बयानबाजी के चलते गुरुवार को सागर में आजाद समाज पार्टी (एएसपी) और करणी सेना के बीच विवाद की आशंका गहरा गई।

दोनों संगठनों के प्रमुख नेताओं के सागर आगमन की सूचना मिलते ही प्रशासन अलर्ट हो गया और पूरे शहर में भारी पुलिस बल तैनात कर ड्रोन कैमरों से स्थिति पर नजर रखी गई। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर घुरेटा साथियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इसमें सफाईकर्मियों को तृतीय श्रेणी के समान वेतन, ओबीसी का 13% रुका आरक्षण बहाल करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने और शिक्षा का निजीकरण रोकने जैसी मांगें शामिल थीं।

शहर में भारी पुलिस बल तैनात रहा

अब जेट नहीं... यात्री विमान उड़ाएंगे अभिनंदन वर्धमान

बालाकोट स्ट्राइक के बाद 60 घंटे पाकिस्तान की कैद में रहे थे

पाकिस्तानी जेट विमान गिराने वाले जांबाज ने छोड़ी एयरफोर्स की नौकरी

- सामान्य रिटायरमेंट 2037 में होना था, जब वे 54 वर्ष के होते
- 2021 में उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया
- एयरफोर्स से करीब एक लाख पेंशन मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान 60 घंटे पाकिस्तान की कैद में रहे पूर्व ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान ने एयरफोर्स से रिटायरमेंट ले लिया है। उन्होंने गोवा की प्राइवेट एयरलाइन फ्लाई-91 ज्वॉइन कर ली है।

उनका सामान्य रिटायरमेंट 2037 में होना था, जब वे 54 वर्ष के होते। उन्होंने 31 मार्च 2026 को वायुसेना छोड़ी और अगस्त में प्राइवेट एयरलाइन ज्वॉइन की। करीब दो दशक की सर्विस के बाद अब वे कॉमर्शियल यात्री विमान के पायलट होंगे। अभिनंदन वायुसेना में मिग-21 फाइटर उड़ाते थे। 27 फरवरी 2019 को पाकिस्तानी के एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराने के दौरान उनका विमान मिसाइल की चपेट में आ गया था। जेट से इजेक्ट होकर वे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में उतरे थे। पीओके में पाकिस्तानी फौज ने उन्हें पकड़ लिया था। भारत के जबर्दस्त दबाव के चलते करीब 60 घंटे बाद, 1 मार्च 2019 को अटारी बॉर्डर के जरिए उनकी वापसी हुई थी। 2021 में उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। ग्रुप कैप्टन अभिनंदन ने वायुसेना में 20 साल की सर्विस की है।

अभिनंदन वर्धमान

अभिनंदन को ट्रेनिंग लेनी होगी, 22 साल काम कर सकते हैं

एयरफोर्स से रिटायर पायलट डीजीसीए के नियमों के तहत जरूरी सिविल पायलट लाइसेंस, ट्रेनिंग और मेडिकल फिटनेस पूरी कर एयरलाइन में काम कर सकते हैं। हालांकि वे सीधे एयरबस या बोइंग नहीं उड़ा सकते, संबंधित विमान की टाइप रेटिंग और ट्रेनिंग जरूरी होती है। भारत में कमर्शियल एयर ट्रांसपोर्ट के पायलट की अधिकतम उम्र 65 साल है। 60-65 साल की उम्र में मल्टी-क्रू ऑपरेशन के तहत साथ उड़ने वाला दूसरा पायलट 60 साल से कम उम्र का होना चाहिए।

नेपाल में विनाशकारी बाढ़

मृतकों का आंकड़ा 1252 पहुंचा, 4,875 लोग अभी लापता

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में प्रभावित इलाकों से लगातार शव बरामद होने के साथ ही बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,252 हो गई है। नेपाल पुलिस की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा 355 शव चितवन जिले से बरामद हुए हैं। इसके बाद नवलपरासी ईस्ट से 218 और नवलपरासी वेस्ट से 208 शव मिले हैं। नवलपरासी वेस्ट के आंकड़े में भारत से बरामद कर सौंपे गए 18 शव भी शामिल हैं। इसके अलावा नुवाकोट से 177, रासुवा से 127, गोरखा से 69, धादिंग से 60 और तनाहुन से 38 शव बरामद किए गए हैं। नेपाल सेना के नेतृत्व में संयुक्त बचाव दल गुरुवार को हादसे के नौवें दिन भी प्रभावित इलाकों में तलाशी और राहत अभियान चला रहे हैं। पुलिस के अनुसार, अभी 4,875 लोगों के लापता होने का अनुमान है।

नेपाल में स्कूल के बच्चे भी अपनी क्षमता के मुताबिक बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रहे हैं। कई बच्चों ने अपने जेब खर्च और स्नैक्स के पैसे तक राहत के लिए दे दिए

कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए 410 भारतीय चीन से लौटे

हादसे के नौ दिन बाद भी प्रभावित क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी

त्रिभुवन यूनिवर्सिटी में अपनों को खोजते प्रियजन

अब तक 166 भारतीयों का रेस्क्यू

भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, अब तक 166 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा चुका है, जिनमें बुधवार को बचाए गए तीन लोग भी शामिल हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए 410 भारतीय चीन से लौटे हैं।

केंद्रीय गृह सचिव ने दिए निर्देश

बाढ़ और हिमस्खलन से निपटने हमेशा रहें तैयार

भारत के केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने हिमालयी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हिमनद झीलों से बाढ़ और हिमस्खलन के जोखिमों से निपटने की तैयारियों की गुरुवार को समीक्षा की। बैठक में प्रारंभिक चेतावनी, संवेदनशील हिमनद झीलों और बर्फ से ढके क्षेत्रों की निगरानी, उच्च जोखिम वाले स्थानों की पहचान, संभावित जल-प्रवाह मार्गों का निर्धारण, चेतावनियों का समय पर प्रसार, निकासी की तैयारियों तथा प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिवों तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी), भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और रक्षा भू-सूचना विज्ञान अनुसंधान प्रतिष्ठान (डीजीआरई) के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने पर जोर

उन्होंने संवेदनशील हिमनद झीलों की निगरानी, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करने, चेतावनियों के अंतिम छोर तक समयबद्ध प्रसार में सुधार की तैयारियों को मजबूत करने पर जोर दिया।

ठाणे के 10 कैलाश मानसरोवर यात्री लापता, परिजन दुखी

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के 10 कैलाश मानसरोवर यात्री अब तक लापता हैं। परिवार लगातार उनके सुरक्षित लौटने की उम्मीद लगाए हुए हैं, लेकिन प्रभावित इलाके में संचार व्यवस्था ठप होने से उनकी चिंता बढ़ती जा रही है। बाढ़ के दौरान तिमुरे स्थित चीनी इमिग्रेशन चेकपॉइंट के पास भारी तबाही हुई थी। इस घटना में स्थानीय संचार ढांचा भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके बाद लापता यात्रियों से संपर्क नहीं हो सका। अब तक जिले के डोंबिवली निवासी प्रकाश शांताराम माने और उनकी पत्नी प्रतिभा ही सुरक्षित वापस लौटे हैं।

बच्चों ने जेब खर्च बचाकर की मदद

नेपाल में स्कूल के बच्चों ने अपने जेब खर्च और स्नैक्स के पैसे तक राहत के लिए दे दिए। अछाम के शोडश माध्यमिक विद्यालय में बच्चों ने 5 नेपाली रुपए से लेकर 500 नेपाली रुपए तक दिए। इस तरह कुल 14,255 नेपाली रुपए जमा हुए। मंगलेसेन के प्रगतिशील बेसिक स्कूल में कुल 10,050 नेपाली रुपए जमा हुए। रौतहट के प्रेमपुर गोनाही माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने 470 नेपाली रुपए जुटाए। काठमांडू के मनमैजू माध्यमिक विद्यालय से 37,110 नेपाली रुपए जमा हुए।

खबर संक्षेप

दिल्ली में 11 सितंबर को सरकारी दफ्तर बंद

नई दिल्ली। दिल्ली में 11 सितंबर को छुट्टी रहेगी। दिल्ली सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। उपराज्यपाल ने 11 सितंबर को दिल्ली सरकार के अधीन आने वाले सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में अवकाश घोषित किया है। भारत इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित होगा।

अमेरिका के वजीर्निया स्कूल में गोलीबारी

वजीर्निया। अमेरिका के वर्जीनिया राज्य के एक प्राथमिक स्कूल में बुधवार सुबह हुई गोलीबारी में एक वयस्क घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई बच्चा घायल नहीं हुआ है। वायनेसबोरो सिटी काउंसिल के सदस्य जिम वुड ने बताया कि यह घटना अलग-थलग थी और गोली चलाने वाला अब कोई खतरा नहीं है। घायल वयस्क को अस्पताल ले जाया गया है।

चीनी छात्र ने पकड़ा 40 वैज्ञानिकों का फर्जीवाड़ा

बीजिंग। चीन में एक पूर्व पीएचडी छात्र गेंग होंगवेई के रिसर्च पेपर में गड़बड़ियां पकड़ने के बाद 40 से ज्यादा रिसर्चर्स पर कार्रवाई हुई है। चीन की प्रमुख रिसर्च फंडिंग संस्था नेशनल नेचुरल साइंस फाउंडेशन ऑफ चाइना ने 31 मामलों में कार्रवाई की है। संस्था ने संबंधित रिसर्च फंडिंग और सम्मान वापस ले लिए। उन्हें पहले मिली 1 करोड़ युआन से ज्यादा यानी करीब 15 लाख डॉलर की रिसर्च ग्रांट लौटाने का आदेश दिया गया। साथ ही तीन से सात साल तक संस्था की फंडिंग के लिए दोबारा आवेदन करने पर रोक लगा दी गई।

रक्षा कूटनीति पर अगले 10 वर्षों के लिए भारत का बड़ा रोडमैप

राजनाथ सिंह ने 'रक्षा' दस्तावेज जारी किया मित्र देशों के साथ है सहयोग बढ़ाने पर जोर

दस्तावेज में संयुक्त सैन्य अभ्यासों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने तथा मित्र देशों के साथ रक्षा क्षेत्र के सर्वोत्तम तौर-तरीकों को साझा करने की दिशा तय की गई है। इससे सेनाओं के बीच आपसी तालमेल और परिचालन क्षमता को मजबूत करने में मदद मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को रक्षा कूटनीति पर तैयार किए गए 'रक्षा' दस्तावेज का विमोचन किया। यह व्यापक दस्तावेज अगले 10 वर्षों के लिए भारत की वैश्विक रक्षा साझेदारियों के रणनीतिक रोडमैप और दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों को सक्रिय वैश्विक सहयोग से जोड़ते हुए दीर्घकालिक स्थिरता, शांति और पारस्परिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा तय की गई है।

'रक्षा' दस्तावेज भारत की रक्षा कूटनीति में दीर्घकालिक और रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसका उद्देश्य बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारत की रक्षा साझेदारियों को अधिक प्रभावी बनाना और राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बेहतर तरीके से जोड़ना है।

दस्तावेज में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने को प्रमुख स्तंभ के रूप में रखा गया है। इसके तहत मित्र और साझेदार देशों के साथ रक्षा संबंधों को और व्यापक बनाने तथा साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर

बहुपक्षीय सुरक्षा सहयोग को प्रभावी बनाएंगे

देश को वैश्विक रक्षा निर्माण केंद्र बनाने का लक्ष्य

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रक्षा कूटनीति पर तैयार किए गए 'रक्षा' दस्तावेज का विमोचन करते हुए

शीर्ष सैन्य और रक्षा अधिकारी रहे मौजूद

दस्तावेज के विमोचन के अवसर पर सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार, विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्वी) रुद्रेंद्र टंडन, वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल अजय कोचर और चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष के एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख एयर मार्शल तेजिंदर सिंह मौजूद रहे।

समुद्री सुरक्षा में भूमिका बढ़ाने पर ध्यान

समुद्री सुरक्षा को दस्तावेज के प्रमुख स्तंभों में शामिल किया गया है। इसके तहत हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' और प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में भूमिका को और मजबूत करने पर जोर दिया गया है। समुद्री सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और मानवीय सहायता के क्षेत्र में भारत की सक्रिय भूमिका को आगे बढ़ाने की दिशा तय की गई है।

स्वदेशी रक्षा उत्पादों के निर्यात को देंगे बढ़ावा

'रक्षा' दस्तावेज में स्वदेशी रक्षा विनिर्माण और निर्यात को भी रणनीतिक प्राथमिकता दी गई है। भारत में निर्मित रक्षा प्लेटफार्मों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देकर देश को एक विश्वसनीय वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे रक्षा उत्पादन के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय रक्षा सहयोग को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

रक्षा कूटनीति विदेश नीति का प्रमुख स्तंभ

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रक्षा कूटनीति भारत की विदेश नीति का एक मुख्य स्तंभ है। ऐसे में 'रक्षा' दस्तावेज अगले दशक के लिए एक स्पष्ट और व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत शांति, स्थिरता और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का मजबूत स्तंभ बना रहे। रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

संयुक्त सैन्य अभ्यास और प्रशिक्षण पर फोकस

क्षमता विकास को भी रक्षा कूटनीति के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में शामिल किया गया है। दस्तावेज में संयुक्त सैन्य अभ्यासों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने तथा मित्र देशों के साथ रक्षा क्षेत्र के सर्वोत्तम तौर-तरीकों को साझा करने की दिशा तय की गई है। इससे सेनाओं के बीच आपसी तालमेल और परिचालन क्षमता को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

सैन्य सहयोग पर मंथन

राजनाथ ने बेल्जियम के रक्षा मंत्री के साथ की द्विपक्षीय वार्ता

राजनाथ सिंह और थियो फ्रैंकन की बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को बेल्जियम के रक्षा एवं विदेश व्यापार मंत्री थियो फ्रैंकन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा एवं औद्योगिक सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा सहयोग वार्ता, उच्च स्तरीय यात्राओं, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा के मुद्दों पर भी चर्चा की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग की आवश्यकता को स्वीकार किया। उन्होंने दोहराया कि भारत और बेल्जियम के बीच साझेदारी आपसी विश्वास और सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय भारी भू-राजनीतिक और आर्थिक उथल-पुथल से गुजर रही है।

भारत की तकनीकी क्षमता प्रशंसनीय

बेल्जियम के रक्षा मंत्री थियो फ्रैंकन ने तकनीकी क्षमता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हम आपसे बहुत कुछ सीख सकते हैं। आप एक हाई-टेक्नोलॉजी वाले देश हैं। आप सबसे ज्यादा आबादी वाले देशों में से एक हैं। हमें सच में साथ मिलकर काम करने की जरूरत है क्योंकि बेल्जियम एक पुराना पश्चिमी यूरोपीय देश है जिसके पास बहुत सारी टेक्नोलॉजी है। लेकिन हमें भारत जैसे देशों की जरूरत है। हमें भविष्य के प्रोजेक्ट्स पर सहयोग करने की जरूरत है। बेल्जियम के लिए यही आगे बढ़ने का रास्ता है। फ्रैंकन ने कहा कि भविष्य के प्रोजेक्ट्स पर सहयोग के लिए बेल्जियम को भारत जैसे देशों की जरूरत है। उन्होंने याद किया कि कैसे देश ने मार्च 2025 में प्रिंसेस एस्ट्रिड के साथ भारत में अपना अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक मिशन भेजा था। इसे 'आपसी, नई दोस्ती और रिश्ते' की दिशा में पहला कदम बताया था।

रक्षा साझेदारी मजबूत करने का आह्वान

रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हाल ही में हुई भारत-बेल्जियम रणनीतिक बातचीत ने रक्षा और सुरक्षा समेत कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा तैयार की है। सिंह ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और बढ़ाने की काफी संभावना है। खासकर उनके रक्षा उद्योगों के बीच आपसी जुड़ाव को मजबूत करके। उन्होंने कहा कि हम बेल्जियम और भारत की रक्षा कंपनियों के बीच ज्यादा सहयोग का स्वागत करते हैं। भारत के साथ साझेदारी को और मजबूत करने का आह्वान किया।

यूक्रेन पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

कहा- भारत 'मध्यस्थता' के लिए तैयार, जेलेंस्की से की मुलाकात

एजेंसी:कीव

केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर गुरुवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की।

जेलेंस्की से मिलते

इससे पहले उन्होंने यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा के साथ मुलाकता की। जयशंकर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने में मदद के लिए तैयार है। उन्होंने जरूरत पड़ने पर मध्यस्थता करने की भी पेशकश की है। जयशंकर ने ब्लैक सी में भारतीयों समेत सभी नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी जोर दिया है।उन्होंने कहा कि युद्ध का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए निकाला जाना चाहिए। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने जयशंकर के कीव दौरे को अहम बताया। उन्होंने कहा कि रूसी हमलों के बीच भारतीय विदेश मंत्री की यह यात्रा खास मायने रखती है।

राजदूत सर्जियो गोर ने की पुष्टि

अगली भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता यूएस में, गोयल होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस महीने के अंत में अमेरिका की यात्रा करेंगे, जहां वह जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता पर चर्चा करेंगे। यह जानकारी भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को दी। एक कार्यक्रम में गोर ने कहा कि भारत और अमेरिका अपने व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और वार्ता में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आने वाले हफ्तों में वॉशिंगटन में जी20 वार्ता की मेजबानी के दौरान गोयल अमेरिका का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारें ऐसे व्यापारिक संबंध बनाने की दिशा में काम कर रही हैं, जो निष्पक्ष, पारस्परिक और दोनों देशों के लिए लाभकारी हों।

दही हांडी फोड़कर मनाएंगे जन्माष्टमी

जन्माष्टमी से पूर्व जम्मू में कृष्ण का वेश धरे लड़के ने दही हांडी फोड़ी

देश के कृष्ण मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

नई दिल्ली। *देशभर में शुक्रवार (4 सितंबर) को बड़े धूमधाम से जन्माष्टमी मनाई जाएगी। इसके एक दिन पहले भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा के मंदिरों में हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ी तो मुंबई में दही हांडी उत्सव का आयोजन किया गया। दिल्ली के इस्कॉन मंदिर में भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। जन्माष्टमी का त्योहार भगवान कृष्ण के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। श्रीनगर में भी जन्माष्टमी की धूम रही। कई मंदिरों में बालगोपाल की प्रतिमाओं को झूलों पर सजा गया था। राजस्थान के राजसमंद जिले के नाथद्वारा और राजधानी जयपुर के आराध्य देव गोविंददेव जी सहित सभी प्रमुख मंदिरों को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विशेष तौर पर सजाया गया। सभी मंदिरों में सुबह से भगवान के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई।*

एपीडा की मदद रंग लाई

त्रिपुरा से 18 मीट्रिक टन सुगंधित चावल ऑस्ट्रिया-नीदरलैंड भेजा

एपीडा

एजेंसी ▶▶ अगरतला

जैविक प्रमाणित चार किस्मों के 18 मीट्रिक टन चावल की खेप 2 सितंबर, 2026 को त्रिपुरा से ऑस्ट्रिया और नीदरलैंड को निर्यात के लिए रवाना की गई। इस कार्य में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा सहायता की गई थी। यह निर्यात स्थानीय किसानों के लिए नए बाजार अवसर सृजित करने और संगठित एवं निर्यात-उन्मुख उत्पादन के माध्यम से त्रिपुरा को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रमाणित पारंपरिक चावल की इस खेप में चार किस्में शामिल हैं: सुगंधित काली खासा चावल, सुगंधित हरिनारायण चावल, बिरोन चावल (सफेद चिपचिपा चावल) और मैमी हांगा चावल (काला चावल)। यह त्रिपुरा राज्य जैविक कृषि विकास एजेंसी द्वारा समर्थित पहल है।

सेशेल्स की नेशनल असेंबली की अध्यक्ष के नेतृत्व में भारत आया संसदीय प्रतिनिधिमंडल

विकास और सुरक्षा साझेदारी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी

उपराष्ट्रपति ने की मुलाकात, संसदीय डिजिटलीकरण की भी दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली की अध्यक्ष अजारेल अर्नेस्टा के नेतृत्व में भारत आए संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने सेशेल्स की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर वहां की सरकार और जनता को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अजारेल अर्नेस्टा को सेशेल्स नेशनल असेंबली की पहली महिला अध्यक्ष बनने पर भी बधाई दी। उपराष्ट्रपति ने जनवरी 2026 में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल के 28वें अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन (सीएसपीओसी) में उनकी भागीदारी का भी उल्लेख किया।

अजारेल अर्नेस्टा और सीपी राधाकृष्णन मध्य में

दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंध

दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और दीर्घकालिक संबंधों को याद करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि सेशेल्स भारत के लिए एक विशेष स्थान रखता है। उन्होंने अक्टूबर 2025 में राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए सेशेल्स की अपनी यात्रा को याद किया। राधाकृष्णन ने कहा कि इस वर्ष दोनों देशों के बीच दो राजकीय यात्राएं हुईं। भारत के पीएम ने जून 2026 में सेशेल्स में आयोजित 50वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लिया, जबकि राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने फरवरी 2026 में भारत की राजकीय यात्रा की। उन्होंने आगे कहा कि उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्ले ने फरवरी 2026 में एआई इंपैक्ट समिट में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा की।

पेपरलेस प्रणाली की दी जानकारी

उपराष्ट्रपति ने राज्यसभा सचिवालय द्वारा किए जा रहे आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण संबंधी पहलों की भी जानकारी साझा की। उन्होंने संसदीय कार्यप्रणाली के बढ़ते डिजिटलीकरण, कार्यवाही का अनेक भाषाओं में एक साथ अनुवाद, संसदीय कार्यवाही को कागज रहित और अधिक कुशल बनाने के प्रयासों, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नियमित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों तथा संसदीय दस्तावेजों के डिजिटल अभिलेखागार के निर्माण का उल्लेख किया। अजारेल अर्नेस्टा ने संसदीय कार्यप्रणाली की इन पहलों को सराहा।

भारत के विशेष आर्थिक पैकेज से बढ़ा विकास

सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सेशेल्स के संसदीय प्रतिनिधिमंडल की वर्तमान यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी को और गति प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि फरवरी 2026 में भारत ने सेशेल्स के लिए 175 मिलियन अमेरिकी डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की थी, जिससे दोनों देशों के बीच विकास और सुरक्षा साझेदारी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। उन्होंने सेशेल्स की नेशनल असेंबली के साथ भारत के अनुभव और ज्ञान को साझा करने की इच्छा व्यक्त की तथा सेशेल्स की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप अध्ययन संबंधी यात्राओं और अनुकूलित क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने की पेशकश की।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आज निकलेगी शोभायात्रा

सिहोरा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगर में आज श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। हरदौल मंदिर रोड स्थित वसुदेव विला सहित राधा-कृष्ण मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद सतीश यादव ने बताया कि सुबह 10 बजे पूजन-हवन, दोपहर 1 बजे वाहन रैली व शोभायात्रा, शाम 4 बजे अहीर नृत्य तथा शाम 6 बजे भंडारे का आयोजन होगा।

शोभायात्रा मझौली बायपास से प्रारंभ होकर कटरा मोहल्ला, झंडा बाजार, काल भैरव चौक, मैना कुआं, हरदौल मंदिर, बाबाताल, पुराना बस स्टैंड, गौरी तिराहा, आजाद चौक एवं गढ़िया मोहल्ला होते हुए आयोजन स्थल पर समाप्त होगी। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण की झांकी के साथ अखाड़ा भी शामिल रहेगा। कार्यक्रम विधायक संतोष बरकड़े, पूर्व विधायक दिलीप दुबे एवं नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे के आतिथ्य में होंगे। आयोजन समिति के डॉ. आरके यादव, छोटे पटेल, नलिन पटेल, ज्योति सुनील चक्रवर्ती, अनिल बर्मन, पवन यादव, सुनील दुबे, छत्रपति ठाकुर, डब्बू यादव एवं गुलाब सिंह ठाकुर ने नागरिकों से कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की। वहीं 5 सितम्बर को शाम 4 बजे अरुणाभ घोष स्टेडियम में लफ्ज वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता होगी।

जन्माष्टमी पर निकलेगी नृत्य गोपाल जी की शोभायात्रा

पाटन। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 30 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री नृत्य गोपाल जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नृत्य गोपाल मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। श्री नृत्य गोपाल मंदिर लोकन्यास पाटन के सरवराहकार ठाकुर रणधीर सिंह सहित विमल कुमार जैन, आचार्य जगेंद्र सिंह, जुगल किशोर अग्रवाल, राघवेंद्र शुक्ला, आशीष वैद्य एवं पं. राजशेखर त्रिपाठी ने धर्मप्रेमी नागरिकों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने घर-द्वार सजाने एवं भगवान का पूजन कर धर्मलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया।

जन्माष्टमी पर कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता आज

बरेला। जन्माष्टमी के अवसर पर नगर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शारदा नगर से आज विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी। इसके साथ ही दोपहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। संस्कार भारती द्वारा दोपहर 3 बजे से कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों में किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में खासा उत्साह है। जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के नन्हे-मुन्ने बच्चे भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप धारण कर घर-परिवार में उत्सव का उल्लास बढ़ा रहे हैं।

नवीना प्रार्थना के पांचवें दिन हुआ मिस्सा बलिदान

जबलपुर। कांचघर स्थित निर्मला चर्च में वेलांकन्नी माता के सम्मान में आयोजित नौ दिवसीय नवीना प्रार्थना के पांचवें दिन फा. ख्रीस्तुराज रेक्टर, सेंट अगस्टिन माइनर सेमिनरी ने ध्वजारोहण कर मिस्सा बलिदान अर्पित किया। उन्होंने कहा कि माता मरियम सदैव ईश्वर के वचनों पर चलीं और परमेश्वर की इच्छा पूरी करने में आज्ञाकारी एवं कर्तव्यनिष्ठ रहीं।कार्यक्रम का आयोजन सीएमएस कंपाउंड-2 के विश्वासियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पल्ली परिषद की शीला माचाड़ो, एडवर्ड जोसेफ, स्टीफन जोसेफ, डोनी डेरोजा एवं क्लारिटा ग्रेगरी सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। पल्ली पुरोहित फा. फ्रांसिस जेवियर, सचिव शैलेश जॉर्ज, क्लेमेंट पायस, मनोज अन्थोनी एवं अल्बर्ट अन्थोनी ने मसीही समाज से अधिक से अधिक संख्या में प्रार्थना में शामिल होने की अपील की।

रक्षाबंधन महोत्सव में 8500 बहनों को मिला सुरक्षा बीमा का उपहार

जबलपुर। उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय के संयोजन में मदन महल स्थित दद्दा परिसर में 'सेवक की जिज्जी' रक्षाबंधन महोत्सव-2026 आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 8500 से अधिक बहनों को सुरक्षा बीमा का रक्षा कवच प्रदान किया गया। बहनों का पुष्पवर्षा से स्वागत कर विधायक डॉ. पाण्डेय ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधे भेंट किए। विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के स्टॉल पर मौके पर ही दस्तावेजों का सत्यापन कर बीमा किया गया। दस्तावेज अधूरे रहने वाली बहनों का पंजीयन कर शीघ्र बीमा का लाभ देने की बात भी विधायक ने कही। कार्यक्रम में चूड़ी, बिंदी एवं मेहंदी के काउंटर के साथ स्वरुचि भोजन की व्यवस्था रही। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि '5S' विजन—शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, सुरक्षा एवं संस्कार के तहत हर वर्ष बहनों के सुरक्षा बीमा का नवीनीकरण कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही। बहनों ने विधायक को राखी बांधकर उनके स्वस्थ एवं यशस्वी जीवन की कामना की।

पश्चिम विधानसभा के भाजपा कार्यकर्त्ता की हुई बैठक

विचार की ताकत भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी : राकेश सिंह

जबलपुर। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विचार की ताकत ही भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यकर्ता अपने कार्य और जिम्मेदारी का बेहतर निर्वहन कर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। पश्चिम विधानसभा के नवीन विधायक कार्यालय में आयोजित बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ता, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं समिति सदस्य शामिल हुए।

राकेश सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत, सामाजिक रूप से सक्रिय और जिम्मेदार बनाना जरूरी है। इसी उद्देश्य से पश्चिम विधानसभा में कार्यकर्ता विकास केंद्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता केवल पद प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि संगठन के विचार और जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इन उपलब्धियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। बैठक में राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सुरेश देशपांडे, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी एवं पूर्व विधायक हरेंद्रजीत सिंह बब्बू मंचासीन रहे। संचालन अभय सिंह ठाकुर एवं आभार श्रीकांत साहू ने व्यक्त किया। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समन्वित कृषि प्रणाली से विद्यार्थियों को मिला प्रयोगात्मक ज्ञान

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ प्रयोगात्मक ज्ञान भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में सस्य विज्ञान विभाग की समन्वित कृषि प्रणाली इकाई विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अध्ययन केन्द्र बनी हुई है। इकाई प्रभारी नम्रता जैन ने बताया कि समन्वित कृषि प्रणाली से किसान उपलब्ध भूमि एवं संसाधनों का दक्षतापूर्वक उपयोग कर बेहतर उत्पादन और आय प्राप्त करने के साथ मृदा, फसल एवं पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं। प्रयोगात्मक अध्ययन के दौरान डॉ. निशा सप्रे ने विद्यार्थियों को विभिन्न फसलों एवं उनके साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले खरपतवारों की पहचान और प्रभाव की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने समन्वित कृषि प्रणाली के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक अध्ययन किया।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ, जबलपुर एवं नरेंद्र अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आज शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक, राइट टाउन स्थित प्रेम मंदिर के सामने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शिल्पी अग्रवाल (एम.बी.बी.एस., एम.एस.) द्वारा मरीजों की नेत्र जांच की जाएगी। इस दौरान नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद एवं चश्मे के नंबर की जांच के साथ आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं आगे के उपचार के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा। चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ.अश्विनी कुमार त्रिवेदी एवं महानगर संयोजक डॉ. विवेक जैन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे शिविर में पहुचकर नेत्र जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ उठाएं।

ओबीसी कॉलम नहीं देना आरक्षण के लिए खतरा!

जबलपुर। आम्बेडकर चौक में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं भारत मुक्ति मोर्चा ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के प्रथम चरण में एक दिवसीय धरना दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनगणना-2026 में ओबीसी के लिए अलग कॉलम नहीं दिया गया, जबकि जातियों की गिनती के लिए ओपन कॉलम रखा गया है। इससे ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या के आंकड़े स्पष्ट नहीं हो पाएंगे और आरक्षण प्रभावित होने की आशंका है। संगठन ने मांग की कि एससी-एसटी की तरह ओबीसी के लिए भी अलग विकल्प दिया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर 2 सितम्बर के बाद पुनः धरना तथा आगे 5000 तहसीलों में आंदोलन की चेतावनी दी गई। धरने में इंजी. प्रवीण गजभिए, रमन पटेल, रामराज पटेल, विनोद पटेल, देवकरण कुशवाहा, एड. मधुसूदन पटेल, एड. रविकांत भगत, एड. परमानंद साहू, लक्ष्मी नारायण पटेल, विनय भगत, अनिल वंशकार, कृष्णा चौधरी, सुरेश मेहरा, मल्लू चौधरी, दीपक पटेल, मोहित पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इकिगाई किड्स में हर्षोल्लास से मनाई गई जन्माष्टमी

जबलपुर। इकिगाई किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल में जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित मनमोहक नाटिका प्रस्तुत की। इसके बाद पारंपरिक मटकी फोड़ कार्यक्रम एवं भक्तिमय भजनों से वातावरण कृष्णमय हो गया। बच्चों ने जन्माष्टमी से जुड़ी विभिन्न रचनात्मक कला गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से परिचित कराने के साथ उनमें प्रेम, दया, आनंद, भक्ति एवं एकता जैसे मूल्यों का विकास करना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की संस्थापिका अर्पिता मालपानी एवं प्रधानाचार्या सोनिया कोचर की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

थैलेसीमिया व सिकलसेल पीड़ितों के लिए किया रक्तदान

जबलपुर। थैलेसीमिया, सिकलसेल सहित गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थैलेसीमिया जनजागरण समिति, हेल्पिंग हैंड, वीणा गारमेंट एवं पुरुस्वानी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। वीणा गारमेंट के प्रतिष्ठान में कार्यरत स्टॉफ ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान दिया। शिविर में दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्त संग्रहण मेडिकल ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर थैलेसीमिया जनजागरण समिति एवं हेल्पिंग हैंड के पदाधिकारियों ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए अन्य संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों से भी जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए रक्तदान शिविर आयोजित करने की अपील की।

स्वास्थ्य-नेत्र शिविर में उमड़ा जनसैलाब

जबलपुर। ठक्कर ग्राम के हड्डी गोदाम स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में पार्षद एवं पूर्व एमआईसी सदस्य गुलाम हुसैन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कदीर सोनी, विशिष्ट अतिथि भूरे पहलवान, सरदार हामिद हुसैन, यश घनघोरिया एवं अंबरीश मिश्रा उपस्थित रहे। शिविर में करीब 1500 मरीजों की जांच की गई। डॉ. नवीन कोठारी के नेतृत्व में विक्टोरिया अस्पताल तथा डॉ. पवन स्थापक के नेतृत्व में देवजी नेत्रालय की टीम ने सेवाएं दीं। करीब 1000 लोगों की नेत्र जांच और 500 की स्वास्थ्य जांच हुई। 555 मरीजों को चश्मे तथा 57 को मोतियाबिंद ऑपरेशन की सलाह दी गई। आयोजन में शाहिद खान, शाबान मंसूरी, मुबीन पहलवान, फिरोज खान सहित टीम फॉर गुलाम हुसैन का सहयोग रहा।

व्यक्ति पैसों से नहीं, कार्यों से बड़ा बनता है : बासुदेव गोलियान

जबलपुर। रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर इलेक्ट बासुदेव गोलियान ने कहा कि व्यक्ति पैसों से बड़ा नहीं होता, बल्कि जीवन में किए गए कार्यों से उसकी पहचान बनती है। संस्था तभी जीवंत रहती है, जब कार्यकर्ता सकारात्मक सोच के साथ अपने संकल्प पूरे करें। उन्होंने कहा कि रोटरी ने 1984 में पोलियो उन्मूलन का संकल्प लिया था और आज भारत पोलियो मुक्त है।रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में महाकौशल के विभिन्न रोटरी क्लबों के पदाधिकारियों ने गोलियान का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है और मानवता व प्रकृति की सेवा में ही ईश्वर की आराधना निहित है। उन्हें रोटरी इंटरनेशनल के सर्वोच्च 'रोटरी अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन सर्विस टू ह्यूमैनिटी' से सम्मानित किया जा चुका है। पूर्व प्रांतपाल शशांक रस्तोगी ने सेवा प्रकल्पों को बढ़ाने का आह्वान किया। संवाद सत्र में सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका गोलियान ने समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रांतपाल अखिल मिश्र एवं आभार सहायक प्रांतपाल रवि वैश्य ने व्यक्त किया। क्लब अध्यक्ष अखिल खंडेलवाल, सचिव आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन उपस्थित रहे।

अवैध नल कनेक्शन होंगे वैध लोक अदालत में बकाया कर पर छूट

जबलपुर। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने राजस्व, बाजार एवं जल विभाग की समीक्षा बैठक लेकर कर वसूली और जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने जल विभाग को अभियान चलाकर शहर के अवैध नल कनेक्शनों को नियमानुसार वैध करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को वैध कनेक्शन के माध्यम से बेहतर जल सुविधा मिल सके। आगामी 12 सितम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने बकाया संपत्ति कर, जल कर एवं अन्य कर जमा करने के लिए करदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। लोक अदालत में बकाया कर जमा करने पर नियमानुसार छूट एवं राहत का लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को आपसी समन्वय से राजस्व लक्ष्य पूरा करने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, सौरभ मिश्रा, अशफाक परवेज कुरैशी, उपायुक्त शिवांगी महाजन एवं अंकिता जैन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/165
दिनांक :- 03/09/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1.श्रीमति रजनी गोगा पति श्री महेन्द्र गोगा 2. श्रीमति करीना उचवानी पति श्री अशोक कुमार उचवानी 3. श्रीमति कोयला उचवानी पति श्री गुलाब उचवानी ने मकान नं. 910 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 2625 व.फु. भूतल 2250 व.फु. 2250 व.फु. प्रथम तल 2250 व.फु. द्वितीय तल 2250 व.फु. तृतीय तल 2250 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/166
दिनांक :- 03/09/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश सुन्दरानी पिता प्रेम चंद सुन्दरानी ने पिन क्र.1002863412 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती बैसमेंट 100 कमर्शियल काम्पलेक्स व.फु. भूतल 165 व.फु.विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

नाम/जन्मतिथि सुधार सूचना

मैं नवाब खान (Navab Khan) पिता मोह. राशिद खान (Mo. Rashid Khan) उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी- 261 नया मोहल्ला, पं.भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड, बड़ी ओमती जबलपुर म.प्र. पिन 482001 शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम नवाब खान (Nawab Khan) पिता रशीद खान (Rasheed Khan) दर्ज है। जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड में मेरा नाम नवाब खान (Navab Khan) पिता मोह. राशिद खान (Mo. Rashid Khan) दर्ज हैं जो सही है एवं मेरी जन्म तिथि पासपोर्ट में 01.01.1963 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड में मेरी जन्मतिथि 01.01.1966 दर्ज है जो कि सही है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम नवाब खान (Navab Khan) पिता मोह. राशिद खान (Mo. Rashid Khan) एवं सही जन्मतिथि 01.01.1966 दर्ज की जाये।
गलत नाम/ जन्मतिथि-नवाब खान (Nawab Khan)- 01.01.1963
सही नाम/ जन्मतिथि- नवाब खान (Navab Khan)- 01.01.1966
पिता का गलत नाम- रशीद खान (Rasheed Khan)
पिता का सही नाम- मोह. राशिद खान (Mo. Rashid Khan)

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/167
दिनांक :- 03/09/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिषेक जायसवाल पिता स्व. श्री नारायण प्रसाद जायसवाल ने मकान नं. 107/अ-4 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 500 व.फु. प्रथमतल 450 व.फु. शपथपत्र/सहमति पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

नगर पालिक निगम जबलपुर
जोन क्र.-7 आधारताल जबलपुर (म.प्र.)
क्रं/स.अधि./07/M.E.N.P.No.110/2026-27
दिनांक:- 21/8/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि क्रेता श्रीमति रश्मि पाण्डेय पति श्री शरद पाण्डेय भवन/खसरा क्रमांक 4551/8 पिन नं. 1000423206 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृह स्वामी श्रीमति धनवंती/श्री ब्रजमोहन दुबे के भाग पर वार्ड दीवान आधार सिंह पर निर्मित भूतल 1064 R.C.C व.फु. पर विक्रय पत्र, दान पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक-07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-07 अधारताल
नगर पालिक निगम, जबलपुर

प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितंबर से आरंभ होगा सेवा-संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष केवल सत्ता के नहीं बल्कि निरंतर सेवा और राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष हैं। सात अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह संवैधानिक यात्रा आज एक ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंची है।

इस गौरवपूर्ण यात्रा को जन-जन तक पंहुचाने के लिए प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर, एक माह तक सेवा-संकल्प अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को सेवा-संकल्प अभियान के संबंध में मंत्रालय में आयोजित बैठक में निर्देश दिए। इस मौके पर मंत्री उदय प्रताप सिंह, निर्मला भूरिया, नागर सिंह चौहान, राज्यमंत्री कृष्णा गौर, नरेन्द्र शिवाजी पटेल, राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री से देश के प्रधानमंत्री तक उन्होंने जन सेवा को अपना ध्येय माना और आज भी संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं।

अभियान से प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों को ले जाया जाएगा जनता के बीच

सेवा संकल्प अभियान में जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों को भी करें सम्मिलित

खास बातें

- अभियान में ऐसा मॉडल प्रस्तुत करें, जो देश में सुशासन, सेवा और जन सहभागिता का बने उदाहरण
- मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों संबंधी ली बैठक

"सेवा संकल्प अभियान " के संबंध में सीएम ने बैठक ली।

सेवा-संकल्प अभियान के अंतर्गत होंगे 13 कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में सेवा-संकल्प अभियान की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत 13 कार्यक्रम होंगे। इनमें आशीर्वाद का दीया, 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत, नमो सेवा गाथा, आंगन का उत्सव, कहानी बदलाव की, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, वड़नगर से वाराणसी, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार, रंगोली राष्ट्र, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज और जनसेवक महाकुंभ पंचायत से पार्लियामेंट तक शामिल हैं।

विकास पुस्तिकाएं जन-जन तक पहुंचाना किया जाए सुनिश्चित- महादेव के दर्शन कर किया दीपदान

सीएम ने कहा कि सेवा-संकल्प अभियान की अवधि में आने वाले प्रत्येक सभी जिलों में जनकल्याण और जन संवाद की विशेष गतिविधियां संचालित की जाएं। प्रदेश के नवाचारों को प्रमुख रूप से प्रदर्शित और प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंत्री अपने-अपने विभाग और प्रभार के जिलों में इस अभियान की नियमित समीक्षा करें। हर जिले में तिथिवार कार्य योजना तय की जाए। जिन कार्यक्रमों में लाभार्थी संपर्क में है, वहां शासन की योजनावार लाभार्थी सूची संबंधित को उपलब्ध की जाए। विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए। मप्र इस अभियान में ऐसा मॉडल प्रस्तुत करे, जिसे देश में सुशासन, सेवा और जन सहभागिता के उदाहरण के रूप में देखा जाए।

सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति

मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति अहमदाबाद अथवा वडनगर में की जाए। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर नर्मदा परियोजना और सरदार सरोवर बांध से जिन जिलों के सामाजिक-आर्थिक जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है, उन जिलों में नर्मदा परियोजना पर केन्द्रित गतिविधियां संचालित की जाएं।

बड़ी संख्या में होंगे दीप प्रज्ज्वलित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर को उज्जैन स्थित महाकाल महालोक में बड़ी संख्या में दीप प्रज्ज्वलित करने का कार्यक्रम आयोजित किया जाए। प्रधानमंत्री ने प्रदेश में जिन महत्वपूर्ण परियोजनाओं और कार्यों का लोकार्पण या भूमि-पूजन किया है अथवा अन्य कोई महत्वपूर्ण सौगात दी है, उन सभी स्थानों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

हर एक दीया विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प का प्रतीक

आशीर्वाद के दीया के अंतर्गत हर एक दीया, प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार तथा विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प का प्रतीक होगा। प्रत्येक परिवार दीप प्रज्ज्वलित करके इस संकल्प का सहभागी बनेगा।

जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक शिवपुरी को उबरने में मदद की घोषणा

किसानों का पसीना ही मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था का 'फ्यूल': डॉ. यादव

नए पैक्स कार्यालयों और अपेक्स बैंक की संभागीय शाखा शुभारंभ, ग्वालियर में बलराम जयंती महोत्सव एवं सहकारी किसान समागम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि जिसके हाथ में हल है, वही इस देश का असली बल है। उन्होंने किसानों के पसीने को मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था का 'फ्यूल' बताते हुए कहा कि सरकार खेत से लेकर खातों तक और बीज से लेकर बाजार तक हर कदम पर प्रदेश के किसानों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बलराम, बल के देवता ही नहीं, श्रम के सम्मान और कृषि गौरव के जीवंत प्रतीक हैं।

हलधर के रूप में उन्होंने देश में खेती-किसानी को विस्तार दिया और इसे लोककल्याण का माध्यम भी बनाया। डॉ यादव बुधवार को हल षष्ठी के अवसर पर ग्वालियर में हुए बलराम जयंती महोत्सव एवं सहकारी किसान समागम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक शिवपुरी को अपनी वर्तमान अवस्था से उबरने के लिए राज्य शासन की ओर से जरूरी मदद देने की घोषणा की।

सीएम हल षष्ठी के अवसर पर ग्वालियर में हुए बलराम जयंती महोत्सव एवं सहकारी किसान समागम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे

सोलह सहकारी बैंकों को डिफाल्टर होने से बचाया

सीएम ने कहा कि हमने प्रदेश के सहकारिता विभाग से जुड़े 16 बैंकों को डिफॉल्टर होने से बचाया है। उन्हें पर्याप्त राशि दी गई है। पीएम का इसी माह जन्मदिन आने वाला है। उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने वाले हैं। पीएम ने अनेकों चुनौतियों के बीच आशा का दीपक हम सबके लिए जलाए रखा है। भारत दुनिया में अपनी अलग साख बना रहा है। भारत की आर्थिक विकास दर 7.8 प्रतिशत की गति से आगे बढ़ रही है। यह अमेरिका और जापान जैसे देशों के कही अधिक है। मप्र में करीब 1 लाख 14 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत से रेल विकास के अनेक कार्य चल रहे हैं।

किसान कल्याण से जुड़े 4 महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में किसान कल्याण से जुड़े चार महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से ऑनलाइन किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल से किसान अब घर बैठे आवेदन कर सकेंगे। इस अवसर पर शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण योजना के सरलीकरण का भी शुभारंभ हुआ। इसके तहत खरीफ और रबी कृषि ऋण की अलग-अलग अदायगी की बाध्यता समाप्त करते हुए किसानों को अपनी सुविधा के अनुसार 12 माह में ऋण चुकाने की सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री ने किसान कृषक कवच योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना में ऐसे किसानों को भी ऋण और शासकीय योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया है, जिनके खातों की जांच लंबित होने से वे अब तक शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित थे।

किसानों का सम्मान ग्वालियर अंचल की विरासत : सिंधिया

केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज भगवान बलराम की जयंती के अवसर पर महोत्सव ग्वालियर में हो रहा है। यहां सहकारिता सम्मेलन का भी आयोजन हो रहा है। किसानों का सम्मान ग्वालियर अंचल की विरासत रही है। ग्वालियर-चंबल में बने बांध और जलाशयों से खेती समृद्ध हो रही है। श्योपुर क्षेत्र को नैरोगेज रेल लाइन से जोड़ा गया ताकि किसान ग्वालियर में अपना अनाज बेंच पाएं। अक्षय ऊर्जा भविष्य में किसानों को समृद्ध बनाएगी। उन्होंने कहा कि भगवान बलराम ने हल से बनी रेखाओं के माध्यम से समाज को संगठित होने का संदेश दिया था।

किसान समृद्ध होंगे, तो देश समृद्ध होगाः तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियर में लगभग 20 वर्षों से भगवान श्री बलराम जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेश के सभी जिलों में बलराम जयंती मनाने की शुरुआत की है। किसान समृद्ध होंगे, तो देश समृद्ध होगा। सहकारिता के माध्यम से भी किसान भाइयों को लाभ दिया जा रहा है। खेती में पहले कभी पंजाब और हरियाणा को अग्रणी माना जाता था, लेकिन अब मध्यप्रदेश खेती में नंबर 1 राज्य बन गया है। देश में पहली बार किसानों को शून्य ब्याज दर पर ऋण मध्यप्रदेश सरकार ने दिया है।

मुख्यमंत्री ने रीवा-सीधी हाईवे पर हुई दुर्घटना पर जताया दुःख

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा-सीधी हाईवे पर बस और बल्कर ट्रक की टक्कर में हुई यात्रियों की मृत्यु पर गहन दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना अत्यंत हृदय विदारक है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों के परिजन से अपनी आत्मीय संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और गंभीर रूप से घायलों को 1-1 लाख रुपए की सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं।

अब किसानों को सिंचाई के लिए दिन में भी उपलब्ध होगी बिजली, फसलों में दे सकेंगे पानीः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि किसानों को सतत रूप से सुविधाएं देने का कार्य किया जा रहा है, अब किसानों को सिंचाई के लिए दिन में भी बिजली की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे वे दिन के समय में भी अपनी फसलों में पानी दे सकेंगे। डॉ यादव कृषि उपज मंडी परिसर श्योपुर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव एवं किसान मेले को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने श्योपुर के किसानों से संवाद भी किया। कृषि उपज मंडी श्योपुर में किसानों के लिए नवीन विश्राम गृह निर्माण के लिए 60 लाख रूपए की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने किया किसानों से संवाद

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस अवसर पर किसानों से संवाद किया। इस दौरान ग्राम राडेप के किसान मुकुट चौधरी ने बताया कि शासन की योजना में कृषि अभियांत्रिकी के माध्यम से उन्हें पराली प्रबंधन के लिए कृषि यंत्र सब्सिडी पर प्राप्त हुए हैं, पराली प्रबंधन के लिए सुपर सीडर खरीदा था, जिस पर 1 लाख 20 हजार रूपए का अनुदान भी प्राप्त हुआ। बलराम कृषि महोत्सव एवं किसान मेले में आए किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खेती-किसानी की नवीन तकनीकी और फसलों के संबंध में लाभदायक जानकारी प्रदान की गई है। बलराम कृषि महोत्सव एवं किसान मेले के दौरान पशुपालन, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, एनआरएलएम द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

तेज रफ्तार कार ने मारी जोरदार टक्कर

स्कूटी सवार पिता-पुत्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम आमागुड़ा के पास बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार पिता-पुत्र को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी चला रहे पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, मेटगुड़ा निवासी उत्तम विश्वकर्मा (48) धनपुंजी में गुपचुप की दुकान संचालित करते थे। बुधवार रात रोजाना की तरह दुकान बंद करने के बाद वह अपने बेटे के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नगरनार-आमागुड़ा मार्ग पर पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी सवार पिता-पुत्र सड़क पर जा गिरे। हादसे में उत्तम विश्वकर्मा को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल (मेकाज) लाया गया। गुरुवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। इधर, हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना के समय बस में सवार थे 20 यात्री

बस स्टॉप से टकराई अनियंत्रित बस हादसा टला, यात्री मामूली घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कवर्धा से रायपुर आ रही यात्री बस बृहस्पतिवार को राजधानी रायपुर में रिंगरोड पर तेज बारिश के दौरान अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने बस स्टॉप से टकरा गई। इस भीषण हादसे में बस स्टॉप का ढांचा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय बस में करीब 20 यात्री सवार थे, जिनमें से कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय बस स्टॉप पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

यह दुर्घटना उस समय हुई जब यात्री बस कवर्धा से रवाना होकर रायपुर बस स्टैंड की ओर जा रही थी। रिंगरोड क्षेत्र में अचानक बारिश तेज हो गई, जिससे सड़क पर दृश्यता काफी कम हो गई। दृश्यता घटने और कठिन परिस्थितियों के कारण चालक बस पर से अपना नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद तेज रफ्तार बस सड़क से भटककर सीधे बस स्टॉप में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस स्टॉप के परखच्चे उड़ गए। बस के टकराते ही भीतर सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई और लोग चीखने-चिल्लाने लगे। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही डीडी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक तौर पर तेज बारिश के दौरान कम दृश्यता और बस की गति को हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है।

नेता, अधिकारी और कर्मचारी खा रहे गरीबों के हक का पैसाः मलैया

दमोह। विधायक जयंत मलैया ने बुधवार को अपनी ही सरकार के खिलाफ बयानबाजी की है। दमोह में कलेक्टर के साथ एक बैठक में उन्होंने नेताओं और अधिकारियों को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में नेता भी पैसा खा रहे हैं और अधिकारी भी जमकर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि कोई आगे से पैसे लेता है तो कोई पीछे से। मलैया ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन पर कहा कि अधिकारी-कर्मचारी लोग के हक का पैसा खाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास और पीएएम आवास योजना में जमकर दलाली चल रही है।

- **दमोह विधायक ने अपने ही नेताओं-अफसरों पर जड़े आरोप**

नगर सेना के गोताखोरों ने चलाया रेस्क्यू अभियान, पैर फिसलने के कारण हुई घटना

हसदेव नदी के एनीकट में नहाते समय किशोर डूबा, क्षेत्र में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच नदी-नालों में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच उरगा थाना क्षेत्र के कुदुरमाल स्थित हसदेव नदी के एनीकट में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां नहाने के दौरान 15 वर्षीय किशोर तेज बहाव में बह गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल नगर सेना के गोताखोरों की टीम किशोर की तलाश में रेस्क्यू अभियान चला रही है।

मिली जानकारी के अनुसार किशोर की पहचान सूरज महंत, पिता सुरेश महंत के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह करीब 7 बजे सूरज हसदेव नदी के एनीकट में नहा रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर तेज बहाव की चपेट में आ गया और वह पानी में बह गया। एनीकट पर मौजूद लोगों ने जब किशोर को बहते देखा तो तत्काल शोर मचाकर आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को भी दी गई। सूचना मिलते ही उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नगर सेना के गोताखोरों को भी बुलाया गया, जिसके बाद किशोर की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। मौके पर ग्रामीणों की बड़ी संख्या में भीड़ जमा है।

जलस्तर बढ़ा होने के कारण सर्चिंग कठिन

वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लगातार बारिश के कारण हसदेव नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है और एनीकट के आसपास पानी का बहाव काफी तेज है। ऐसे में गोताखोरों को किशोर की तलाश में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। टीम लगातार नदी के आसपास के हिस्सों में सर्चिंग कर रही है। आशंका है कि किशोर पानी के तेज बहाव के साथ आगे की ओर बह गया होगा। पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर डटी हुई है। आसपास के क्षेत्रों में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि लगातार बारिश के कारण जिले के कई नदी-नाले उफान पर हैं। प्रशासन द्वारा लोगों से नदी, नाले और तेज बहाव वाले स्थानों से दूर रहने की अपील की गई है। खासकर बच्चों को ऐसे स्थानों पर जाने से रोकने की सलाह दी जा रही है। फिलहाल हसदेव नदी में किशोर की तलाश जारी है और रेस्क्यू टीम की कार्रवाई पर सभी की नजर बनी हुई है।

सुनसान कमरे के अंदर मिला युवक का शव

कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के आंची दादर गांव में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक सुनसान कमरे के अंदर युवक का शव मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना के बाद कटघोरा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अभिनय रजक, पिता शंकर रजक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक का शव एक कमरे के अंदर पड़ा मिला था। ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ने के बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा कार्रवाई शुरू की। मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का होने के कारण पुलिस ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक नशे का आदी था और अक्सर शराब के नशे में रहता था। कुछ लोगों ने आशंका जताई है कि नशे की हालत में उसकी तबीयत बिगड़ने से मौत हुई होगी। हालांकि पुलिस ने अभी इस संभावना की पुष्टि नहीं की है और किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों और मृतक के परिजनों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि युवक आखिरी बार कब और किसके साथ देखा गया था। साथ ही वह सुनसान कमरे तक कैसे पहुंचा, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मौत हादसा है, आत्महत्या या किसी अन्य वजह से हुई है, इसका खुलासा जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

आरबीआई की योजना रही सफल, एनआरआई ने भर दिया भारत का 'डॉलर खजाना'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) से डॉलर जुटाने की रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की खास पहल उम्मीद से कहीं ज्यादा सफल रही। 31 अगस्त 2026 तक फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट के जरिए भारत में 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा की रकम आ चुकी थी।

■ डिपॉजिट के जरिए भारत में 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा की रकम आ चुकी

तेज इनफ्लो को देखते हुए आरबीआई ने इस स्कीम के लिए दी गई स्पेशल स्वैप फैसिलिटी की विंडो तय समय से करीब एक महीने पहले ही बंद कर दी। इस तेज डॉलर इनफ्लो से भारत का फॉरेक्स रिजर्व भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। 21 अगस्त तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 729.3 बिलियन डॉलर था। इससे कुछ ही हफ्ते पहले 24 जुलाई को यह करीब 682 बिलियन डॉलर था।

रिजर्व बैंक को समय से पहले बंद करनी पड़ी विंडो

क्या है एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट?

फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) अकाउंट एनआरआई के लिए एक फिक्स्ड टर्म डिपॉजिट होता है। इसमें एनआरआई अपनी विदेशी कमाई को भारत में विदेशी मुद्रा में जमा कर सकते हैं। उन्हें रकम को पहले भारतीय रुपए में बदलने की जरूरत नहीं होती। इस खाते की खासियत यह है कि मूलधन और उस पर मिलने वाला ब्याज दोनों विदेशी मुद्रा में ही वापस मिलते हैं। ऐसे में एनआरआई को रुपए में उतार-चढ़ाव का जोखिम नहीं उठाना पड़ता।

रुपए को मिला सहारा : इस डॉलर इनफ्लो का असर भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दिखाई दिया। 21 अगस्त तक भारत का फॉरेक्स रिजर्व बढ़कर रिकॉर्ड 729.3 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया था। 24 जुलाई को यह करीब 682 बिलियन डॉलर था। इतना बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार भारत के करंट अकाउंट डेफिसिट को फाइनेंस करने और बाहरी झटकों से निपटने में मदद कर सकता है। रुपए को भी इससे कुछ राहत मिली।

खास स्वैप फैसिलिटी का ऐलान किया गया : एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट में इनफ्लो पहले कमजोर हो गया था। वित्त वर्ष 2024-25 में इस माध्यम से 7 बिलियन डॉलर से ज्यादा की रकम आई थी, लेकिन वित्तीय वर्ष 2026 में यह घटकर सिर्फ 946 मिलियन डॉलर रह गई। इनफ्लो को फिर से बढ़ाने के लिए आरबीआई ने जून 2026 में एक खास स्वैप फैसिलिटी का ऐलान किया था। इसके तहत 3 से 5 साल की अवधि वाले नए एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट पर बैंकों को रियायती स्वैप की सुविधा दी गई।

रिजर्व बैंक की उम्मीद से कहीं ज्यादा आया पैसा : आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा को शुरुआत में करीब 80 बिलियन डॉलर के इनफ्लो की उम्मीद थी। लेकिन डिपॉजिट में पैसा आने की रफ्तार अनुमान से काफी ज्यादा रही। अगस्त की शुरुआत तक ही करीब 40.8 बिलियन डॉलर आ चुके थे। इसके बाद 31 अगस्त तक एफसीएनआर (बी) के जरिए आने वाली रकम 100 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गई। तेज इनफ्लो को देखते हुए आरबीआई ने 30 सितंबर 2026 की तय डेडलाइन का इंतजार नहीं किया और स्पेशल स्वैप फैसिलिटी की विंडो करीब एक महीने पहले ही बंद कर दी।

खाड़ी युद्ध संकट से बढ़ा डॉलर का दबाव

आरबीआई का यह कदम ऐसे समय में आया, जब मिडिल ईस्ट में जारी जंग और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने भारत के बाहरी खाते और रुपए पर दबाव बढ़ा रखा था। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल फरवरी में अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद भारत के फॉरेक्स रिजर्व में करीब 46 बिलियन डॉलर की कमी आई थी। इसी दौरान 24 जुलाई तक रिजर्व करीब 682 बिलियन डॉलर रह गया था, जबकि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया करीब 6 प्रतिशत कमजोर हो चुका था। ऐसे माहौल में आरबीआई ने एनआरआई से विदेशी मुद्रा जुटाने के लिए एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट को बढ़ावा देने की रणनीति अपनाई।

खबर संक्षेप

प्रसोल केमिकल्स का आईपीओ आठ सितंबर को खुलेगा

नई दिल्ली। विशेष रसायन बनाने वाली प्रसोल केमिकल्स लिमिटेड ने अपने 500 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 643-676 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ आठ सितंबर को खुलेगा और 10 सितंबर को बंद होगा।

आर्सिल ने आईपीओ का मूल्य दायरा किया तय

नई दिल्ली। एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड यानी आर्सिल ने अपने करीब 733 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 132-139 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ बोली के लिए नौ सितंबर को खुलेगा और 11 सितंबर को बंद होगा।

ग्लास वॉल का आईपीओ आठ सितंबर को खुलेगा

नई दिल्ली। ग्लास वॉल सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड ने अपने 428 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 172-182 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने कहा कि आईपीओ बोली के लिए आठ सितंबर को खुलेगा और 10 सितंबर को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक सात सितंबर को शेयर के लिए बोली लगा सकेंगे।

पीसी ज्वेलर ने एक और बैंक का कर्ज चुकाया

नई दिल्ली। आभूषण कंपनी पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने एक और बैंक का बकाया कर्ज चुका दिया है। यह भुगतान 30 सितंबर, 2024 को हुए एकबारगी निपटान (ओटीएस) समझौते के तहत किया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने 14 बैंकों वाले समूह में से अबतक नौ बैंकों का पूरा बकाया चुका दिया है।

कच्चे तेल के दाम में तेजी से घरेलू शेयर बाजार में चौथे दिन गिरावट



मुंबई। कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 417 टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 41 अंक फिसल गया। सेंसेक्स 417.49 अंक टूटकर 76,152.86 अंक पर बंद हुआ।हालांकि, बाद में इसने अपनी बढ़त गंवा दी। निफ्टी भी 41 अंक फिसलकर 23,873.45 अंक पर बंद हुआ।

प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बेहतर रियायती टेरिफ पर ही समझौता

भारत के नौ एफटीए देशों से 60 लाख करोड़ डॉलर व्यापार का करार

वाणिज्य मंत्री गोयल ने यूएस डील से पहले खींचीं रेड लाइन

तरजीही दर की पेशकश के बाद ही अमेरिका के साथ व्यापार करार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का अंतिम प्रारूप भारत के प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले अमेरिका के तरजीही शर्तों की पेशकश करने पर ही घोषित किया जाएगा।

गोयल ने कहा कि भारत के नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ऐसे देशों के साथ हैं, जिनका कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) करीब 60 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। ये समझौते वैश्विक व्यापार के करीब दो-तिहाई हिस्से तक तरजीही पहुंच उपलब्ध कराएंगे।

वैश्विक व्यापार के 75 फीसदी हिस्से तक पहुंच मिलेगी

गोयल ने कहा कि भारत अगले कुछ महीनों और दो-तीन वर्षों में कनाडा, मेक्सिको, चिली, मर्कोसुर, एसएसीयू (दक्षिणी अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ), जीसीसी (खाड़ी सहयोग परिषद) और इजराइल के साथ भी एफटीए करेगा। इसके साथ ही आसियान, दक्षिण कोरिया और जापान के साथ मौजूदा व्यापार समझौतों की समीक्षा के प्रयासों से भारत को वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत हिस्से तक अपने प्रतिस्पर्धियों से कम दर पर पहुंच मिलेगी।

भारत करेगा कनाडा, इजराइल, मैक्सिको से भी एफटीए

अमेरिका को 87 अरब डॉलर का निर्यात

श्रीलंका, बांग्लादेश, थाइलैंड, कंबोडिया, वियतनाम, इंडोनेशिया और मलेशिया समेत कई देश अमेरिकी बाजार में भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी हैं। इन देशों की तुलना में शुल्क में मिलने वाला लाभ अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तुओं को कीमत के मामले में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा। भारत ने 2025-26 में अमेरिका को करीब 87 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया।

मंत्रिस्तरीय बैठक 30 सितंबर से

गोयल सितंबर के अंत में अमेरिका की यात्रा करेंगे। वह मिल्वॉकी (अमेरिकी राज्य विस्कॉन्सिन का शहर) में जी-20 व्यापार मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल होने के साथ अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। बातचीत में व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से शामिल होंगे। दो दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक 30 सितंबर से शुरू होगी। अमेरिका के पास 2026 में जी-20 की अध्यक्षता है।

न्यूजीलैंड के साथ व्यापार समझौता जल्द

भारत... ब्रिटेन, मॉरीशस, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते लागू कर चुका है। उन्होंने वाणिज्य मंत्रालय द्वारा आयोजित मुक्त व्यापार समझौतों पर एक कार्यशाला में कहा, /"न्यूजीलैंड के साथ व्यापार समझौता जल्द लागू होगा और उसके बाद 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के साथ एफटीए भी लागू होगा। जैसे ही अमेरिका हमारे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में हमें तरजीही दर देने में सक्षम होगा, हम बीटीए को अंतिम रूप देंगे और इसका अंतिम प्रारूप घोषित करेंगे।

एफटीए का अधिकतम उपयोग हो

यहां 'एफटीए का लाभ उठाने के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला' को संबोधित करते हुए गोयल ने भारत के व्यापार को दुनियाभर में बढ़ाने और बेहतर बाजार पहुंच का लाभ देशभर के कारोबारियों तक पहुंचाने के लिए एफटीए का अधिकतम इस्तेमाल करने की दिशा में केंद्रित, समावेशी और राष्ट्रव्यापी प्रयास का आह्वान किया।

बांग्लादेश को सबसे कम विकसित देश का दर्जा

गोयल ने कहा कि शुल्क की वास्तविक दर उतनी महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि उसे प्रतिस्पर्धी देशों की दरों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। कपड़ा उद्योग का उदाहरण देते हुए गोयल ने कहा कि भारत को वर्षों से बांग्लादेश और वियतनाम के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मुश्किल आती रही है। बांग्लादेश को सबसे कम विकसित देश (एलडीसी) का दर्जा और वियतनाम को एफटीए का लाभ मिला हुआ था।

हिंदुस्तान जिंक को कर्नाटक में मिला खनिज ब्लॉक का पट्टा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ मल्लयनपुर गांव में 314 हेक्टेयर में फैला है दुर्लभ खनिज का पट्टा

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने कर्नाटक में दुर्लभ खनिज (आरईई) ब्लॉक के लिए खनन पट्टा हासिल किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''कर्नाटक सरकार ने राज्य के चामराजनगर जिले के गुंडलुपेट तालुका स्थित मल्लयनपुर गांव में 314.21 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले दुर्लभ खनिज और यट्रियम ब्लॉक का खनन पट्टा हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के पक्ष में प्रदान करने के मकसद से आशय पत्र (एलओआई) जारी किया है। आरईई आधुनिक तकनीक के लिए बहुत महत्वपूर्ण खनिज हैं। इनका इस्तेमाल स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन, पवन टर्बाइन, रक्षा प्रणालियों और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स समेत कई क्षेत्रों में होता है। हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने पहले कहा था कि कंपनी आरईई के क्षेत्र में अवसर तलाश रही है और महत्वपूर्ण खनिजों की खोज के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) तथा ड्रोन आधारित प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को लेकर वैश्विक साझेदारों की तलाश कर रही है।

कंपनी लिथियम, तांबा, निकल की खोज पर काम कर रही

चेयरपर्सन ने कंपनी की 59वीं वार्षिक आम बैठक में कहा था कि कंपनी तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट, पोटाश और आरईई की खोज के अवसरों पर सक्रिय रूप से काम कर रही है।

वाहन कंपनियों को ईवी सब्सिडी का दौर कुछ वर्षों में होगा बंद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ भारी उद्योग सचिव ने कहा, कंपनियां चुनौती के लिए रहे तैयार

भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिजवी ने बृहस्पतिवार को कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में अगले कुछ वर्षों में सरकारी सब्सिडी और समर्थन का दौर खत्म हो जाएगा लिहाजा वाहन कंपनियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा।

रिजवी ने वाहन विनिर्माताओं के संगठन (सियाम) के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए वाहन उद्योग को मिलकर चार्जिंग बुनियादी ढांचा तैयार करना होगा। रिजवी ने वाहन एवं कलपुर्जा विनिर्माताओं से शोध एवं विकास (आरएंडडी) पर खर्च बढ़ाने को भी कहा। रिजवी ने कहा कि सरकार के समर्थन से भारत इलेक्ट्रिक परिवहन के क्षेत्र में आगे बढ़ा है, लेकिन अगले चार-पांच साल में कई चुनौतियां सामने आएंगी। सचिव ने कहा, ''सबसे पहली बात यह होगी कि सब्सिडी और सरकार का समर्थन खत्म हो जाएगा। कुछ क्षेत्रों में यह पहले ही बंद हो चुका है। भारत में कुल तिपहिया बिक्री में ई-तिपहिया की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत है, जो 2026 के लिए तय 10 प्रतिशत के लक्ष्य से काफी अधिक है।

देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचा तैयार करना होगा

रिजवी ने कहा कि वाहन कंपनियों को देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचा तैयार करने में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने 60 उच्च प्राथमिकता वाले गलियारों में विद्युतीकरण के लिए 2,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन वर्षों में महत्वपूर्ण राजमार्गों पर चार्जिंग अवसंरचना पर्याप्त स्तर तक पहुंच जानी चाहिए।

मर्सिडीज-बेंज भारत में कई नए मॉडल पेश करेगी : सीईओ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जर्मनी की लक्जरी वाहन कंपनी मर्सिडीज-बेंज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ओला कैलिनियस ने भारत को कंपनी के लिए एक प्रमुख वृद्धि बाजार एवं प्रौद्योगिकी केंद्र बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि आने वाले वर्षों में यहां कई नए मॉडल पेश किए जाएंगे।

कैलिनियस ने वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के वार्षिक सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, ''मर्सिडीज भारत में एक स्थापित ब्रांड है। हमने वृद्धि की है और आने वाले कुछ वर्षों में कई दूसरे मॉडल पेश करने जा रहे हैं। सीईओ ने भारतीय बाजार में कंपनी के दीर्घकालिक भविष्य को लेकर भरोसा जताते हुए कहा कि मर्सिडीज-बेंज उसी के अनुरूप अपनी औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार करेगी। कैलिनियस ने भारत को रचनात्मकता एवं सृजन, नवोन्मेष, प्रतिभा, बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी दक्षता का बड़ा स्रोत बताते हुए कहा कि देश में प्रौद्योगिकी का मजबूत परिवेश और तेजी से विकसित हो रहा उत्पादन एवं आपूर्ति तंत्र भी मौजूद है। सीईओ ने भारत और जर्मनी की तुलना करते हुए कहा कि एक वैश्विक और प्रौद्योगिकी-केंद्रित वाहन विनिर्माता के रूप में सफल होने के लिए भारत में वे सभी जरूरी क्षमताएं मौजूद हैं, जो किसी कंपनी को आगे बढ़ने के लिए चाहिए।

■ सीईओ ने सियाम बैठक को आनलाइन किया संबोधित

भारत कई मामलों में जर्मनी से अलग

सीईओ ने कहा, ''भारत एक तरह से जर्मनी से अलग नहीं है। हमने जर्मनी में अपना कारोबार शुरू किया था, लेकिन भारत एक वैश्विक प्रौद्योगिकी-केंद्रित वाहन कंपनी के रूप में आगे बढ़ने के लिए जरूरी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

ल्यूमिनो इंडस्ट्रीज का शेयर 34 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। कंडक्टर एवं बिजली केबल विनिर्माता कंपनी ल्यूमिनो इंडस्ट्रीज का शेयर अपने 82 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 34 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ।

शेयर एनएसई पर 110 रुपये पर खुला, जो निर्गम मूल्य से 34.15 प्रतिशत अधिक है। बाद में यह 44.15 प्रतिशत चढ़कर 118.20 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। बीएसई पर इसने 32.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109 रुपये पर शुरुआत की। बाद में इसमें 45.11 प्रतिशत की तेजी आई और यह 118.99 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन एनएसई पर 3,508.46 करोड़ रुपये और बीएसई पर 3,505.41 करोड़ रुपये रहा।

फसाई ने सीजी फूड्स के वेज भुजिया नमकीन पर लगाई रोक

■ कहा, निरीक्षण में खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता का उल्लंघन मिला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने बृहस्पतिवार को सीजी फूड्स इंडिया को 'वेज भुजिया नमकीन' का उत्पादन रोकने का निर्देश दिया। कंपनी की अजमेर स्थित इकाई के निरीक्षण में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी कई उल्लंघन पाए गए थे।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इकाई में फर्श पर गिरे और टूटे हुए नूडल्स को ताप उपचार किए बगैर ही दोबारा इस्तेमाल कर भुजिया बनाई जा रही थी। पैकेजिंग पर पहले की तारीखें दर्ज करने और 'वाई-वाई मामा' तथा 'वाई-वाई मामा पुंटे' भुजिया के बिना लाइसेंस निर्माण का भी पता चला। नियामक ने मौके पर 32,107.2 किलोग्राम स्टॉक जब्त किया और 1,925 डिब्बों में रखे अवधि समाप्त हो चुके तैयार उत्पादों को कब्जे में ले लिया। उसने प्रयोगशाला जांच के लिए नमूने भी लिए। एफएसएसएआई ने कंपनी को उचित मंजूरी और जरूरी उपायों के बिना 'वेज भुजिया नमकीन' का उत्पादन बंद करने का निर्देश दिया है।

शाह ने किया दिल्ली स्थित मैक्स अस्पताल का उद्घाटन ...

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को साकेत स्थित मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 400 बिस्तर वाले नए टावर का उद्घाटन किया। मैक्स हेल्थकेयर ने बयान में कहा कि नए टावर के जुड़ने से साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में कुल बिस्तर की संख्या बढ़कर करीब 1,200 हो गई है। इसके साथ यह बिस्तर क्षमता के लिहाज से दिल्ली का सबसे बड़ा निजी अस्पताल बन गया है।

अदाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक नारेडको के निवेश सम्मेलन 2026 में कहा

महाराष्ट्र देश की वृद्धि का सबसे मजबूत केंद्र : प्रणव अदाणी

एजेंसी ⏭ मुंबई

अदाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अदाणी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और देश इस सदी की सबसे आकर्षक वृद्धि की कहानी बन गया है।

नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको)-महाराष्ट्र के रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा निवेशक सम्मेलन-2026 में उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और खासकर मुंबई भारत की वृद्धि की सबसे उल्लेखनीय तस्वीर पेश कर रहे हैं।

जीडीपी में सबसे अधिक 14 प्रतिशत का योगदान

अदाणी ने कहा, ''एक दशक से कुछ अधिक समय में महाराष्ट्र और मुंबई ने देश के सामने दिखाया है कि अलग-अलग परियोजना क्रियान्वयन से तेजी से, बड़े स्तर और एकीकृत दीर्घकालिक क्षमता निर्माण की दिशा में कैसे बढ़ा जा सकता है। अदाणी ने कहा कि महाराष्ट्र का देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सबसे अधिक 14 प्रतिशत का योगदान है।

महाराष्ट्र आज चारों क्षेत्रों में आगे हैं

अदाणी ने कहा कि निवेशक केवल कंक्रीट, इस्पात या जमीन में निवेश नहीं करते हैं, बल्कि वे शासन, संपर्क, परियोजनाओं के क्रियान्वयन और मानव क्षमता में भी निवेश करते हैं और महाराष्ट्र आज इन चारों क्षेत्रों में आगे है धारावी के पुनर्विकास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अदाणी समूह वहां लोगों की आजीविका की रक्षा करने, सामुदायिक नेटवर्क को बनाए रखने तथा पात्र निवासियों को सुरक्षित घर, आधुनिक बुनियादी ढांचा और बेहतर सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही

मुंबई विकास के अगले चरण के लिए तैयार

अदाणी ने कहा कि मुंबई अपने विकास के अगले चरण के लिए तैयार हो रहा है। मेट्रो नेटवर्क, तटीय सड़क, अटल सेतु, नवी मुंबई का नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और व्यापक क्षेत्र को जोड़ने वाले गलियारे राज्य तथा मुंबई के आर्थिक मानचित्र को नए सिरे से आकार दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुंबई 3.0' इस अवसर को दर्शाता है और अदाणी समूह इस यात्रा में भागीदारी को अपने के लिए गौरव मानता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्रीय बदलाव की मजबूत नींव राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे व्यापक बदलाव में है।

महाराष्ट्र प्रत्येक सात में एक रुपए का सृजन कर रहा

अदाणी ने कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्येक सात रुपये में से एक रुपये का सृजन यहीं होता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र केवल भारत की वृद्धि की कहानी में भागीदार नहीं है, बल्कि वह इसमें वित्तीय योगदान देने, निर्माण करने और कई बार देश की वृद्धि की महत्वाकांक्षा को दिशा देने का काम भी कर रहा है।

शहर का विकास नई सोच के साथ हो

अडाणी ने कहा, ''अदाणी समूह की जिम्मेदारी केवल ढांचों को बदलना नहीं है। हम शहर की जीवंत बुनियादी संरचना की जिम्मेदारी भी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में चुनौती यह नहीं है कि शहरों का विकास होगा या नहीं, क्योंकि उनका विकास निश्चित है। असली चुनौती यह है कि शहरों का विकास भरोसे, मजबूती, समावेशन और नई सोच के साथ हो।

टाटा पावर का जलपुरा खुर्जा पारेषण गलियारा शुरू



नई दिल्ली। टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश में 400 केवी (किलो वोल्ट) जलपुरा-खुर्जा पारेषण गलियारा चालू कर दिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। इस परियोजना में खुर्जा से जलपुरा तक 162 सर्किट किलोमीटर लंबी डबल-सर्किट पारेषण लाइन और जलपुरा में 1,000 एमवीए क्षमता वाला गैस-इंसुलेटेड स्विचगियर सबस्टेशन शामिल है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खुर्जा एक महत्वपूर्ण बिजली केंद्र है और यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तथा नोएडा की ओर बिजली के कुशल पारेषण में रणनीतिक भूमिका निभाता है।

चिंतन

हाइवे पर नियमों की सख्ती से अनुपालना बेहद जरूरी

देश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। लापरवाही लोगों की जान लील रही है। ऐसा नहीं है कि देश में सुरक्षा के लिए नियमों की कमी है। गति सीमा तय है, हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य हैं, भारी वाहनों के लिए पार्किंग के स्थान निर्धारित हैं और हाइवे के किनारे अतिक्रमण रोकने के स्पष्ट प्रावधान हैं। इस सबके बावजूद हादसे कम नहीं हो रहे हैं। साफ है कि समस्या नियमों की नहीं, नियमों के पालन और उन्हें लागू कराने की इच्छाशक्ति की है। कागज पर सख्त नियम सड़क पर बेअसर हो जाएं तो वे हादसे रोकने के बजाय महज औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। हाइवे पर सबसे बड़ा खतरा तेज रफ्तार और आगे निकलने की होड़ से पैदा होता है। निर्धारित गति सीमा को ताक पर रखकर वाहन दौड़ाना, अचानक लेन बदलना, गलत तरीके से ओवरटेक करना और मामूली अंतर पर कट मारना रोजमर्रा के दृश्य बन गए हैं। चालक को लगता है कि कुछ मिनट बचाने के लिए नियम तोड़ना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन यही कुछ मिनट कई बार जिंदगी भर का पछतावा दे जाते हैं। तेज रफ्तार में हुई एक छोटी-सी चूक का परिणाम केवल चालक नहीं, सड़क पर चल रहे दूसरे निर्दोष लोगों को भी भुगतना पड़ता है। हाइवे की दूसरी बड़ी विडंबना यह है कि जिस सड़क पर वाहनों को सुरक्षित गति से चलना चाहिए, उसी के किनारे अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण खतरे खड़े कर दिए जाते हैं। सड़क किनारे खड़े ट्रक और दूसरे भारी वाहन, अनधिकृत ढाबे-दुकानें और सड़क की सीमा में बने अवैध ढांचे यातायात की जगह और दृश्यता दोनों छीन लेते हैं। रात में बिना पर्याप्त रोशनी के खड़ा भारी वाहन किसी चालक के लिए अचानक सामने आई मौत की दीवार बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने टोल प्लाजा पर कैमरे लगाकर हाइवे की निगरानी और अलग निगरानी कक्ष बनाने का सवाल उठाकर एक अहम कमी की ओर ध्यान दिलाया है। कैमरे लगाना समाधान का केवल पहला चरण है। असली जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जिसमें कैमरे लगातार देखे जाएं, नियम तोड़ने वाले वाहनों की पहचान हो और सूचना मिलते ही कार्रवाई हो। निगरानी ऐसी होनी चाहिए कि नियम तोड़ने वाला बच न सके और लापरवाही करने वाले अधिकारी की भी जवाबदेही तय हो। हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर भी यही स्थिति है। ये पुलिस से बचने या चालान से छुटकारा पाने के साधन नहीं, जिंदगी बचाने वाले सुरक्षा कवच हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग इनकी अनदेखी करते हैं। प्रशासन को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि सड़क की डिजाइन, संकेतक, रोशनी, कट, पार्किंग और आपातकालीन सेवाएं सुरक्षित मानकों के अनुरूप हों। ब्लैकस्पॉट की पहचान और सूची बनाना जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि उन स्थानों को वास्तव में सुरक्षित बनाया जाए। किसी जगह को हादसों वाला क्षेत्र घोषित करके जिम्मेदारी खत्म नहीं हो सकती। वहां कारण खोजने और स्थायी सुधार करने होंगे। इसी तरह हाइवे के किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एक बार करके छोड़ देने के बजाय लगातार निगरानी रखनी होगी, वरना कुछ ही समय में वही स्थिति फिर लौट आएगी। इसलिए अब जरूरत निर्देशों की लंबी सूची बनाने से ज्यादा उनके कठोर और निष्पक्ष अनुपालन की है। गति सीमा का उल्लंघन हो या गलत ओवरटेकिंग, अवैध पार्किंग हो या अतिक्रमण, हेलमेट-सीट बेल्ट की अनदेखी हो या निगरानी तंत्र की कमजोरी हर स्तर पर जवाबदेही तय करनी होगी। नियमों का डर और सुरक्षा की समझ, दोनों साथ चलेंगे तभी हाइवे सचमुच सुरक्षित होंगे।

राम मंदिर न्यास में नए नेतृत्व से उम्मीदें

आस्था
महेन्द्र तिवारी

> अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और करोड़ों लोगों की अटूट आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका है। सदियों के संघर्ष, न्यायिक प्रक्रिया और भव्य निर्माण के बाद अब यह मंदिर एक ऐसे चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न उसके स्थायी, पारदर्शी और जनोन्मुखी संचालन का है। मंदिर का निर्माण इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय था, लेकिन उसका सफल प्रबंधन भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी संदर्भ में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जितेंद्र मिश्र को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और करोड़ों लोगों की अटूट आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका है। सदियों के संघर्ष, न्यायिक प्रक्रिया और भव्य निर्माण के बाद अब यह मंदिर एक ऐसे चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न उसके स्थायी, पारदर्शी और जनोन्मुखी संचालन का है। मंदिर का निर्माण इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय था, लेकिन उसका सफल प्रबंधन भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी संदर्भ में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जितेंद्र मिश्र को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक नियुक्ति नहीं, बल्कि उस नई सोच का परिचायक है, जिसमें आस्था के साथ सुशासन, परंपरा के साथ आधुनिक व्यवस्था और संस्कृति के साथ जवाबदेही को समान महत्व दिया जा रहा है। बिहार के सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर देश के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक न्यास की सर्वोच्च प्रशासनिक जिम्मेदारी तक पहुंचना इसी विश्वास को मजबूत करता है। बिहार और अयोध्या का संबंध भारतीय संस्कृति में अत्यंत गहरा और पवित्र रहा है। मिथिला माता सीता की जन्मभूमि है और अवध भगवान राम की जन्मभूमि। यही कारण है कि रामायण की परंपरा में मिथिला और अयोध्या सदैव एक दूसरे के पूरक रहे हैं। आज जब राम मंदिर के सर्वोच्च प्रशासनिक पद पर बिहार से जुड़े व्यक्ति की नियुक्ति होती है तो अनेक लोगों को उसमें उसी सांस्कृतिक एकात्मता की आधुनिक अभिव्यक्ति दिखाई देती है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का स्वरूप आज विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों में शामिल हो चुका है। प्रतिदिन हजारों और विशेष अवसरों पर लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इतनी विशाल संख्या में आने वाले लोगों की सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था, स्वच्छता, चिकित्सा सहायता, यातायात समन्वय और मूलभूत सुविधाओं का संचालन अत्यंत जटिल कार्य है। इसके साथ ही मंदिर को प्राप्त होने वाली दानराशि का पारदर्शी उपयोग, निर्माणाधीन परियोजनाओं का संचालन और भविष्य की विकास योजनाओं का क्रियान्वयन भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। इसलिए नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह धार्मिक भावनाओं को सर्वोच्च सम्मान देते हुए एक ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था विकसित करे जो विश्वस्तरीय मानकों पर खरी उतर सके। आधुनिक समय में किसी भी बड़े धार्मिक संस्थान की सफलता केवल उसकी भव्यता से नहीं, बल्कि उसकी व्यवस्थाओं से मापी जाती है। श्रद्धालु आज सुविधा, पारदर्शिता और सम्मान तीनों की अपेक्षा रखते हैं। दर्शन के लिए लंबी प्रतीक्षा, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, विश्राम स्थल, वृद्ध और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा जैसे विषय अब मंदिर प्रशासन के केंद्र में हैं। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग अनिवार्य हो गया है। डिजिटल व्यवस्था, पारदर्शी सूचना प्रणाली और सुव्यवस्थित सेवा प्रबंधन मंदिर को भविष्य के अनुरूप बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे। इस नियुक्ति का एक सामाजिक संदेश भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय

तक यह धारणा बनी रही कि बड़े संस्थानों का नेतृत्व केवल विशेष वर्गों या प्रभावशाली पृष्ठभूमि के लोगों तक सीमित रहता है। अयोध्या का विकास आज केवल धार्मिक पर्यटन तक सीमित नहीं है। इसे वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने की व्यापक योजना पर कार्य हो रहा है। नए परिवहन मार्ग, विस्तृत सड़कें, आधुनिक रेलवे सुविधाएं, हवाई संपर्क और नगर सौंदर्यीकरण के साथ अब पर्यावरण संरक्षण भी उतना ही आवश्यक विषय बन गया है। सरयू नदी की स्वच्छता, हरित क्षेत्र का विस्तार, कचरा प्रबंधन और टिकाऊ विकास की योजनाएं अयोध्या के भविष्य को निर्धारित करेंगी। मंदिर प्रशासन को स्थानीय प्रशासन और विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर ऐसा विकास मॉडल तैयार करना होगा, जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधा और प्रकृति दोनों का संतुलन बना रहे। स्थानीय अर्थव्यवस्था भी राम मंदिर से गहराई से जुड़ी हुई है। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन से छोटे व्यापारियों, हस्तशिल्प कलाकारों, फूल विक्रेताओं, प्रसाद निर्माताओं, परिवहन सेवाओं और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। यदि इन अवसरों को योजनाबद्ध ढंग से विकसित किया जाए तो अयोध्या केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर स्थानीय अर्थव्यवस्था का भी उदाहरण बन सकती है। नए नेतृत्व से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में भी गंभीर पहल करेगा। न्यास की भूमिका केवल मंदिर परिसर तक सीमित नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्न सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण और धार्मिक अध्ययन जैसे अनेक क्षेत्रों में भी इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। भविष्य में बड़े अस्पताल, शोध संस्थान, पुस्तकालय और भारतीय संस्कृति के अध्ययन केंद्र जैसी योजनाएं समाज को व्यापक लाभ पहुंचा सकती हैं। इन परियोजनाओं के लिए वित्तीय अनुशासन, दीर्घकालिक योजना और कठोर जवाबदेही आवश्यक होगी। दान देने वाले करोड़ों श्रद्धालु यह विश्वास रखना चाहते हैं कि उनकी आस्था समाज कल्याण में सार्थक रूप से परिवर्तित हो रही है। पारदर्शिता आज किसी भी सार्वजनिक संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। मंदिर प्रशासन को ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जिसमें प्रत्येक आर्थिक निर्णय स्पष्ट हो, प्रत्येक परियोजना की प्रगति सार्वजनिक हो और प्रत्येक दानदाता को विश्वास हो कि उसका योगदान उचित दिशा में उपयोग हो रहा है। सूचना तकनीक के माध्यम से विश्वभर के रामभक्तों को मंदिर की गतिविधियों, धार्मिक अनुष्ठानों और जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा सकता है। इससे न केवल विश्वास बढ़ेगा, बल्कि मंदिर की वैश्विक पहचान भी और मजबूत होगी। यह भी स्मरण रखना आवश्यक है कि किसी भी बड़े संस्थान का वास्तविक मूल्य उसके भवनों से नहीं, बल्कि उसकी कार्यसंस्कृति से तय होता है। यदि प्रशासन संवेदनशील, जवाबदेह और जनहितकारी होगा तो मंदिर आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु केवल दर्शन ही नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मीयता का भी अनुभव करेगा। यही वह भावना है जिसे भारतीय परंपरा रामराज्य का आधार मानती श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास में नया नेतृत्व वस्तुतः एक नए प्रशासनिक युग की शुरुआत का संकेत है। यह निर्णय बताता है कि भारत की सबसे बड़ी आस्था को अब आधुनिक प्रबंधन, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में सफलता का वास्तविक पैमाना यही होगा कि अयोध्या विश्व के सबसे अनुकरणीय आध्यात्मिक नगरों में स्थान प्राप्त करे, जहां धर्म और व्यवस्था, श्रद्धा और सेवा, परंपरा और प्रगति एक साथ विकसित होते दिखाई दें।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पर्व
सच्चिदानंद वर्मा



जन्माष्टमी का वास्तविक उत्सव अपने हृदय में मनाएं

जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला एक अत्यंत पवित्र और प्रसिद्ध त्योहार है,जो हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण देवकी और वासुदेव के आठवें पुत्र थे। उनका जन्म मथुरा की एक कारागार (कंस के कारावास) में हुआ था। अपने मामा कंस के अत्याचारों से मथुरावासियों को मुक्ति दिलाने के लिए उनका जन्म हुआ था। जन्माष्टमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मा के जागरण का आह्वान भी है। यह हमें याद दिलाता है कि जैसे श्रीकृष्ण ने अपने पुरुषार्थ से देवत्व को पाया, वैसे ही हम भी ज्ञान और योग के मार्ग पर चलकर अपने वास्तविक स्वरूप को प्राप्त कर सकते हैं। जब हम भगवान श्रीकृष्ण के साथ अधिकाधिक समस्वर होने का प्रयास करते हैं तो जन्माष्टमी का उत्सव हमारे हृदयों और आत्माओं के भीतर मनता है। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ योगी कथामृत के लेखक परमहंस योगानन्द ने गीता की अपनी व्याख्या, "ईश्वर-अर्जुन संवाद," में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए अमर सन्देश के सच्चे अर्थ की विस्तृत व्याख्या की है। योगानन्द बताते हैं कि महाभारत के नाम से प्रसिद्ध कुरुक्षेत्र के युद्ध का वास्तविक महत्व उन आन्तरिक संघर्षों में निहित है जिनका सामना प्रत्येक मनुष्य को निरन्तर अपने मन में करना पड़ता है। मानवीय जीवन के प्रत्येक खण्ड में स्वयं हमारी अच्छी प्रवृत्तियों और बुरी प्रवृत्तियों को परस्पर युद्ध करना पड़ता है। अन्ततः अच्छाई की विजय और बुराई की पराजय होती है, परन्तु इसके लिए हमें ईश्वर के निकट जाने के लिए दृढ़ प्रयास करना और उसके परिणामस्वरूप भौतिक संसार के प्रति सभी आसक्तियों को त्यागना आवश्यक है। जन्माष्टमी के इस दिवस पर हम सबको अपने अन्तरतम् में विद्यमान भगवान श्रीकृष्ण को जाग्रत करने का प्रयास करना चाहिए। जहां हमारी ऊर्जा होती है, वहीं हमारी चेतना होती है। यदि इसके प्रवाह को अंतर्मुखी कर दिया जाए तो उसी अंतर्मुखी, निर्लिप्त मन के माध्यम से हम प्रेम के उस अनंत स्रोत तक पहुंच सकते हैं जो हमें कृष्ण चैतन्य का अनुभव करा सकता है, जहां श्रीकृष्ण हमारी चेतना में जन्म लेते हैं। जन्माष्टमी कृष्ण के जन्म का उत्सव है। जब हम उनके जन्म का जश्न मनाते हैं, तो हम अपने दिलों में उनकी उपस्थिति के जन्म के लिए भी प्रार्थना कर सकते हैं। कृष्ण की बांसुरी आज भी पुकारती है। इसकी आवाज़ बाहर के शोर-शराबे में नहीं, बल्कि भीतर की शांति में सुनाई देती है। जब हम ध्यान के माध्यम से अपने भीतर मुड़ते हैं, तो हम वह जान सकते हैं जिसे कृष्ण ने अर्जुन - और हम सभी - में जगाने का प्रयास किया था, जीने का साहस, कर्म करने की बुद्धिमत्ता और अपने सच्चे दिव्य स्वरूप को जानने का आनंद। कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर महान योगी परमहंस योगानंद के विचार अत्यंत गहरे, दार्शनिक और आध्यात्मिक रूप से व्यावहारिक हैं। योगानंद ने भगवान कृष्ण को केवल एक ऐतिहासिक महापुरुष या पौराणिक चरित्र नहीं माना, बल्कि उन्हें दिव्य प्रेम और आनंद का अवतार तथा योगेश्वर के रूप में देखा है। भगवद्गीता पर अपनी प्रसिद्ध व्याख्या गॉड टॉक्स विद अर्जुन में उन्होंने कृष्ण के जीवन और संदेश के सूक्ष्म आध्यात्मिक अर्थों को उजागर किया है। जन्माष्टमी का वास्तविक अर्थ केवल बाहरी उत्सव मनाना या उपवास रखना नहीं है। इसका गहरा आध्यात्मिक अर्थ है, अपने भीतर कृष्ण चेतना को जाग्रत करना। जब एक साधक गहरे ध्यान में उतरता है, तो उसके शांत मन रूपी गर्भ में ईश्वर के आनंद और दिव्य प्रेम का जन्म होता है। यही वास्तविक जन्माष्टमी है। सही मार्ग सक्रियता में ध्यान और ध्यान में सक्रियता (संतुलित जीवन) का है। कर्तव्य कर्म करते हुए भी मन को निरंतर ईश्वर में स्थिर रखना ही कृष्ण का वास्तविक संदेश है। भगवान कृष्ण ने भगवद्गीता में जिस राजयोग और निष्काम कर्मयोग की बात की है, वह वास्तव में क्रिया योग का ही प्राचीन विज्ञान है। ध्यान और वैज्ञानिक योग तकनीकों के माध्यम से सांसों और मन को नियंत्रित करके ही अर्जुन की तरह जीवन के कुरुक्षेत्र (आंतरिक विकारों और अच्छाइयों के युद्ध) में विजय प्राप्त की जा सकती है। ईश्वर के आंतरिक आनंद के बिना कर्म करना नरक के समान कष्टकारी हो सकता है। जब कोई ध्यान के माध्यम से ईश्वर के आनंद को छू लेता है, तो वह जहाँ भी जाता है, अपने भीतर एक चलती-फिरती स्वर्ग लेकर चलता है। योगानंद ने सिखाया कि इस जन्माष्टमी पर हमें भगवान कृष्ण से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि हम उनके संतुलित जीवन के उदाहरण को अपना सकें। इस पावन समय में ध्यान और भक्ति के द्वारा उनकी नित्य-वर्तमान उपस्थिति और अनन्त प्रेम का अनुभव करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

एक नहीं, कई तरह की होती है दोस्ती!

संकलित
दर्शन

दोस्ती वो रिश्ता है जिसमें कोई शर्त नहीं होती है। चाहे वो लड़का हो या लड़की, हर कसिी की लाइफ में दोस्त का होना जरूरी है। दोस्ती एक ऐसा रिश्ता है, जो खून का नहीं होता फिर भी दिल के बेहद करीब होता है। हालांकि, दोस्ती भी कई तरह की होती है। हम सबकी जिंदगी में कई दोस्त होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हर दोस्ती एक जैसी नहीं होती है? कुछ दोस्त जिंदगी भर साथ रहते हैं, तो कुछ सिर्फ काम के वक्त याद आते हैं। लाइफर उन दोस्तों को कहा जाता है जो बचपन से लेकर लाइफ टाइम तक आपके साथ रहते हैं। चाहे हमारे लाइफ में कितनी भी परेशानियां आएं, ये दोस्त हमेशा आपके साथ रहते हैं। आप इन पर पूरी तरह भरोसा कर सकते हैं। बेस्ट फ्रेंड्स वो होते हैं जो हमारे दिल के सबसे करीब होते हैं। हम इनसे अपने दिल की सारी बातें शेयर कर सकते हैं। आप आंख बंद करके इनसे कुछ भी शेयर कर सकते हो। कैजुअल दोस्त भी अच्छे दोस्तों में गनि जाते हैं। ये भले आपसे रोजाना नहीं मलिते हैं लेकनि जब भी आस-पास होते हैं, तो आप उन्रसे आसानी से जुड़ सकते हैं। उनके साथ लंच या कॉफी पर मिलना बहुत अच्छा एक्सपीरयिंस होता है। ये आपके कलीग भी हो सकते हैं। इस तरह के दोस्त वो होते हैं जिनसे हमारी लाइफ की कई सारी चीजें मैच करती हैं। इनसे हमारी दोस्ती किसी हॉबी या एक्टिविटी के जरिए ही होती है। आपको बता दें कि हर तरह की दोस्ती हमारी लाइफ में नया रंग भर देती है। कुछ दोस्त आपको खुशी देते हैं तो कुछ सलाह और कुछ तो हमें खुद को बेहतर बनाने में भी मदद करते हैं।

तुलसीदास ने बताया श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा- उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहा- आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहा- ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछा- पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोला- तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा- क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला- जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

अंतर्मन

आज की पाती

कितनी सुरक्षित हैं महिलाएं व बालिकाएं

हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली में चलती स्लीपर बस में 16 वर्षीय छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार घटना के आरोपी बस चालक और कंडक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा बस को भी जब्त कर लिया गया है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर यह गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर देश में महिलाएं और बालिकाएं कितनी सुरक्षित हैं? इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि जिस बस में यह हैवानियत हुई, वह करीब 47 किलोमीटर तक चलती रही, लेकिन इस दौरान न तो बस को किसी चेकपोस्ट पर रोका गया और न ही किसी स्तर पर ऐसी कोई निगरानी सामने आई जिससे इस अपराध को समय रहते रोका जा सकता। - *गीता सिंह, जींद*

ट्रेंड

भारत और बेल्जियम

भारत और बेल्जियम के संबंध एक नए और बड़े लक्ष्य वाले दौर में प्रवेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के साथ बातचीत के दौरान, हमने व्यापार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की।
-**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा

दिल्ली, 5,088 बसों के देश के सबसे बड़े ईवी बस बेड़े के साथ भारत की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा में सबसे आगे है। आज 50 और ई-बसों और नई दिल्ली-रेवाड़ी सर्विस के शुरू होने से यात्रियों को साफ़-सुथरी यात्रा, बेहतर कनेक्टिविटी और मज़बूत पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क मिलेगा।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

चुनौतियों का सामना

एलबीपीए असम पूरे भारत से पुलिस बलों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यहां साइबर क्राइम से लेकर डिजिटल धोखाधड़ी जैसी नई चुनौतियों का सामना करने के लिए ट्रेनिंग को बेहतर बनाया जा रहा है। हमारा लक्ष्य एक नेशनल एकेडमी बनाना है।
- **हिमंत बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

शुद्धिकरण की रस्म

हल्द्वानी की घटना सीधे तौर पर छुआछूत का मामला है। हल्द्वानी में शुद्धिकरण की रस्मों के ज़रिए दलितों को यह संदेश दिया गया कि 'हम श्रेष्ठ हैं और वे निचली जाति के हैं', इसलिए यह शुद्धिकरण किया गया।
- **मल्लिकार्जुन खरगे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

चीन में अकादमिक कदाचार पर कार्रवाई, चार प्रोफेसर हटाए



चीन ने अकादमिक कदाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सार्वजनिक कार्रवाई शुरू करते हुए चार प्रमुख शिक्षाविदों को उनके पद से हटा दिया है और विश्वविद्यालयों तथा अस्पतालों के 40 से अधिक शोधकर्ताओं के खिलाफ जांच शुरू की है। हांगकांग से प्रकाशित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने बृहस्पतिवार को खबर दी कि चीन के राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान फाउंडेशन (एनएसएफसी) ने 26 अगस्त को देशभर के विश्वविद्यालयों और अस्पतालों में अकादमिक कदाचार के 31 नए मामलों का विवरण जारी किया। इन मामलों में 40 से अधिक शोधकर्ता शामिल हैं। एनएसएफसी की यह घोषणा चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा अकादमिक कदाचार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आह्वान करने के करीब दो महीने बाद की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में चार प्रमुख शिक्षाविदों को अपने पद गंवाने पड़े। हाई-प्रोफाइल ब्लॉगर और पीएचडी की पढ़ाई बीच में छोड़ चुके छात्र गेंग ने अप्रैल में सार्वजनिक रूप से इन शिक्षाविदों के नाम उजागर किए थे और उनके शोध में कथित कदाचार की ओर ध्यान दिलाया था। इन चारों शिक्षाविदों को राष्ट्रीय उत्कृष्ट युवा वैज्ञानिकों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान कोष से सम्मानित किया जा चुका है।

ऑफ बीट

22 मिनट का व्यायाम करेगा स्वास्थ्य जोखिमों को कम



विकसित देशों में लोग प्रतिदिन औसतन नौ से दस घंटे बैठे रहते हैं। चाहे वह कंप्यूटर के सामने समय बिताना हो, ट्रैफिक में फंसना हो, या टीवी के सामने आराम करना हो, हमारा जीवन तेजी से गतिहीन हो गया है। यह चिंताजनक है क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी होती हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं शीघ्र मृत्यु का कारण बन सकती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, दिन में केवल 22 मिनट व्यायाम करने से अत्यधिक गतिहीन जीवन शैली से समय से पहले मौत का खतरा कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक गतिहीन रहते थे, उनमें मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक था (आठ घंटे तक गतिहीन रहने वाले लोगों की तुलना में 38% अधिक जोखिम)। हालाँकि, यह केवल उन लोगों में देखा गया जो प्रतिदिन 22 मिनट से कम मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। इसलिए जिन लोगों ने 22 मिनट से अधिक व्यायाम किया, उनके लिए अब कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं था - यानी, जोखिम आम तौर पर उन लोगों के समान हो गया जो आठ घंटे तक गतिहीन थे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सीजेपी के 'स्कूल ठीक करो' अभियान को लगा सुप्रीम कोर्ट का झटका

प्रवेश पर रोक लगाने से किया इनकार, स्कूल में घुसने से पहले लेनी ही होगी सभी बाहरी व्यक्तियों को इजाजत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के 'स्कूल ठीक करो' अभियान के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। देश की सर्वोच्च अदालत ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बाहरी व्यक्तियों, पत्रकारों, यूट्यूबरों, सोशल मीडिया यूजर्स और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों के प्रवेश पर लगी रोक को हटाने से इनकार कर दिया है। स्कूलों में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, इंटरव्यू और लाइव स्ट्रीमिंग पर प्रतिबंध लगा रहेगा। 2 राज्यों में प्रतिबंधों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है।

जनहित याचिका को किया खारिज

रिट याचिका पर नहीं किया विचार

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने प्रिया मिश्रा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर इस रिट याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। यह याचिका कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'स्कूल ठीक करो' अभियान को देखते हुए महत्वपूर्ण मानी जा रही थी। याचिका में मुख्य रूप से दो राज्यों के आदेशों को चुनौती दी गई थी।

याचिकाकर्ता की दलीलें

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि ये प्रतिबंध 'शिक्षा का अधिकार' का उल्लंघन करते हैं। बच्चों की पहचान, सुरक्षा और गोपनीयता की रक्षा करना राज्य का कर्तव्य है, लेकिन बच्चों की तस्वीरें लेने और स्कूल की भौतिक स्थिति को रिकॉर्ड करने के बीच स्पष्ट अंतर होना चाहिए। ऐसे प्रतिबंधों को रद्द किया जाए और किसी भी नियम को कसौटी पर परखा जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश और राजस्थान में क्या आदेश?

राजस्थान में माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा 16 अगस्त को जारी एक आदेश में सरकारी स्कूलों के परिसर में प्रवेश करने से पहले पूर्व अनुमति और फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी के लिए लिखित अनुमति अनिवार्य की गई है।उत्तर प्रदेश में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अयोध्या द्वारा 19 अगस्त को जारी आदेश में बाहरी लोगों और सोशल मीडिया से जुड़े व्यक्तियों के प्रवेश और वीडियो बनाने पर बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के रोक लगाई गई है।

बीसीआई और मनन मामले में दिया फैसला

बार काउंसिल के पास छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार ही नहीं होता

सुप्रीम कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया की शक्तियों को लेकर बड़ी बात कही। शीर्ष अदालत ने कहा कि बीसीआई के पास अधिवक्ता के रूप में नामांकन से पहले कानून के छात्रों के आचरण की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने यह टिप्पणी बीसीआई के फैसले को लेकर संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए की, जिसे बाद में वापस ले लिया गया था।

शक्तियों की व्याख्या भी की

सीजेआई ने टिप्पणी की कि बीसीआई किसी विधि स्नातक पर शक्तियों का प्रयोग तभी कर सकता है जब वह वैधानिक निकाय में पंजीकृत हो चुका हो। कानून के छात्रों के आचरण के संबंध में, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के पास न तो अधिकार क्षेत्र है और न ही वैधानिक अधिकारिता। यह पूरी तरह से शिक्षण संस्थान या विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस बारे में कोई विवाद नहीं हो सकता। छात्र के स्नातक होने और वकील के रूप में पंजीकरण कराने के बाद, बार काउंसिल की भूमिका शुरू होती है।

खबर संक्षेप

शादीशुदा को लिव-इन के लिए नहीं मिलेगी सुरक्षा

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि



यदि कोई व्यक्ति पहले से शादीशुदा है और उसका विवाह कानूनी रूप से समाप्त नहीं हुआ है, तो वह किसी तीसरे व्यक्ति के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हुए अदालत से कानूनी संरक्षण की मांग नहीं कर सकता।

मणिपुर हिंसा में 306 की मौत, 49 लापता

इंफाल। मणिपुर के गृह मंत्री गोविंद दास कोंथौजम ने विधानसभा को बताया कि मई 2023 में भड़की

जातीय हिंसा में 306 लोग मारे गए और 49 अभी भी लापता हैं। मैतेई और कुकी में हिंसा 3 मई, 2023 को शुरू हुई थी। यह 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद शुरू हुई, जो 'अनुसूचित जनजाति' के दर्जा के लिए थी।

6.6 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, 4 अरेस्ट

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने गुरुवार को बताया कि राज्य के श्रीभूमि जिले में

6.6 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। 4 संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। सरमा ने पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान पूरी ताकत के साथ जारी रहेगा।

धरतीपकड़ नहीं रहे 252 बार लड़े चुनाव

भागलपुर। ये दुनिया में अकेले शख्स थे। नाम था- 'धरतीपकड़'। मिलनसार और सबसे बड़ी बात



बहुत रोचक है। वे इकलौते शख्स थे, जो 252 बार चुनावी मैदान में रहे और हर बार हारे। राष्ट्रपति चुनावों में बार-बार नामांकन करने के कारण भी चर्चित हुए। जमानत जब्त कराने का भी रिकॉर्ड बनाया।

'जल प्रबंधन' पर कार्यशाला में 14 राज्यों के 25 मंत्री हुए शामिल

सभी ने पानी के बेहतर संरक्षण एवं प्रबंधन के उपाय सीखे, इसे और अधिक प्रभावी बनाएंगे

वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद्धे ने मीडिया को दी इसकी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित जल प्रबंधन की कार्यशाला में 14 राज्यों ने अपने अपने अनुभव साझा किए और पानी के बेहतर संरक्षण एवं प्रबंधन के उपाय सीखे। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद्धे ने मीडिया को इस कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यशाला जल से जुड़े विभिन्न विभागों के कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने और राज्यों में जल प्रबंधन को बेहतर करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। व सहस्त्रबुद्धे के मअनुसार इससे पहले केंद्र सरकार की ओर से सभी राज्यों के जलशक्ति मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया गया था। उसके समापन के बाद भाजपा की यह कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने किया। इसके बाद आज विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए।

आयोजन की मुख्य बातें

- यह 2 दिनी कार्यशाला भाजपा मुख्यालय और नेतृत्व के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।
- उद्घाटन : इस बैठक/कार्यशाला की शुरुआत भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व व संबंधित सत्रों के साथ हुई, जिसमें जल प्रबंधन और बेहतर समन्वय पर चर्चा की
- विषय : बैठक में सिंचाई, ग्रामीण पेयजल, स्वच्छता और जल से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया

विशेषज्ञों ने स्थिति और चुनौतियों की जानकारी दी

उन्होंने बताया कि कार्यशाला में 14 राज्यों के 25 जलशक्ति मंत्रियों ने हिस्सा लिया। इनमें सिंचाई, ग्रामीण पेयजल, पेयजल एवं स्वच्छता और जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग जैसे जल से जुड़े विभागों को संभालने वाले मंत्री शामिल हैं। कार्यशाला के पहले सत्र में मंत्रालय के कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई। इसके बाद विशेषज्ञों ने 'इंडिया वाटर स्टोरी' के तहत भारत में जल संसाधनों की मौजूदा स्थिति और उनसे जुड़ी चुनौतियों पर जानकारी दी।

बेहतर समन्वय और संबंधों पर भी की चर्चा

सहस्त्रबुद्धे ने बताया कि कार्यशाला में संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय और संबंधों को लेकर भी एक सत्र



आयोजित किया गया। अन्य सत्रों में जल प्रबंधन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्यों में जल से जुड़े विभागों के कामकाज को बेहतर बनाने, अनुभव साझा करने और जल प्रबंधन को लेकर प्रभावी रणनीति तैयार करने में मदद करना है। कार्यशाला पूरी होने के बाद सभी मंत्री अपने-अपने राज्यों में नए अनुभवों को शासन में क्रियान्वित करेंगे।

प्रधानमंत्री ने अध्यक्षीय भाषण में कहा

टीम इंडिया की भावना को मजबूती दें राज्यों के बीच बेहतर सहयोग भी करें

प्रधानमंत्री ने पानी पर आधारित शिखर सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की। यह शिखर सम्मेलन टीम इंडिया की भावना को मजबूत करने, सहकारी संघवाद को गहरा करने और केंद्र तथा राज्यों के बीच बेहतर सहयोग से राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप रहा।

समीक्षा के साथ निरंतर सीखने की प्रक्रिया जारी रखें

प्रधानमंत्री ने गहन चर्चा की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि शिखर सम्मेलन से निकले कार्यान्वयन योग्य और समय-सीमा वाले कार्य बिंदुओं की समीक्षा और सीखने की निरंतर प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि यह शिखर सम्मेलन केवल एक बार की गतिविधि बनकर नहीं रहनी चाहिए।

निकायों को जागरुकता पर जोर

प्रधानमंत्री ने शहरीकरण से जुड़ी चुनौतियों, जैसे आबादी का बढ़ना और भविष्य में पानी की ज़रूरतों के बारे में शहरी स्थानीय निकायों को जागरूक करने पर ज़ोर दिया और उनके लिए भी ऐसे ही चिंतन शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया। पानी बचाने तकनीकों को अपनाएं।

सीएम रेड्डी ने की कार्रवाई

'बेटी के बयान' पर वन मंत्री सुरेखा को कैबिनेट से हटाया

रेवंत ने यह कार्रवाई सुरेखा की बेटी कोंडा सुष्मिता की कथित टिप्पणियों को लेकर उठे विवाद के बीच की

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने वन मंत्री कोंडा सुरेखा को मंत्रिमंडल से हटा दिया है। यह कार्रवाई सुरेखा की बेटी कोंडा सुष्मिता की कथित टिप्पणियों को लेकर उठे विवाद के बीच की गई है। इस मामले को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायकों ने सुरेखा से माफी मांगने की मांग की थी। इसके बाद सुरेखा ने अपना पक्ष पार्टी के सामने रखा था। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब राज्य कांग्रेस की अनुशासन समिति ने कुछ दिन पहले ही सुरेखा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की थी। सुरेखा के खिलाफ यह कार्रवाई दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान के साथ बैठक के बाद की गई है। मामले को सुलझाने कांग्रेस ने सुरेखा को दिल्ली तलब किया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, रेड्डी और उप मुख्यमंत्री दिल्ली गए थे।

राजस्थान में फिर मॉब लिंचिंग

आदिवासी महिला के बाल मूंडे कपड़े भी फाड़े और फिर पीटा

बांसवाड़ा। यहां इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला के साथ महिलाओं की भीड़ ने मारपीट की। भीड़ ने

आदिवासी महिला का पहले सिर मुंडवाया फिर उसे चारों तरफ से घेर लिया। उसके कपड़े भी फाड़े। फिर लाठियों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। घटना के दौरान आदिवासी महिला ने खुद को बचाने मदद भी मांगी लेकिन अन्य महिलाओं ने उसकी एक बात नहीं सुनी। कई महिलाएं और पुरूष इस घटना का वीडियो भी बनाते नजर आए। पुलिस के अनुसारवे पिटने वाली महिला के ससुराल पक्ष से जुड़े हुए हैं।

राम मंदिर ट्रस्ट में बदलाव

नए सीईओ जीतेंद्र जिम्मेदारी तय करने समेत करेंगे 5 काम

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन के करीब छह साल बाद राम मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव हुआ है। सीईओ के पद पर एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्र की नियुक्ति का सफर सामान्य प्रशासनिक जरूरत से शुरू होकर चढ़ावे की चोरी के विवाद, एसआईटी जांच और व्यवस्था में खामियों की पड़ताल से गुजरते हुए यहां तक पहुंचा है। राम मंदिर के संचालन का पूरा मॉडल बदल जाएगा। अब तक ट्रस्ट पदाधिकारी,

समितियां और अधिकारी मिलकर मंदिर की व्यवस्थाएं संभालते रहे हैं। अब नीति और क्रियान्वयन के बीच स्पष्ट विभाजन, विभागवार जवाबदेही, वित्तीय निगरानी, कर्मचारी प्रबंधन, श्रद्धालु सुविधाओं और परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए एक केंद्रीकृत कार्यकारी व्यवस्था बनने की संभावना है।

बिजली खंभे पर चढ़े विभाग के सीएमडी

कर्मियों की सुरक्षा से समझौता नहीं, मानकों की जांच भी की

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना स्टेट पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और एमडी जितेश वी. पाटिल ने गुरुवार सुबह मल्लाराम गांव में 'बस्ती बाटा' (फील्ड विजिट) प्रोग्राम के तहत सुरक्षा मानकों की जांच करने बिजली के खंभे पर चढ़े। मल्लाराम गांव (चेवेल्ला सेक्शन) में बस्ती बाटा प्रोग्राम के तहत पाटिल ने फ़ील्ड में विभाग के कर्मचारियों द्वारा अपनाए जा रहे सुरक्षा मानकों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया। पावर लाइन के रख-रखाव और

खंभे से जुड़े काम के दौरान कर्मचारियों को जिन सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करना होता है, उनकी व्यक्तिगत रूप से जांच करने के उद्देश्य से सीएमडी ने सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल, काम करने के तरीकों और सुरक्षा सावधानियों के पालन की समीक्षा करने के लिए बिजली के खंभे पर चढ़ाई की।

सीएसएमटी-सावंतवाड़ी में दैनिक एक्सप्रेस के उद्घाटन पर बोले वैष्णव

कार्यक्रम को वीसी से किया संबोधित

नए पूर्व-पश्चिम रेल गलियारे से महाराष्ट्र के लोगों को होगा लाभ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि बजट में घोषित नया पूर्व-पश्चिम रेल गलियारा महाराष्ट्र के कई ऐसे क्षेत्रों को जोड़ेगा, जो अभी रेल मार्ग से नहीं जुड़े हुए हैं। इससे राज्य के औद्योगिक और ग्रामीण विकास को गति मिलेगी।

वैष्णव ने नई सीएसएमटी-सावंतवाड़ी रोड दैनिक एक्सप्रेस के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्तावित सूरत-दनकुनी पूर्व-पश्चिम गलियारे में माल और यात्री

सेवाओं के लिए अलग व्यवस्था होगी। इससे पश्चिमी महाराष्ट्र, नासिक और अन्य क्षेत्रों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हाल में पूर्वी और पश्चिमी समर्पित माल गलियारों को जोड़ने तथा इनके साथ नए औद्योगिक विकास क्षेत्र विकसित करने का सुझाव दिया था।

माल गलियारों का काम लगभग पूरा हो गया

वैष्णव ने कहा कि पूर्वी और पश्चिमी समर्पित माल गलियारों का काम पूरा हो चुका है। इससे जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह से देश के उत्तरी, पूर्वी एवं मध्य हिस्सों तक माल की आवाजाही सुगम होगी और महाराष्ट्र के औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उपनगरीय रेल नेटवर्क पर उन्होंने कहा कि शहर में फिलहाल करीब 3,200 लोकल ट्रेन सेवाएं चल रही हैं। इन सेवाओं में करीब 10फीसदी की वृद्धि से यात्रियों की आवाजाही बेहतर होगी।

तस्करी मामले में केरल,तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना में छापे

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने की कार्रवाई

मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में 4 राज्यों में छापे

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को दक्षिण भारत के चार राज्यों तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल में एक साथ कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सीमा पार से जुड़े मादक पदार्थों की तस्करी के कई मामलों से संबंधित धन शोधन जांच के तहत की गई। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही जांच के सिलसिले में 30 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इनमें तमिलनाडु के चेन्नई, तिरुनेलवेली, नागपट्टिनम,

वेलंकन्नी और रामनाथपुरम, कर्नाटक के कोलार, मालूर (कोलार जिला) और होसकोटे (बेंगलुरु उत्तर जिला), तेलंगाना के सेरिलिंगमपल्ली, नानकरामगुडा (हैदराबाद) और रंगारेड्डी जिले तथा केरल के कोझिकोड, कन्नूर, मलप्पुरम और त्रिशूर स्थित परिसर शामिल हैं।

बैंक ऋण धोखाधड़ी में कोलकाता में भी छापा

कोलकाता। ईडी ने 290 करोड़ के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कोलकाता में कई जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि यह जांच 'कोहिनूर पॉवर' के खिलाफ हो रही है। कंपनी ने झारखंड में 66 मेगावॉट का बिजली संयंत्र लगाने के लिए बैंकों से कर्ज लिया था, लेकिन उस धन को समूह की अन्य कंपनियों में हस्तांतरित कर दिया गया या उन्हें निजी इस्तेमाल में खर्च किया गया।

केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में दिया जवाब

सीबीएसई की त्रिभाषा नीति के सुझावों पर अमल कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि वह 9वीं के विद्यार्थियों के लिए दो भारतीय भाषाओं समेत त्रिभाषापढ़ने की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की नीति को लागू करने के बारे में



उसके सुझावों पर काम कर रही है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की खंडपीठ को बताया कि सीबीएसई अलग-अलग तौर-तरीकों पर काम कर रहा है। उन्होंने इसके लिए समय मांगा। उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई एक हफ़्ते के लिए टाल दी।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भाटी ने कहा

बच्चों पर दबाव नहीं पड़ना चाहिएः कोर्ट

शीर्ष अदालत ने 20 अगस्त को कहा था कि बच्चों पर दबाव नहीं पड़ना चाहिए। शीर्ष अदालत ने सीबीएसई की नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए त्रि-भाषा नीति से जुड़ी समस्याओं का समाधान खोजने पर बल दिया था।उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि नीति लाने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन याचिकाकर्ताओं को सिर्फ इस बात की चिंता थी कि इसे किस तरह से लागू किया जा रहा है।

इसे लागू करने में कोई गलत नहीं

खंडपीठ ने कहा था कि आप कुछ समस्याओं पर फिर से विचार कर सकते हैं। देर-सबेर इसे लागू करना ही होगा। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन इसे कैसे बेहतर ढंग से लागू किया जाए ताकि जो भी रुकावटें या बाधाएं आ रही हैं, उनका कोई समाधान निकाला जा सके।

अदालत ने बोर्ड से मांगा था जवाब

शीर्ष अदालत 27 मई को इस नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गई थी तथा उसने केंद्र, सीबीएसई एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा था। सीबीएसई के एक परिपत्र के अनुसार एक जुलाई से 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए त्रिभाषा की पढ़ाई अनिवार्य कर दी गई है, जिनमें कम से कम 2भारतीय भाषाएं शामिल हों।



नीम करोली बाबा की दिव्य गाथा का आएगा सीक्वल

मुंबई। 'हनुमान अंश' ने बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म की सफलता के बाद निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने नीम करोली बाबा के जीवन पर आधारित सीक्वल का ऐलान कर दिया है। फिल्म के पहले पार्ट के अंत में ही इस बात का संकेत दे दिया गया था कि प्रसिद्ध संत नीम करोली बाबा की कहानी अभी बाकी है। अब निर्देशक ने पुष्टि की है कि फिल्म का दूसरा अध्याय फिलहाल राइटिंग और डेवलपमेंट स्टेज में है। एक बातचीत के दौरान निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने बताया कि 'हनुमान अंश 2' में बाबा के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों को दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

रिया जिद करके थिएटर में आईं

मॉडल और अभिनेत्री रिया अहीर हाल ही में मुंबई में नीट छात्रों के समर्थन में हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस वैन रोकने के बाद चर्चा में आई थीं। इसके बाद उनका नाम 'बिग बॉस 20' में एंट्री की दौड़ से भी जुड़ा। लेकिन रिया अहीर की कहानी सिर्फ उस वायरल वीडियो तक सीमित नहीं है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक बातचीत में उन्होंने बताया कि महज साढ़े चार साल की उम्र में थिएटर शुरू करने के बाद उन्होंने देशभर में 100 से ज्यादा शो किए। वहीं, अमिताभ बच्चन के सामने अभिनय करने का एक ऐसा किस्सा भी साझा किया, जिसे वह आज तक नहीं भूल पाई हैं। रिया की बड़ी बहन जहां थिएटर करती थीं, वहीं जाने की जिद रिया ने भी पापा से की। इसके बाद उन्होंने भी मंच पर कदम रख दिया। 'मैं साढ़े चार साल की थी, तब से थिएटर कर रही हूं। मेरी बहन थिएटर करती थीं। मैंने पापा से कहा कि मुझे भी थिएटर करना है। फिर मैं वहां गई और उसके बाद मैंने कभी मुड़कर नहीं देखा। उसी हफ्ते मैंने पहली बार पृथ्वी थिएटर में परफॉर्म किया।' बचपन में शुरू हुआ थिएटर रिया की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया। उन्होंने अलग-अलग जगहों पर मंच पर काम किया और देशभर में प्रस्तुतियां दीं। 'करीब 13 साल थिएटर करने के बाद मैंने पूरे भारत में परफॉर्म किया है। 100 से ज्यादा शो किए हैं। बड़े कलाकारों के साथ परफॉर्म किया है। अटारी बॉर्डर पर भी मैंने परफॉर्म किया है। उन्होंने मुझे एक मोमेंटो भी दिया था। हालांकि, मुझे वहां की चॉकलेट्स याद हैं। मोमेंटो अब याद आ रहा है।'

हॉलीवुड मसाला

द रोज के लिए ऑस्कर में हुए थे नॉमिनेट

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड डायरेक्टर मार्क राइडेल ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। 97 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म ऑन गोल्डन पॉन्ड और बेट्टे मिडलर की दो मशहूर फिल्मों द रोज और द बॉयज' के लिए वह ऑस्कर के लिए नॉमिनेट हुए थे। अभिनेत्री बेट्टे मिडलर ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में मार्क राइडेल को याद करते हुए लिखा, 'मेरी पहली फिल्म 'द रोज' के डायरेक्टर मार्क राइडेल का निधन हो गया। डायरेक्टर बनने से पहले वह एक जाने-माने एक्टर थे। मैं बहुत खुशकिस्मत थी कि उनसे मिली।

हैरी पॉटर सीरीज का नया ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। एचबीओ ने अपनी आने वाली नई 'हैरी पॉटर' टेलीविजन सीरीज का नया और शानदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज जे.के. रोलिंग के पहले उपन्यास 'हैरी पॉटर एंड द फिलोसोफर्स स्टोन' पर आधारित होगी। इस नई सीरीज में नए कलाकारों को शामिल किया गया है। डोमिनिक मैकलॉघलिन मुख्य किरदार 'हैरी पॉटर' के रूप में नजर आएंगे। उनके साथ अलेस्टेयर स्टाउट और अरेबिला स्टैंटन रॉन और हर्माइनी की भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा पापा एसीयूडू प्रोफेसर सेवरस स्नेप के किरदार में दिखेंगे। यह सीरीज इस साल क्रिसमस के मौके पर यानी 25 दिसंबर को एचबीओ मैक्स पर रिलीज होगी। एपिसोडः पहले सीजन में कुल 8 एपिसोड होंगे, जिन्हें हर हफ्ते एक-एक करके रिलीज किया जाएगा।



पर्दे पर भगवान कृष्ण बनेंगे रामचरण

नई दिल्ली। गुजराती सिनेमा के इतिहास में तहलका मचाने वाली फिल्म 'लालो - कृष्ण सदा सहायते' को लेकर एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने के बाद अब इस फिल्म के तेलुगु रीमेक बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस प्रोजेक्ट से राम चरण सहित एक अन्य हस्ती का नाम जुड़ने से पूरी फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। इस ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद निर्माता महावीर जैन अब इस कहानी को तेलुगु सिनेमा के बड़े पर्दे पर उतारने के लिए एडवांस बातचीत कर रहे हैं। इस रीमेक की सबसे बड़ी यूएसपी राम चरण का कैमियो (विशेष भूमिका) माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म में राम चरण भगवान कृष्ण का एक बेहद आधुनिक, करिश्माई और समकालीन किरदार निभा सकते हैं।



3 इडियट्स के सीक्वल पर दी बड़ी अपडेट

मुंबई। '3 इडियट्स' बॉलीवुड की सबसे ज्यादा मशहूर फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के रिलीज होने के लगभग दो दशक बाद निर्देशक राजकुमार हिरानी ने इसके संभावित सीक्वल के बारे में एक बड़ी जानकारी दी है। हिरानी ने कंफर्म किया कि वह और उनकी राइटिंग टीम एक ऐसी कहानी पर काम कर रहे हैं, जो किरदारों को वापस ला सकती है। '3 इडियट्स' में आमिर खान, आर माधवन और शरमन जोशी ने काम किया था। हिरानी ने साफ किया कि प्रोजेक्ट अभी भी राइटिंग स्टेज में है और इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि यह कभी बनेगा भी या नहीं। उन्होंने कहा 'हम तभी आगे बढ़ेंगे जब राइटिंग सही से हो जाएगी। हम इसे तभी बनाएंगे जब सब कुछ ठीक से हो जाएगा, वरना नहीं बनाएंगे। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया है।

टीवी मसाला

अक्षय के सवाल पर बिग बी ने दिया ऐसा जवाब, खिलाड़ी ने जोड़ लिए हाथ

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15' के मंच पर अक्षय कुमार ने होस्ट अमिताभ बच्चन से ऐसा सवाल कर दिया कि बाद में उन्हें खुद ही हाथ जोड़ने पड़ गए। क्विज बेस्ड शो केबीसी के अपकमिंग एपिसोड में अक्षय कुमार को-स्टार सैफ अली खान के साथ हॉटसीट पर बैठे हुए अमिताभ बच्चन के सवालों का जवाब देते हुए नजर आएंगे। हालांकि, इस एपिसोड में सवाल सिर्फ अमिताभ ही नहीं, बल्कि अक्षय भी पूछने वाले हैं। केबीसी के अपकमिंग एपिसोड का नया प्रोमो सामने आया है जिसमें अक्षय कुमार, अमिताभ बच्चन से अंदर की बात निकालते हुए नजर आ रहे हैं। एक्टर के सवाल पर बिग बी ने ऐसा जवाब दिया जिसके बाद एक्टर ने अपने हाथ ही जोड़ लिए। दरअसल, बात इम्तिहान (एग्जाम) में पास होने की आई। बिग बी ने अक्षय से कहा, 'इतनी बदमाशी करते थे आप बाहर, इम्तिहान कैसे पास करते थे?' एक्टर ने स्वीकार किया कि वह चीटिंग करके पास होते थे। इसके बाद अक्षय कुमार ने बिग बी से पूछ लिया कि क्या उन्होंने कभी चीटिंग की है? तब अमिताभ बच्चन ने कहा, 'सच बात तो यह है कि मैंने भी थोड़ी बहुत चीटिंग की है।' इसके बाद खिलाड़ी कुमार ने अपने हाथ जोड़ लिए और ऑडियंस से कहा कि यह गलत बात है। आप लोग ऐसे ताली मत बजाओ। प्रोमो आते ही दर्शक इस एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मालूम हो कि अक्षय कुमार, सैफ अली खान के साथ फिल्म 'हैवान' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

दूरदर्शन पर लौट रहा है सुराग- द क्लू

नई दिल्ली। एक दौर ऐसा भी था, जब टीवी पर सबसे ज्यादा दूरदर्शन का सिक्का बोलता था। दूरदर्शन ने 80 से लेकर 2000 तक के बच्चों को शक्तिमान, रामायण, महाभारत, भारत, हम लोग, बुनियाद जैसे कई यादगार शो दिए हैं। जिनकी कहानियां आज भी कहीं न कहीं फैंस के मन में बसी हुई हैं। अब 27 साल के बाद दूरदर्शन पर सबसे ज्यादा देखा गया स्पाई थ्रिलर शो एक बार फिर से ऑनएयर होने जा रहा है। जिसके नए सीजन में दर्शकों को एकदम अलग और फ्रेश कहानी देखने को मिलेगी। जिस कल्ट शो का नया सीजन दूरदर्शन पर लौट रहा है,

वह सुराग- द क्लू है, जो एक समय पर दूरदर्शन का वन ऑफ द बेस्ट शो हुआ करता था और लोकप्रियता के मामले में सीआईडी से कहीं ज्यादा आगे था। अब 27 साल बाद डीडी नेशनल ने अपने सोशल मीडिया पेज पर इस शो के लौटने की खुशखबरी फैंस के साथ बांटी है।

भगवान कृष्ण पर बनी ये फिल्में कर देंगी भावविभोर श्रीकृष्ण लीलाओं का किया गया है भव्य चित्रण

नई दिल्ली। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार पूरी दुनिया में श्रद्धाभाव और धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान कृष्ण फिल्मकारों का भी प्रिय विषय रहे हैं और अक्सर इस किरदार को अलग-अलग कहानियों के जरिए पर्दे पर लाया गया है। उनकी लीलाओं को समेटते हुए कई फिल्मों का निर्माण किया गया है। जन्म से लेकर महाभारत के युद्ध तक, कृष्ण की गाथाएं सिनेमा का हिस्सा बनती रही हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर ऐसी ही कुछ फिल्मों की बात।

श्रीकृष्ण पर बनी प्रमुख फिल्में

श्री कृष्ण जन्म (1918) : पौराणिक कथाएं सिनेमा की हमेशा से पसंद रही हैं। इसका कारण हैं लोगों का इससे भावनात्मक रूप से जुड़ाव। इसलिए, हिंदी सिनेमा में इस विषय पर ढेर सारी फिल्में बनीं। उनमें से भगवान कृष्ण पर भी कई फिल्में बनाई गईं। भगवान कृष्ण फिल्म बनने की शुरुआत दादा साहेब फाल्के के समय में हुई। 'श्री कृष्ण जन्म'का निर्देशन दादा साहेब फाल्के ने किया है। यह 1918 में आई थी। यह एक साइलेंट फिल्म थी। हालांकि, इस फिल्म का आखिरी एपिसोड ही है। इस फिल्म में दादा साहेब फाल्के की बेटी मंदाकिनी ने कृष्ण की भूमिका निभाई है।

कृष्ण सुदामा (1933) : कृष्ण और उनके सखा सुदामा को केंद्र में रखकर कई फिल्मों का निर्माण हुआ है। 1933 में आयी जयंत

देसाई की कृष्ण सुदामा में केकी अदजानिया, राम आप्टे और एम भगवानदास ने मुख्य भूमिकाएं निभायी थीं। 1976 में आई निताई पालित द्वारा निर्देशित कृष्ण सुदामा में शांति स्वरूप, गोविंद तेज, त्रिपुरा मिश्रा ने फिल्म में प्रमुख किरदार निभाये। 1980 में कृष्ण भक्त सुदामा में विश्वजीत ने भगवान कृष्ण और भारत भूषण ने सुदामा का किरदार निभाया था।

कृष्ण अर्जुन युद्ध (1934) : इसके बाद साल 1934 में कृष्ण अर्जुन युद्ध, 1947 में कृष्ण-सुदामा, 1949 में कृष्ण रूक्मणि आई। ये सिलसिला तब से लेकर अब तक चलता ही आ रहा है। श्री कृष्ण या उनसे प्रेरित फिल्में बनाई जा रही हैं।

श्री कृष्ण लीला (1971) : होमी वाडिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में भगवान कृष्ण के जन्म से लेकर कंस वध तक की पूरी कहानी को दिखाया गया है। भगवान कृष्ण अपने दुष्ट मामा कंस द्वारा भेजे गए राक्षसों से लड़ते हैं और अपने गांव के लोगों को बचाते है। यह फिल्म साल 1971 में रिलीज हुई थी।

श्री कृष्णार्जुन युद्ध (1971) : इस फिल्म की कहानी हनुमान जी और कुंतीपुत्र अर्जुन के बीच एक घातक युद्ध को दिखाती है। यह फिल्म साल 1971 में रिलीज हुई थी। श्री कृष्णार्जुन युद्ध फिल्म को बाबूभाई मिस्त्री ने डायरेक्ट किया था। अभि भट्टाचार्य, जयश्री गाडकर, महिपाल और जीवन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आए थे।

भगवान श्री कृष्ण (1985) : इस फिल्म की कहानी में भगवान कृष्ण के जन्म से लेकर उनके अत्याचारी मामा को मारने और महाभारत युद्ध में उनकी भूमिका जैसी लीलाएं दिखाई गई हैं। भगवान श्री कृष्ण फिल्म साल 1985 में रिलीज हुई थी।

इस वीकएंड ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज...

नई दिल्ली। सितंबर के पहले वीक में ओटीटी पर खूब धमाल होने वाला है। यह वीकएंड थोड़ा लंबा भी है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के साथ-साथ शनिवार-इतवार की छुट्टी। मनोरंजन के शौकीनों के पास घर बैठे फिल्में और सीरीज देखने का बढ़िया मौका है। इस बार की लिस्ट भी खूब दिलचस्प है।

बिग बॉस 20 : लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस वीकएंड उनका यह इंतजार पूरा हो रहा है। एक बार फिर सलमान खान ही इसमें बतौर होस्ट नजर आने वाले हैं। यह शो 06 सितंबर से जियोहॉटस्टार पर रिलीज होगा। इस बार शो में कई चीजें खास हैं। करण अर्जुन वाला ट्विस्ट देखने को मिलेगा। वहीं, 'वरदान' मिलने का कॉन्सेप्ट भी है।

द कोर्ट : कोर्टरूम ड्रामा सीरीज में जिनकी दिलचस्पी है, वे इस वीक यह सीरीज देख सकते हैं। 'द कोर्ट' एक तमिल सीरीज है। इसकी कहानी एक ऐसे युवा वकील याझिनी की है, जिसे हकलाने की समस्या है। उसके पिता भी एक नामी वकील हैं। एक दिन याझिनी अपने ही पिता के आमने-सामने होती है। यह सीरीज 4 सितंबर से जियोहॉटस्टार पर रिलीज होगी।

धमाल 4 : अजय देवगन अभिनीत 'धमाल 4' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। रिपोर्ट्स के

मुताबिक यह फिल्म 04 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इंद्र कुमार निर्देशित 'धमाल 4' में अरशद वारसी, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा समेत कई अन्य सितारे भी हैं। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

डीसी : वामिका गब्बी और लोकेश कनगराज अभिनीत फिल्म 'डीसी' सिनेमाघरों के बाद अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने को तैयार है। अरुण मथेश्वरन निर्देशित यह एक्शन थ्रिलर फिल्म 07 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 04 सितंबर से यह सन नेक्स्ट पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध होगी। हिंदी पट्टी वाले दर्शकों को इसके लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

जन्माष्टमीः गोविंदा आला रे आला, जरा मटकी संभाल ब्रज बाला

बॉलीवुड के इन गानों के बिना अधूरा है कान्हा का बर्थ डे

नई दिल्ली। 'गोविंदा आला रे, आला जरा मटकी संभाल ब्रज बाला' फिल्म 'ब्लफ मास्टर' का यह गाना इन दिनों हर व्यक्ति की जुबान पर है। हो भी क्यों न! जन्माष्टमी के मौके पर हर कोई कृष्ण भक्ति में डूबा दिखाई दे रहा है। ऐसे में कृष्ण भजन से लेकर बॉलीवुड सॉन्ग लोगों की प्लेलिस्ट में शुमार हो चुके हैं। अगर आप भी दही हांडी प्रोग्राम ऑर्गनाइज करने की प्लानिंग कर रहे हैं या फिर कान्हा के बर्थ डे पर घर पर पार्टी रखी है, तो अपनी लिस्ट में यह बॉलीवुड जन्माष्टमी स्पेशल सॉन्ग जरूर शामिल करें। बॉलीवुड में कन्हिया, नंदलाल, श्याम और कान्हा आदि पर कई गानें फिल्माए गए हैं।

मोरे बंसी बजिइया नंदलाला कन्हिया

फिल्म 'बाहुबली 2' का 'मोरे बंसी बजिइया, नंदलाला कन्हिया' फिल्म का सबसे फेमस सॉन्ग में से एक है, जो कि खास कान्हा के ऊपर फिल्माया गया है। गाने को गायक 'मधुश्री' ने गाया है और म्यूजिक एम.एम करीम द्वारा दिया है। फिल्म की तरह कान्हा का यह गाना भी सुपरहिट रहा है।

मइया यशोदा ये तेरा कन्हिया

फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' का यह गाना कन्हिया और राधा के ऊपर फिल्माया गया है। इसमें राधा बनी करिश्मा कपूर यशोदा मां से कान्हा की शिकायत कर रही हैं। कान्हा और राधा की हल्की-फुल्की नोक-झोक को बहुत ही खूबसूरत ढंग से दिखाया गया है। फिल्म 1999 में रिलीज हुई थी। गाने में अनुराधा पुलवाल और अल्का यागनिक ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा है। गाने का म्यूजिक राम लक्ष्मण ने कम्पोज किया है।



गो गो गो गोविंदा

बॉलीवुड में ऐसी बहुत-सी फिल्में हैं, जिसमें मटकी फोड़ने पर कई गाने फिल्माए गए हैं। पुरानी फिल्म से लेकर अब तक बहुत सी फिल्में ऐसी हैं जिनमें जन्माष्टमी के उत्सव को बहुत ही खूबसूरत तरीके से दिखाया गया है। प्रभु देवा और सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'ओएमजी' (ओ माई गॉड) का 'गो गो गो गोविंदा' भी इन्हीं में से एक है। गाने में प्रभु देवा का डांस और सोनाक्षी की अदाओं का गजब कॉम्बिनेशन है। कान्हा के बर्थ डे पर आप भी प्रभु देवा स्टाइल में थिरकने को मजबूर हो जाएंगे। फिल्म 2012 में रिलीज हुई थी। फिल्म के इस गाने को श्रेया घोशाल और अमन त्रिखा ने अपनी आवाज दी है।

गोविंदा आला रे आला

फिल्म 'ब्लफ मास्टर' का यह गाना 'गोविंदा आला रे आला, जरा मटकी संभाल ब्रज बाला' जन्माष्टमी के मौके पर हर कोई गुनगुनाता दिख जाएगा। ब्लफ मास्टर फिल्म 1963 में रिलीज हुई थी और फिल्म का 'गोविंदा' सॉन्ग सुपरहिट हुआ था। फिल्म के इस गाने से शम्मी कपूर, सायरा बानो, प्राण, ललिता पवार को काफी पॉप्यूलेरिटी मिली। फिल्म का म्यूजिक कल्याण जी आनंद जी ने बनाया।

तीन बत्ती वाला गोविंदा आला

1979 में रिलीज हुआ यह गाना फिल्म 'मुकाबला' का है, जो कि मटकी फोड़ के खास मौके पर बनाया गया है। गाना चलते ही आप खुद को डांस करने से नहीं रोक पाएंगे। किशोर कुमार और मोहम्मद रफी ने गाने में जादू बिखेर दिया। गाने का म्यूजिक लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने कंपोज किया है और गाना शत्रुधन सिन्हा और सुनील दत्त पर फिल्माया गया है।

राधे-कृष्ण की ज्योति अलोकिक

फिल्म 'विवाह' में भगवान कृष्ण पर दिखाया गया यह भजन वाकई बहुत ही खूबसूरत है। गाने के चलते ही आंखे बंद करके आप गाने में खो जाएंगे। फिल्म 2008 में रिलीज हुई थी। इसमें अमृता राव भगवान कृष्ण की आरती के टाइम यह गाना या भजन गाती हैं।

1700 साल पहले पत्थर पर किया गया था चित्रण

भगवान बलराम के 'गर्भ-प्रत्यारोपण' का सबसे पहला प्रमाण आया सामने

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी विशेष

वीरेंद्र विश्वकर्मा ▶▶भोपाल

सागर के एरण पुरास्थल से 5वीं-6वीं शताब्दी के गुप्तकालीन दौर का दुर्लभ शिलापट्ट मिला है। ये लगभग 1700 साल पुराना है । इसमें भगवान बलराम के जन्म और पौराणिक 'गर्भ-प्रत्यारोपण' की कहानी बताई गई है। शिलापट्ट पर शेषशायी विष्णु, अश्विनी कुमारों और माता रोहिणी के वात्सल्य से जुड़े दृश्य उकेरे गए हैं। ये पत्थर संपूर्ण भारत में पहला ऐसा प्रमाण है, जिस पर भगवान बलराम के जन्म और पौराणिक 'गर्भ-प्रत्यारोपण' की कथा को तीन जीवंत दृश्यों में उकेरा गया है। पुरातन स्थल एरण में अनेक उत्खनन कार्यों में सहभागी रहे सागर केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. नागेश दुबे तथा उनके सहयोगी डॉ. मोहन लाल चढ़ार ने एरण में मिले इन शिलाफलकों का विश्लेषण किया है। पौराणिक कथा के अनुसार देवकी के सातवें गर्भ को माता रोहिणी के गर्भ में स्थानांतरित किया गया था। शिलापट्ट पर इस प्रक्रिया में सहायता करते देवताओं के चिकित्सक 'अश्विनी कुमारों' को दो अश्वमुख (घोड़े के चेहरे) वाली आकृतियों में दर्शाया गया है। प्रथम दृश्य में भगवान विष्णु क्षीरसागर (8 लहरों के रूप में चित्रित) में 7 फणों वाले शेषनाग की शय्या पर लेटे हैं। नाभि-कमल पर ब्रह्मा जी और चरणों में माता लक्ष्मी विराजित हैं, जबकि वासुदेव और देवकी हाथ जोड़कर विष्णुधर्मोत्तर पुराण की परंपरा के अनुसार स्तुति करते दिख रहे हैं। तीसरे दृश्य में लेटी हुई माता रोहिणी नवजात बलराम को स्तनपान करा रही हैं। उनका सिर माता यशोदा की गोद में है। पास ही नंद बाबा, वृद्ध सेविका और सुंदर आभूषणों-केशविन्यास से सजी नारी आकृतियों के साथ संपूर्ण नंदगांव का मनमोहक वातावरण उकेरा गया है।

बलराम से जुड़ी कथा के दृश्य

बलराम नवजात स्वरूप में

सागर के एरण पुरास्थल से 5वीं-6वीं शताब्दी के गुप्तकालीन दौर का दुर्लभ शिलापट्ट मिला

शिलापट्ट पर शेषशायी विष्णु, अश्विनी कुमारों और माता रोहिणी के वात्सल्य से जुड़े दृश्य उकेरे गए

यह खोज एक अनमोल धरोहर

एरण पुरास्थल से पहले भी बलराम जी की हल और सुरा-पात्र (मदिरा) धारण की हुई गुप्तकालीन प्रतिमाएं मिल चुकी हैं। हालांकि, यह नया शिलापट्ट यह साबित करता है कि 1700 साल पहले भी भारतीय शिल्पकला में पौराणिक कथाओं के साथ-साथ गूढ़ जैविक प्रक्रियाओं को उकेरने की अद्भुत क्षमता थी। इतिहास और संस्कृति के शोधकर्ताओं के लिए यह खोज एक अनमोल धरोहर बन गई है।

बेचना है

बेचना है - बिलासपुर सकरी थाना के सामने मेन रोड से 30मी. दूर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट टुकड़ों में उपलब्ध । सीसी रोड, नाली, पानी बिजली सुविधा सहित प्लॉट 75.5x54 = 4077 वर्गफुट । सम्पर्क करें - 7898855268 (बिलासपुर/ 05/अक्टू.)

पश्चिम मध्य रेल

यांत्रिक शाखा

निविदा सूचना क्र JBP-M-Tender-20A-2026

खुली निविदा, Dated 27/08/2026

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट)/नकज, आर.ओ.एच. डिपो नकज, पश्चिम मध्य रेल, के द्वारा आमंत्रित की जाती है:– **निविदा सूचना क्रमांक दिनांक:** JBP-M-Tender-20A-2026, Dated 27/08/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** आरओएच शेड एनकेजे और व्हील केयर सेंटर एनकेजे में PU फ्लोरिंग का कार्य, **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपये :** 8982750.00, **बयाना राशी रुपये:** 179700.00, **समापन की अवधि :** 09 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय :** 18/09/2026, 15:00 Hrs उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साईट **https:ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी । (हस्ता)

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

NAVODAYA VIDYALAYA SAMITI

An Autonomous Organization under Ministry of Education
B-15, Sector-62, Gautam Buddha Nagar Noida, Uttar Pradesh-201309

NOTIFICATION FOR LAUNCHING OF ONLINE PORTAL FOR SUBMISSION OF APPLICATIONS FOR CLASSES IX & XI LEST-2027

Online Registration portal for filling up vacant seats through Lateral Entry Selection Test (LEST)-2027 for admission to classes IX & XI for the session (2027-28) is launched. The candidates may apply free of cost by visiting the following links:

For class IX: https://cbseitms.nic.in/2026/nvsix_9
For class XI: https://cbseitms.nic.in/2026/nvsxi_11

The last date of submission of online application is 30.09.2026. The Prospectus is available on the registration portal.

ISSUED BY
NAVODAYA VIDYALAYA SAMITI

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

घड़ी चौक, विजयनगर, जबलपुर II मुख्य कार्यालय–दीवान बहादुर वल्लभ दास महल, हनुमानताल, जबलपुर (म.प्र.) पिन– 482002 M.7089053263
ई–मेल: narmadacollegeofexcellence@gmail.com | M.8349684597

लॉ कॉलेज हेतु आवश्यकता है

महाविद्यालय में कॉलेज कोड 28 के तहत UGC तथा म.प्र. शासन के आरक्षण नियम के अनुसार बी.ए.एल एल.बी. (ऑनर्स) एवं एल.एल.बी. (तीन वर्षीय पाठ्यक्रम) के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं–

क्र.	पद	पद संख्या	अपेक्षित विषय	न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव
01	सहायक प्राध्यापक बी.ए. एल एल. बी. (ऑनर्स)	02	विधि संकाय	एल एल.एम. डिग्री + यूजीसी नेट/स्लेट/ पीएच.डी. डिग्री की योग्यता अनिवार्य
02	सहायक प्राध्यापक एल एल. बी. (तीन वर्षीय)	04		

नोट– उपरोक्त पदों पर चयन यू.जी.सी. के नियम के आधार पर किया जायेगा। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव सम्बंधित प्रमाण पत्रों की छाया प्रतिलिपि 2 सेट में दो फोटो सहित मुख्य कार्यालय के पते पर संचालक के नाम से दिनाँक 11.09.2026 तक आवेदन कर सकते हैं अथवा उपर दिये गये ई–मेल आई.डी. पर भेज सकते हैं।

एनएक्सटी क्वांटम ओएस में नए बदलाव से एआई+ यूजर्स को डेटा और प्राइवेसी पर मिलेगा ज्यादा कंट्रोल

जबलपुर। मध्य प्रदेश, सितंबर 2026: एआई+ स्मार्टफोन ने एनएक्सटी क्वांटम ओएस का नया वर्जन 1.1 पेश किया है। यह नया वर्जन यूज़र्स की प्राइवेसी को और मजबूत करेगा और साथ ही उन्हें यह समझने और कंट्रोल करने की सुविधा प्रदान करेगा कि अलग-अलग ऐप्स उनके फोन और डेटा को कैसे एक्सेस कर रहे हैं।डेटा को भारत में ही सुरक्षित रखने और उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, एनएक्सटी क्वांटम ने एक ऐसा सिस्टम तैयार किया है, जिसके तहत ऐप्स से जुड़ा 100% डेटा ट्रैफिक भारत में मौजूद सर्वर्स के जरिए ही प्रोसेस होगा। यह सिस्टम 1,000 से ज्यादा कनेक्शन्स और 172 अलग-अलग डेस्टिनेशन आईपी एड्रेस से जुड़े सोर्स रूल्स की ऑटोमैटिक जाँच करता है, ताकि नेटवर्क की सिक्योरिटी मजबूत बनी रहे। खास बात यह है कि पूरा डेटा ट्रैफिक और आईपी पिंग्स भारत के नेटवर्क के भीतर ही रहते हैं। सिर्फ जरूरी गूगल कोर सर्विसेस के लिए डेटा ट्रैफिक कैलिफोर्निया और सिंगापुर तक जाता है, क्योंकि ओएस की कुछ सामान्य सर्विसेस के लिए इनका इस्तेमाल जरूरी है। इससे न सिर्फ डेटा सुरक्षित रहेगा, बल्कि एनएक्सटी क्वांटम ओएस के तहत यूजर्स की निजी जानकारी की सुरक्षा भी और मजबूत होगी।

टाटा एआईजी ने मध्य प्रदेश में 25,000 एमएसएमई पॉलिसियों का आंकड़ा पार किया

देशभर में एमएसएमई सेगमेंट में 1,450 करोड़ से अधिक का जीडब्ल्यूपी; वित्त वर्ष 2025-26 में मध्य प्रदेश प्रमुख विकास

भोपाल। टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2025-26 में मध्य प्रदेश में 25,000 एसएमई बीमा पॉलिसियां जारी करने का आंकड़ा पार कर लिया है। इसमें भोपाल का योगदान सबसे अधिक रहा। यह राज्य के एमएसएमई क्षेत्र में कंपनी की बढ़ती पहुंच को दर्शाता है।कंपनी का फोकस भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, धार और सिंगरौली जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्रों पर है। मध्य प्रदेश में करीब 56.5 लाख एमएसएमई हैं। इनमें 26.5 लाख उद्यम के तहत पंजीकृत हैं, जबकि 6.1 लाख जीएसटी के तहत पंजीकृत हैं। ये कारोबार करीब 1.25 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं।टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस में एमएसएमई प्रोडक्ट्स के प्रमुख प्रणय शाह ने कहा, "भारत की एमएसएमई विकास यात्रा में मध्य प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य में मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, कृषि से जुड़े कारोबार, शिक्षा, टेक्नोलॉजी और अन्य क्षेत्रों में बड़ी संख्या में विविध प्रकार के उद्यम हैं। हमारा ध्यान इन कारोबारों की बदलती जोखिम जरूरतों को समझने और उन्हें भरोसेमंद व आसानी से उपलब्ध बीमा समाधान देने पर है।

कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

Municipal Corporation Chhindwara

Add.- In front of shukla ground, guraiya road ward no. 39, chhindwara (M.P.) 480001
Tel. - 07162-222346
E-mail - commchhindwara@mpurban.gov

क्रमांक/3306/लोनिवि/नपानि/26 **// निविदा आमंत्रण सूचना//** छिन्दवाड़ा दिनांक 2/9/26

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रमांक	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (राशि रूपये में)	निर्धारित न्यूनतम राशि प्रति टन/कार्य की समयावधि (राशि रूपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD (राशि रूपये में)	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD _533328_1 Date 03.09.26	जामुनझिरी स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट में प्रतिदिवस के फ्रेश वेस्ट व अनप्रोसेस्ड वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निपटान कार्य	80300000/-	550/-रूपये दो वर्ष	20000/- 200000/-	03.10.26

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T. No./PWD/16/PRO No 534 **द्वितीय निविदा सूचना** Date 03/09/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD _533568_1	संभाग क्रं. 16 ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत नईम के मकान से आसिफ ड्राईवर के मकान तक नाली निर्माण एवं सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा)	04 माह 2.60 लाख	2000/- 2609/-	15/09/2026

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

संभागीय यंत्री/ कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय वन मंडल अधिकारी, सामान्य वन मंडल कटनी

मो. 9424792725, Email: dfotkatn@mp.gov.in

सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना ई-निविदा विज्ञप्ति

कटनी वनमंडल के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में विभिन्न योजना अन्तर्गत अधिनस्थ परिक्षेत्रों में प्रथम वर्ष क्षेत्र तैयारी कार्य वृक्षारोपण सुरक्षा कार्य में उपयोग हेतु PRE STRESSED RCC FENCING POLES क्रय करने के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा दस्तावेज मध्यप्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनांक 22/09/2026 को सायं 05.30 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं।

क्र.	विवरण	
1	निविदा प्रपत्र की उपलब्धता	निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptnders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है ।
2	निविदा प्रपत्र का मूल्य	500/- रुपए (पॉच सौ रुपए मात्र)
3	धरोहर राशि	50,00,000/- (रुपए पचास लाख रुपए मात्र)
4	निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता	www.mptnders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से
5	प्री-बिड मीटिंग	दिनांक 16/09/2026 को 01.00 बजे से
6	ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 22/09/2026 को सायं 05.30 बजे
7	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 23/09/2026 को सायं 05.30 बजे

(गर्वित गंगवार) भा.व.से.
वन मंडल अधिकारी
सामान्य वन मंडल कटनी

G-18100/26 "स्वच्छता ही सेवा"

कार्यालय वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर (म. प्र.)

Ph:- 0761-2668554, E-mail : ccfre.jbp@mp.gov.in

क्र./स्टोर/2025/2395 **ई - निविदा सूचना** जबलपुर, दिनांक 01/09/26

1 निविदा प्रपत्र म.प्र. शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। 2 यह निविदा वर्ष 2026-27 में सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर के अंतर्गत आने वाले जिलों की रोपणियों (शहरी/परियट/दरौली रोपणी जिला जबलपुर, सरसवाही रोपणी जिला - कटनी, कटरा रोपणी जिला - मंडला, अमेरा रोपणी जिला - डिंडौरी) में नर्सरी अधोसंररचना कार्यो के सम्पादन में उपयोग होनी वाली सामग्री (ईंट, सीमेंट, गिट्टी, लोहा, बोल्डर पत्थर, हार्डमुरूम तथा स्टोन डस्ट) के क्रय एवं परिवहन सहित समस्त सामग्री रोपणियों में पहुंचाकर प्रदाय हेतु आमंत्रित की जा रही है। 3 सामग्री क्रय हेतु निविदा को निर्धारित प्रारूप में वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। 4 निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 500/- है, निविदाऐं ऑनलाईन ही क्रय की जा सकेंगी एवं ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी। 5 निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैं :-

विवरण	दिनांक	समय
Tender Publishing Date and Time	03-09-2026 03.00 PM	निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in तथा www.mpforest.gov.in पर दर्शित है।
Document Download Tender Sale Start Date and Time	03-09-2026 05.00 PM	
Pre-Bid Meeting Date and Time	07-09-2026 03.00 PM	
Bid Submission Start Date and Time	08-09-2026 12.00 PM	
Bid Submission Close Date and Time	15-09-202602.00PM	
Bid Technical Openning Date and Time	21-09-202603.00PM	

वनमंडल अधिकारी
सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर

G-18071/26 "स्वच्छता ही सेवा"

कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म. प्र.)

क्रमांक/1878/लो.नि.वि/निर्माण/2026 कटनी दिनांक 24/08/2026

आई. एच. एस. डी. पी. योजनान्तर्गत आवास आबंटन हेतु हितग्राहियों की सूची तैयार की जाकर गठित दल द्वारा सर्वे किया गया, जिसमें पात्र पाये गये 177 हितग्राहियों एवं अपात्र पाये गये 309 हितग्राहियो की सूची तैयार की गई, जिसका अवलोकन नगर निगम कार्यालय एवं आई. एच. एस. डी. पी. योजना द्वारा निर्मित बस्तियो में चस्पा किया गया है। तैयार की गई सूची अनुसार किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो. लिखित में मय दस्तावेजों के प्रमाण सहित आपत्ति दिनांक 10/09/2026 को सायंकाल 05.00 बजे तक नगर निगम कार्यालय के आई.एच. एस.डी.पी विभाग के कक्ष क्रमांक 63 में प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करें। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

(आयुक्त महोदय के आदेशानुसार)

कार्यपालन यंत्री
नगरपालिक निगम, कटनी

केनफिन होम्स लिमिटेड

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK)

78, प्रथम तल, जे.आर. सामा काम्पलेक्स, गोरखपुर, कटंगा जबलपुर-482001, फोन : 0755 –4921736 Mob:7625079237
E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699

मांग सूचना

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13 (2) सपठित नियम 3 (1) के अन्तर्गत सिक्युरिटी इंट्रेस्ट (इनफोर्समेन्ट) नियम 2002

जबकि, अधोहस्ताक्षर कैन फिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हैं, SARFAESI अधिनियम के तहत और धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नियम 3 के साथ पढ़े गए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी करते हुए। उधारकताओं/ गारंटरों को यहां सूचीबद्ध किया गया (जिनको बाद ''उधारकताओं'' के रूप में संदर्भित किया है), को नोटिस में उल्लिखित मात्रा को चुकाने के लिए, नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार।
उक्त नोटिस डाक प्राधिकरण द्वारा लौटाए गए हैं / उधारकताओं द्वारा विधिवत स्वीकार नहीं किए गए हैं। इसलिए कंपनी अत्यधिक सावधानी के साथ डिमांड नोटिस (नियम 3 (1) के प्रावधानों के अनुसार) के इस प्रकाशन को प्रभावित कर रही है। इसलिए, अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त उधारकर्ताओं के अंतिम ज्ञात पते के परिसर में चिपकाया है।
ऋण की देय अदायगी के लिए सुरक्षा के रूप में, नीचे दी गई संपत्ति को संबंधित पक्षों द्वारा कंपनी के पास गिरवी रखा गया है।

क्र. सं.	ऋणी एवं जमानतदारों के नाम एवं पता	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि	सुरक्षित आस्तियों का विवरण	एनपीए दिनांक मांग सूचना दिनांक
1.	ऋणी : **श्री दीपक रायकवार पुत्र लक्ष्मी प्रसाद** सहऋणी : **श्री विभा पत्नि दीपक** दोनों का पता: 305, थाने के बाजू में हनुमानताल, बड़ी खेरमाई वार्ड जबलपुर, मध्य प्रदेश,482002	₹ 2605239/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे	संपत्ति स्थित प.ह.नं. 54, हल्का मढ़ई, आर.एन.एम. बिलपुरा खसरा नंबर 80 वाली डायवर्टेड भूमि का भाग, जिसमें प्लॉट नंबर 96 का कुछ भाग क्षेत्रफल- 660 वर्गफुट (17.37 फुट × 38 फुट) और प्लॉट नंबर 95 का कुछ भाग क्षेत्रफल- 480 वर्गफुट (12.63 फुट × 38 फुट) जिससे कुल प्लॉट का क्षेत्रफल- 1140 वर्गफुट (105.95 वर्गमीटर) कुल भूमि क्षेत्रफल में से 0.1400 हेक्टेयर, मौजा मढ़ई, शहीद गुरु गोविंद सिंह वार्ड क्रमांक 76, तहसील रांझी, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश	29-08-2026 02-09-2026

* भुगतान की तारीख तक उल्लिखिततारीख से सहमति के अनुसार संविदात्मक दरों पर देय ब्याज
आपको इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर देय ब्याज की अनुबंधित दर के साथ उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिससे असफलता उपर्युक्त सुरक्षा को लागू करने के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य होगी। ऋणी/जमानतदार/या /अथवा संपत्ति मालिक / कानूनी उत्तराधिकारी का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुटाने (Redeem कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा (8) के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.

दिनांक : 02/09/2026
स्थान : जबलपुर

राशिफल

मेष
किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।


वृष
मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन
पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क
आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट


सिंह
व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।


कन्या
पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला
मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक
परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


धनु
मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर
क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।


कुंभ
रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन
पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

शब्द पहेली - 6337



बाएँ से दाएँ
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

ऊपर से नीचे
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

शब्द पहेली- 6336 का हल

आ	द	त	न	■	ल	■	वा	य	लि	न
■	ल	■	रा	■	प	व	न	■	ख	फा
ए	■	■	ध	व	ल	■	र	■	■	स
ह	र	द	म	■	पा	ल	■	फ	क	त
सा	■	म	■	दा	ना	■	सा	■	मा	■
न	वी	न	त	म	■	अ	ज	वा	ई	न
■	र	■	वा	■	स	दा	■	रि	■	वी
प	ता	का	■	ह	क	■	अ	स	मा	न
र	■	■	जी	■	प	र	दा	■	■	ता
वा	त	■	न	ल	का	■	व	■	द	■
ज	रु	र	त	■	ना	■	त	ल	वा	र

सूडोकु नवताल - 6347

सरल

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6					4		7	
		8	9	6		4		2

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6346 का हल

8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6

जानकारी
शिखर चंद जैन

बहुत अनूठी-रोचक है इन देशों में टीचिंग स्टाइल

बच्चो, जरा सोचो कैसा लगेगा अगर तुम्हारा क्लासरूम जंगल में हो, होमवर्क बिल्कुल न मिले या तुम्हें रोबोट पढ़ाएं! तुम सोच रहे होगे, 'वाओ! तब तो पढ़ने में मजा ही आ जाएगा।' तुम्हें जानकर अचरज होगा कि दुनिया के कुछ देशों में बच्चों को पढ़ाने के लिए ऐसे ही मजेदार और अनोखे तरीके अपनाए जाते हैं। जानो, कुछ ऐसे ही देशों के बारे में, जहां बच्चों को पढ़ाने के लिए अनोखी टीचिंग स्टाइल अपनाते हैं।

दक्षिण कोरिया डिजिटल-रोबोटिक टीचिंग

इस देश के शिक्षक पूरी तरह से हाईटेक और डिजिटल टूल्स पर निर्भर रहते हैं। क्लासरूम में ब्लैकबोर्ड की जगह स्मार्ट स्क्रीन और रोबोटिक असिस्टेंट का भी इस्तेमाल होता है। शिक्षक रोबोट्स की मदद से बच्चों को कोडिंग, भाषा और साइंस के एक्सपेरिमेंट्स सिखाते हैं। *

जापान सिखाते हैं अच्छे संस्कार-आत्मनिर्भरता

जापानी शिक्षक ज्ञान से पहले 'नैतिक मूल्य और चरित्र' सिखाते हैं। यहां शुरुआती कक्षाओं में पास-फेल का कोई सिस्टम नहीं है। चौथी कक्षा तक यहां कोई मुख्य परीक्षा नहीं होती है। टीचर्स क्लास में बच्चों को कंट्रोल करने के बजाय दूर से उन पर नजर रखते हैं ताकि बच्चे खुद अपनी समस्याओं और विवादों को सुलझाना सीखें। वे बच्चों को खुद अपना क्लासरूम साफ करने, खाना परोसने और अनुशासन में रहना सिखाते हैं। *

फिनलैंड बिना होमवर्क वाली पढ़ाई

यूरोपीय देश फिनलैंड में टीचर्स, बच्चों को केवल रटने यानी याद करने के लिए नहीं कहते। यहां टीचर्स, अलग-अलग विषयों को (जैसे इतिहास और गणित) पढ़ाने के बजाय किसी एक वास्तविक दुनिया की घटना या विषय (जैसे जलवायु परिवर्तन) को चुनकर उसके इर्द-गिर्द कई विषय एक साथ पढ़ाते हैं। यहां प्राइमरी स्कूल के बच्चों को न के बराबर होमवर्क मिलता है। हर 45 मिनट की पढ़ाई के बाद बच्चों को 15 मिनट खेलने यानी रिफ्रेश होने के लिए दिया जाता है। *

फ्रांस सिखाते हैं डिस्कशन आर्ट और टेबल मैनर्स

फ्रांसीसी शिक्षक बच्चों को अपनी बात मजबूती से रखने के लिए तैयार करते हैं। यानी उन्हें डिस्कशन आर्ट सिखाते हैं। इसके अलावा यहां लंच टाइम भी पढ़ाई का हिस्सा होता है। भोजन के समय टीचर्स, बच्चों को सही टेबल मैनर्स सिखाते हैं और विभिन्न व्यंजनों के इतिहास पर भी चर्चा करते हैं। *

डेनमार्क डेवलप करते हैं टीमवर्क भावना

यहां की शिक्षा का मुख्य उद्देश्य, बच्चों को एक अच्छा इंसान बनाना है। 'सहानुभूति' यहां के आधिकारिक पाठ्यक्रम का हिस्सा है। यहां के टीचर्स, बच्चों को अकेले फर्स्ट आने के बजाय ग्रुप में काम करना और दूसरों के दुख-सुख को समझना सिखाते हैं। *

न्यूजीलैंड नेचर के करीब पढ़ाई

न्यूजीलैंड के टीचर्स, स्टूडेंट्स को चारदीवारी के बाहर निकालकर पढ़ाना पसंद करते हैं। इसे 'बुश स्कूल' या आउटडोर लर्निंग कहा जाता है। इसमें वे बच्चों को जंगलों, पार्कों या समुद्र के किनारे ले जाते हैं, जहां वे प्रकृति, पर्यावरण और सर्वाइवल स्किल्स के गुण स्वयं सीखते हैं। *

कनाडा क्रिटिकल थिंकिंग पैटर्न बेस्ड टीचिंग

कनाडा में टीचर्स छात्रों को खुद से सवाल पूछने और समस्याओं का क्रिएटिव सॉल्यूशन खोजने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। क्लास में हर बच्चे की सीखने की क्षमता अलग होती है। इसलिए टीचर्स एक ही पाठ को अलग-अलग बच्चों के मानसिक स्तर के अनुसार कस्टमाइज करके पढ़ाते हैं। *

जन्माष्टमी विशेष

आरव को यू-ट्यूब के जरिए यह जानकारी मिली थी कि गुजरात की द्वारका में समुद्र के नीचे कृष्ण जी की नगरी है। समुद्र तट पर पहुंचकर उसकी इस बात को लेकर जिज्ञासा और बढ़ गई। उक्त बात की पुष्टि के लिए आरव को क्या कोई और नई जानकारी मिल सकी?

कृष्ण जी की खोयी नगरी



छोटी कहानी
नेहा अरोड़ा

समुद्र के किनारे खड़े होकर आरव दूर तक फैले नीले पानी को देख रहा था। लहरें बार-बार किनारे से टकरा रही थीं। आरव को उन्हें देखने में बहुत मजा आ रहा था।

'क्या सच में समुद्र के नीचे कृष्ण जी की नगरी है?' आरव ने अपने दादाजी से पूछा।

आरव अपने दादाजी के पास गुजरात के द्वारका में अपनी छुट्टियां बिताने आया था। कल ही रात उसने यू-ट्यूब पर इस बारे में कुछ देखा था, तब से उसके मन में यही चल रहा था।

'हां बेटा, लोग कहते तो यही हैं कि यहां कभी द्वारका नाम की बहुत सुंदर नगरी थी, भगवान कृष्ण की नगरी। समय बीता, समुद्र बढ़ा और वह नगरी लहरों के नीचे छिप गई।' दादा जी ने बताया।

आरव की आंखों में उत्सुकता की चमक जाग उठी। उसी समय उसकी नई-नई दोस्त बनी मीरा भी वहां आ गई। 'क्या सोच रहे हो?' आरव को समुद्र की तरफ चुपचाप घूरते हुए देख कर मीरा ने पूछा।

आरव ने धीरे से कहा, 'मीरा, अगर कृष्ण जी की नगरी सच में नीचे है, तो क्या हम उसे ढूंढ सकते हैं?' मीरा हंस पड़ी, 'हम, हम कैसे ढूंढेंगे?' उसी समय किनारे पर खड़े एक अंकल उनकी बात सुनकर उनके पास आए। वह पुरातत्व विभाग में काम करते थे।

'तुम दोनों को सच जानना है?' उन्होंने कहा तो दोनों बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हां में सिर हिला दिया।

'कल हमारी टीम समुद्र में गोता लगाने वाली है। अगर तुम चाहो तो नाव से देख सकते हो कि हम क्या खोजते हैं।' उन्होंने आरव की जिज्ञासा देख कर कहा। अगले दिन सुबह आरव और मीरा उत्साह से भरे नाव पर पहुंच गए। नाव धीरे-धीरे समुद्र के बीच की ओर बढ़ने लगी। गोताखोर भारी उपकरण पहनकर पानी में उतरने लगे।

आरव और मीरा को यह सब बहुत ही दिलचस्प लग रहा था। कुछ देर बाद एक गोताखोर ऊपर आया। उसके हाथ में पत्थर का एक छोटा-सा टुकड़ा था, जिस पर सुंदर नक्काशी बनी हुई थी। 'देखो!' अंकल ने बच्चों को वह पत्थर दिखाते हुए कहा।

'मतलब, नीचे सच में कोई पुरानी नगरी है?' मीरा ने आश्चर्य से पूछा।

'बेटा, अभी तो इसकी टेस्टिंग होगी। यह जानने के लिए कि यह किस समय का है।' अंकल ने कहा। 'जैसे कि कार्बन डेटिंग?' आरव ने जियोग्राफी क्लास में पढ़े हुए लेसन को याद करते हुए कहा। अंकल ने सिर हिलाया, बोले, 'हां, लेकिन वैज्ञानिकों को समुद्र के नीचे दीवारें, रास्ते और मंदिर जैसे ढांचे पहले भी मिले हैं। लोग मानते हैं कि ये उसी प्राचीन द्वारका के अवशेष हो सकते हैं।'

आरव ने समुद्र की लहरों को एक बार फिर से देखा। अब उसे लग रहा था जैसे लहरों के नीचे जैसे कोई रहस्यमयी दुनिया सो रही हो, सोने जैसे महलों और गलियों वाला पूरा शहर। उसने मुस्कुराते हुए मीरा से कहा, 'मैं भी बड़ा होकर समुद्र की गहराइयों में जाऊंगा और समुद्र के नीचे छिपे हुए रहस्यों को खोज निकालूंगा।' *

कविता / कुसुम अग्रवाल

अध्यापक जी

अध्यापक जी पाठ पढ़ाते
अच्छे से हमको समझाते।
एक बार जो समझ न आए
तनिक नहीं गुस्सा दिखलाते।
ये संयम का पाठ उन्हीं से
उसी वक्त हम भी पढ़ जाते।
सही समय विद्यालय आते
वहां उपस्थिति दर्ज कराते।
देख-समझ कर समय-सारिणी
कक्षा-कक्षा में वो जाते।
अनुशासन का पाठ हमेशा
नियमित रहकर वह सिखलाते।
ठोकर खा जब हम गिर जाते
अध्यापक जी तुरंत उठाते।
विद्यालय में मम्मी-पापा
तब अध्यापक जी बन जाते।
दया, प्रेम का भाव हृदय में
बहुत जरूरी यह बतलाते।

बूझो तो जानें

1
कक्षा में आते, हमें पढ़ाते
गलती पर हमको समझाते।
कभी हंसाते, कभी डांटते,
अच्छे बच्चे हमें बनाते।

2
साल में एक दिन आता हूं,
शिक्षकों का मान बढ़ाता हूं।
बच्चे देते फूल और सम्मान,
बताओ क्या है मेरा नाम?

-शिवानी छाया

उत्तर: 1. शिक्षक, 2. शिक्षक दिवस

जीके क्विज-221

1. शिक्षक दिवस किस महापुरुष की जयंती पर मनाया जाता है?
2. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति कब लागू की गई?
3. डॉ. राधाकृष्णन का भारत के राष्ट्रपति के रूप में क्रम क्या था?
4. पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए हाल ही में किस राज्य में विद्या साथी ऐप को लॉन्च किया गया है?
5. यूजीसी का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. एनसीईआरटी की स्थापना कब हुई?
7. शिक्षा का अधिकार किस आयुवर्ग के बच्चों के लिए है?
8. चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु का नाम क्या था?
9. हाल ही में आयोजित मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का खिताब किसने जीता है?
10. आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?

बच्चो, जीके क्विज-221 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-220 का उत्तर : 1.ऋषभ पंत, 2.खेल, 3.केरल, 4.जापान, 5.चंद्रगुप्त मौर्य, 6.सहारा, 7. Fe, 8.हमिंग बर्ड, 9.रविंद्रनाथ टैगोर, 10. 5 सितंबर

जीके क्विज-220 का सही उत्तर देने वाले : पूरब-बिलासपुर, कबीर-हिसार, अंकित-दुर्ग, कुणाल-रायपुर, सुमित-भोपाल, दिव्यांश-रोहतक, अनिल-कोरबा, लक्ष्य-बलौदा बाजार, राजन-महेंद्रगढ़, पूजा-धमतरी, कोमल-महासमुंद, जतिन-बालोद, सूरज-कांकेर, हर्षित-सारंगढ़ बिलाईगढ़, अजय-दिल्ली, जतिन-कटनी

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

जिस दिन अंकुर स्कूल होमवर्क नहीं करता, टीचर से कोई बहाना बना देता। विशाल सर के सामने भी उसने अपने पापा की गहरी चोट लगने और अस्पताल जाने का बहाना बनाया। उन्होंने उसका झूठ भांप लिया, फिर भी उसे जरा भी डांटा-फटकारा नहीं, लेकिन विशाल सर ने जो किया, वह डांटने-फटकारने से ज्यादा असरकारी था।

भूल का एहसास



अंकुर कक्षा में सिर झुकाए खड़ा था। आज भी वह होमवर्क करके नहीं आया था। हर तीन-चार दिनों बाद होमवर्क किए बिना स्कूल में आना उसकी आदत थी। कई बार उसने आधा-अधूरा होमवर्क ही किया होता था।

विशाल सर ने सिर झुकाकर खड़े अंकुर से होमवर्क न करने का कारण पूछा तो मुरझाई-सी आवाज में वह बोला, 'सर, कल शाम को पापा ऑफिस से घर आने के थोड़ी देर बाद बाथरूम गए, तो वहां उनका पैर फिसल गया और वे फर्श पर गिर पड़े। पापा के सिर पर बड़ी चोट लगी, बहुत खून बहने लगा। फिर मम्मी उनको तुरंत हॉस्पिटल लेकर गईं। मैं भी उनके साथ ही गया था। हॉस्पिटल में डॉक्टर ने पापा का इलाज किया। उनके सिर पर टांके लगाकर पट्टी बांध दी। हम लोग रात को बड़ी देर से घर वापस आए। इसलिए मैं होमवर्क नहीं कर सका।'

अंकुर की बात सुनकर विशाल सर ने उससे पूछा, 'अब क्या हाल है तुम्हारे पापा का?'

'अब तो पापा ठीक हैं, लेकिन आज वे ऑफिस नहीं गए। घर पर ही आराम कर रहे हैं।' अंकुर ने बताया।

यह सुनकर विशाल सर बोले, 'तो तुम्हारे पापा आज घर पर ही आराम कर रहे हैं न!'

'हां, सर।' अंकुर ने धीमी-सी आवाज में जवाब दिया।

अंकुर का जवाब सुनकर विशाल सर ने अपनी पैंट की जेब से मोबाइल फोन निकाला और फोन मिलाने लगे। इसके बाद उन्होंने फोन का स्पीकर ऑन कर दिया। दो-तीन घंटियां बजने के बाद उधर से आई 'हैलो' की आवाज सुनते ही अंकुर चौंक उठा। यह तो उसके पापा की आवाज थी।

'महेश जी, तबियत ठीक है न आपकी?' विशाल सर ने फोन पर पूछा।

'हां-हां, बिल्कुल ठीक है। ऑफिस में बैठा काम कर रहा हूं। क्यों, क्या बात हो गई विशाल जी? सुबह मिले तो थे पार्क में!' दूसरी तरफ से आवाज आई।

'बस, ऐसे ही फोन किया था, आपका हाल-चाल जानने के लिए। चलिए ठीक है, कल सुबह पार्क में मिलेंगे।' कहते हुए विशाल सर ने फोन डिसकनेक्ट कर दिया।

इसके बाद वे अंकुर से बोले, 'अंकुर, अब तुम सीट पर बैठ जाओ, लेकिन आधी छुट्टी के समय मुझसे स्टाफ रूम में आकर मिलो।'

यह सुनकर अंकुर चुपचाप अपनी सीट पर बैठ गया।

इससे अगले पीरियड के बाद जैसे ही आधी छुट्टी होने की घंटी बजी, अंकुर स्टाफरूम की तरफ चल पड़ा। वहां पहुंचा तो विशाल सर उसे स्टाफ रूम के एक कोने में ले गए। फिर धीमी आवाज में उससे पूछा, 'बेटा अंकुर, आज मेरी क्लास में मेरे मोबाइल फोन पर जो आवाज सुनाई दी थी, उसे पहचानते हो कि वह किसकी आवाज थी?'

'पापा की।' अंकुर ने सिर झुकाकर घबराई-सी आवाज में जवाब दिया।

विशाल सर आगे बोले, 'बेटा, तुम तो कह रहे थे कि तुम्हारे पापा के सिर पर बहुत चोट लगी है, वे घर पर आराम कर रहे हैं।'

विशाल सर की इस बात पर अंकुर चुप रहा, कोई जवाब नहीं दिया। बस उसी तरह सिर झुकाए खड़ा रहा।

विशाल सर रुके नहीं फिर बोले, 'अंकुर, तुम्हें पता नहीं है कि मैं और तुम्हारे पापा एक-दूसरे को कई सालों से अच्छी तरह जानते हैं। हम दोनों हर सुबह सैर के समय पार्क में मिलते हैं। तुम्हारे पापा से मुझे पता चला था कि जिस दिन तुम अपने दोस्तों के साथ ज्यादा देर तक खेलते रहते हो या तुम्हें टीवी पर देर तक कोई मनपसंद प्रोग्राम देखना होता है, उस दिन तुम या तो होमवर्क को हाथ भी नहीं लगाते या फिर आधा-अधूरा होमवर्क करके ही नींद आने की बात कहकर सो जाते हो। फिर अगले दिन यहां क्लास में आकर कोई बहाना बना दिया करते हो।'

विशाल सर की बात सुनकर अंकुर बहुत शर्मिंदा हुआ। वह उनसे बोला, 'सर, मैं प्रॉमिस करता हूं। अब इस तरह झूठ नहीं बोला करूंगा और हर दिन पूरा होमवर्क करके आया करूंगा।'

अंकुर की बात सुनकर विशाल सर बहुत खुश हुए और हाथ बढ़ाकर उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

मनोरंजन के साथ शिक्षा देती कहानियां

बच्चो, सिर्फ शिक्षक ही सीख नहीं देते, किताबों की कहानियां भी सीख देती हैं। किताबें किसी शिक्षक से कम नहीं होतीं। हाल ही में लेखिका डॉ. अर्चना प्रकाश का आया नया कहानी संकलन 'चमत्कारी कछुआ' इसी तरह की किताब है। इस संकलन की रोचक कहानियां सिर्फ शिक्षा ही नहीं देतीं, मनोरंजन भी करती हैं। संकलन में 11 कहानियां है। पुस्तक की शीर्षक कहानी 'चमत्कारी कछुआ' में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चमकू कछुआ ने जलपरी से एक शंख प्राप्त किया, इसकी मदद से रेहान नामक एक गरीब बच्चे और अंधे का जीवन बदल दिया। 'साड़ी का सफर' कहानी में पुरानी साड़ी का लहंगा और जंफर फिर कुशन कवर, फिर स्कार्फ, रूमाल और अंत में खूबसूरत हेयरबैंड, फूलवाली बैक पिन बनाने के बहाने किसी भी चीज का अंत तक कैसे उपयोग किया जाए, इसकी सलाह दी गई है। 'सोफा बोलता है' कहानी में विशेष रूप से साफ-सफाई रखने की शिक्षा दी गई है। 'भाग्य और बुद्धि' कहानी में श्वेता और धैर्य दोनों पढ़ाई तो करते थे, लेकिन धैर्य का ध्यान पढ़ाई से अधिक मोबाइल फोन पर रहता था। इसलिए श्वेता को परीक्षा में अच्छी सफलता पाती है, जबकि भाग्य के भरोसे रहने वाले धैर्य को सफलता नहीं मिलती। बच्चो, यह कहानी तुम्हें मेहनत का महत्व समझाएगी। 'सच्ची दोस्ती' कहानी में रिशिका हीनभावना से ग्रस्त रोशन में आत्मविश्वास जगाकर उसकी जिंदगी बदल देती है। 'जीत का जज्बा' कहानी में बॉक्सिंग चैंपियन मैरी कॉम के बहाने स्वाति के आत्मविश्वास को उजागर किया गया है। संग्रह की अन्य कहानियों से भी तुम्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी। *



किताब: चमत्कारी कछुआ (कहानी संग्रह), **लेखिका:** डॉ. अर्चना प्रकाश, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, लखनऊ

अंतर बताओ

बच्चो, यहां बाल कृष्णा के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम पांच मिनट में इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढकर बताओ।

उत्तर: 1. बाल कृष्णा के मस्तक पर मोर पंख नहीं है। 2. बाल कृष्णा की बांसुरी में छिद्र अधिक हैं। 3.मक्खन मटकी से बाहर नहीं गिर रहा है। 4. बाल कृष्णा के पीछे खड़ी नन्ही गाय के गले में घंटी नहीं है। 5.आगे दाहिनी तरफ तीन के बजाय चार फूल दिख रहे हैं।

रास्ता खोजो

बच्चो, हर्ष की तरह हर्षिता भी टीचर्स-डे पर अपने टीचर जी को बुके देकर उन्हें विश करना चाहती है। लेकिन टीचर जी तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हर्षिता को टीचर जी तक पहुंचने का रास्ता बताओ तो जरा।

यूएस ओपन टेनिस

सबालेंका और जेसिका आसान जीत के साथ तीसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

पिछली दो बार की चैंपियन एरिना सबालेंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आसान जीत के साथ बारिश से प्रभावित यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई।

शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने बुधवार रात को पोलिना इयात्सेन्को को केवल 53 मिनट में 6-1, 6-1 से हरा दिया। वह पिछले कुछ टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी लेकिन यहां उन्होंने पावर-हिटिंग का ऐसा नमूना पेश किया कि लगता है कि वह अपनी असली फॉर्म में आ गई हैं। तीसरे दौर में जगह बनाने वाली खिलाड़ियों में जेसिका पेगुला भी शामिल थी, जिन्होंने सोफिया केनिन को 6-3, 6-1 से हराने में केवल 56 मिनट का समय लिया।

पुरुष वर्ग के ऐसे रहे परिणाम

पुरुष वर्ग में आठवें वरीय बेन शेल्टन ने ह्यूबर्ट हुरकाज को 6-3, 5-7, 7-6 (3), 7-5 से, जबकि सातवें वरीय दानिल मेदवेदेव ने सेबेस्टियन गोरजनी को 6-3, 6-3, 7-5 से हराया। बारिश के कारण कई मैच स्थगित कर दिए गए थे और आलम यह था कि पहले दौर के कुछ मैच भी बुधवार को खेले गए। इनमें ऑस्ट्रेलिया के छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर का मैच भी था जिन्होंने इटली के एंड्रिया गुरिएरी को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया।

अल्काराज़ तीसरे दौर में

मौजूदा चैंपियन और अप्रैल के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट में खेल रहे कार्लोस अल्काराज़ ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। अल्काराज ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद लगातार आठ गेम जीते और बुधवार रात को जैमे फारिया को 4-6, 6-0, 6-3, 6-2 से हराया।

चार सेट खेलने से फिटनेस का पता चला : अल्काराज

इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मैं इस मैच को जल्दी समाप्त करना चाहता था लेकिन मैच के चार सेट तक खिंचना मेरे लिए अच्छा रहा क्योंकि इससे मुझे अपनी फिटनेस का पता चल गया।'' दूसरे वरीयता प्राप्त अल्काराज ने पहले सेट के बीच में अपनी सर्विस गंवा दी, लेकिन इसके बाद उन्होंने जल्द ही लय हासिल कर दी। उन्होंने कहा, ''इसके बाद मैंने केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। मैंने शांत रहने की कोशिश की और मैं सोच रहा था कि सब कुछ अच्छा होगा। अल्काराज ने पिछले साल फाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ मुकाबले तक एक भी सेट नहीं हारा था। उन्होंने तब सिनर को चार सेटों में हराकर यूएस ओपन में अपना दूसरा खिताब जीता था।

भारत-वेस्टइंडीज वनडे सीरीज 27 से

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में विराट बना सकते हैं कई अहम रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज को 1-0 से जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम 27 सितंबर से वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज की मेजबानी करेगी। अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप 2027 की तैयारियों के लिहाज से वनडे सीरीज अहम रहेगी, जिसमें विराट कोहली अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। इस बीच उन रिकॉर्ड्स के बारे में जानते हैं, जिन्हें कोहली आगामी सीरीज के दौरान बना सकते हैं।

15,000 वनडे रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी

कोहली वर्तमान में वनडे क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 314 मैचों में 58.59 की अविश्वसनीय औसत से 14,941 रन बनाए हैं। वह सचिन तेंदुलकर के बाद 15,000 वनडे रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बनने वाले हैं। बता दें कि तेंदुलकर ने 18,426 रनों के साथ 50 ओवर के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। वहीं, श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगाकारा 14,234 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

घर पर 7,000 वनडे रन वाले पहले भारतीय

कोहली एक और रिकॉर्ड अपने नाम करने के करीब हैं। पूर्व दिग्गज तेंदुलकर ने घरेलू मैदान पर खेले गए 164 वनडे मैचों में 48.11 की औसत से 6,976 रन बनाए थे। इस मामले में कोहली ही एकमात्र ऐसे दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 6,000 से ज्यादा रन बनाए हैं। कोहली ने घरेलू मैदान पर खेले गए 130 वनडे मैचों में 62.42 की औसत से 6,867 रन बनाए हैं। आगामी सीरीज में कोहली घर पर 7,000 रनों का आंकड़ा छू सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 अर्धशतक

रिपोर्ट के अनुसार, कोहली के नाम अभी सभी प्रारूप को मिलाकर 233 स्कोर, 50 से ज्यादा रन के हैं, जिसमें 148 अर्धशतक शामिल हैं। कोहली ने टेस्ट में 31, वनडे में 79 और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 38 अर्धशतक लगाए हैं। अभी तक सिर्फ 2 बल्लेबाजों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 से ज्यादा अर्धशतक बनाए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तेंदुलकर ने 164 और संगाकारा ने 153 अर्धशतक लगाए हैं। अब कोहली इस सूची में शामिल हो सकते हैं।

ये मुकाम हासिल कर सकते हैं कोहली

कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 43 वनडे मैचों में 66.50 की औसत के साथ 2,261 रन बनाए हैं, जिसमें 9 शतक शामिल हैं। कोहली वनडे में 2 अलग-अलग टीमों के खिलाफ 10-10 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं। श्रीलंका के खिलाफ उनके नाम पहले से ही 10 शतक हैं और वेस्टइंडीज के खिलाफ भी यह आंकड़ा छूने से वह बस एक शतक दूर हैं। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 8 वनडे शतक लगाए हैं।

फिट हो रहे पांड्या को फिर लगी चोट, वापसी का इंतजार और बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की योजनाओं को बड़ा झटका लगा है। रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सेलेंस पुनर्वास के अंतिम चरण में उनके पैर में एक नई चोट लग गई है।

इस नए मेडिकल अपडेट के बाद आगामी 13 सितंबर से अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली 3 मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में उनके खेलने की उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

फिटनेस हासिल करने से चूके पांड्या

पांड्या अपनी पुरानी चोटों से अच्छी रिकवरी कर रहे थे, लेकिन वह अभी तक पूरी तरह से गेंदबाजी करने के लिए फिट घोषित नहीं किए गए। बीसीसीआई सूत्रों ने कहा, वह जल्द ही दोबारा अभ्यास शुरू करेंगे, लेकिन अफगानिस्तान सीरीज इतनी नजदीक (13 सितंबर) है कि तब तक वह मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाएंगे। इस पैर की नई चोट ने उन्हें गेंदबाजी के अभ्यास से लंबे ब्रेक के लिए मजबूर कर दिया है।

जूनियर एशिया कप में रिकॉर्ड छठा खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| मोकी (चीन)

भारत की अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एएचएफ जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में रिकॉर्ड छठा खिताब जीतने की कोशिश करेगी, जबकि महिला टीम लगातार तीसरी ट्रॉफी जीतने के लिए मैदान पर उतरेगी।

महिला टीम पिछले दो बार की चैंपियन है। इस बार उसकी अगुवाई मिडफील्डर खैदेम शिलेमा चानू कर रही हैं। डिफेंडर अनमोल एक्का टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि नव नियुक्त कोच फ्रेडरिक सोयेज अपने कार्यकाल की शुरुआत जीत से करना चाहेंगे।

भारत के अभियान की शुरूआत 5 से

एलीट पूल में शामिल भारत पांच सितंबर को दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वह छह सितंबर को मलेशिया, आठ सितंबर को जापान और नौ सितंबर को मेजबान चीन का सामना करेगा।

खबर संक्षेप

लेह में इंडोर निशानेबाजी रेंज का उद्घाटन, लद्दाख में खेल को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली। लद्दाख में निशानेबाजी को बढ़ावा देने, खेल तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराने और केंद्र शासित प्रदेश में प्रतिभाओं की पहचान करने के उद्देश्य से लेह में सालभर संचालित होने वाली इंडोर निशानेबाजी रेंज का उद्घाटन किया गया। 'इंसुलेटेड' (सर्दियों में गर्म रखना) सुविधा से युक्त इस रेंज में एयर राइफल और एयर पिस्टल निशानेबाजी की व्यवस्था है। इसे लद्दाख निशानेबाजी संघ ने लद्दाख पुलिस के सहयोग से पुलिस के नवनिर्मित खेल परिसर में स्थापित किया है। यह रेंज विद्यार्थियों, आम लोगों और पुलिसकर्मियों के लिए खुली रहेगी।

एशियाई खेलों में वीवीएस लक्ष्मण होंगे भारतीय क्रिकेट टीम के कोच

नई दिल्ली। आगामी 19 सितंबर से जापान में एशियाई खेलों का आयोजन होना है, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम भी हिस्सा लेगी। श्रेयस

अय्यर की कप्तानी में पुरुष टीम और हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में महिला टीम स्वर्ण पदक के लिए दावेदारी पेश करेंगी। स्पोर्टस्टार के मुताबिक, इन खेलों में वीवीएस लक्ष्मण भारतीय पुरुष टीम के साथ कोच के तौर पर रहने वाले हैं। दरअसल, सितंबर-अक्टूबर में भारतीय पुरुष टीम का बेहद व्यस्त कार्यक्रम रहने वाला है। भारत को 13-17 सितंबर के बीच अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद 27 सितंबर से 17 अक्टूबर के बीच वनडे और टी-20 में वेस्टइंडीज की मेजबानी करनी है।

श्रीलंका टीम की कमान संभालेंगे मेंडिस

वनडे और टी-20 टीम घोषित : रत्नायके व मदुशन को नहीं मिली जगह

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट टीम को 15 सितंबर से इंग्लैंड दौरे पर टी-20 सीरीज और इसके बाद 22 सितंबर से वनडे सीरीज खेलनी है। इन दोनों सीरीज के लिए श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीमें घोषित की हैं। वनडे मैच इंग्लैंड दौरे पर कुसल मेंडिस वनडे और टी-20 दोनों टीमों की कप्तानी करेंगे। पूर्व कप्तान दासुन शनाका की वनडे सीरीज में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज मिलन रत्नायके और प्रमोद मदुशन अपनी जगह नहीं बना सके हैं। शनाका ने 2024 में आखिरी बार खेला था।

लेग स्पिनर कोलंबगे पहली बार शामिल : कामिंदु मेंडिस को दोनों टीमों में बरकरार रखा गया है, जबकि दासुन शनाका जनवरी 2024 के बाद पहली बार वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। शनाका के चयन के साथ वनडे विश्व कप 2027 से पहले श्रीलंका के मध्य क्रम को मजबूती मिलेगी। वहीं चयनकर्ताओं ने लेग स्पिनर सचिंदु कोलंबगे को भी पहली बार शामिल किया है।

इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में नहीं खेलेंगे धोनी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में नहीं खेलना चाहते हैं, जिससे 2027 में होने वाले टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी को लेकर बनी अनिश्चितता में एक और नया मोड़ आ गया है। सीएसके के पूर्व बल्लेबाज सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने यह खुलासा किया। यह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज इम्पैक्ट प्लेयर नियम से अपना कार्यभार कम करके आईपीएल में अपना करियर आगे बढ़ा सकते थे लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अगर वह खेलना जारी रखते हैं तो वह पूर्णकालिक विकेटकीपर बने रहना चाहते हैं। वहीं बद्रीनाथ का मानना है कि 45 वर्षीय धोनी के लिए उनके करियर के इस चरण में इम्पैक्ट प्लेयर की भूमिका उपयुक्त हो सकती है, क्योंकि उनकी बढ़ती उम्र को देखते हुए 20 ओवर तक विकेटकीपिंग करना आसान नहीं होगा।

एशिया कप 2026

अट्टापट्टू ने हैट्रिक के साथ बनाए कई रिकॉर्ड्स

कोलंबो। श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने एशिया कप 2026 में इंडोनेशिया के खिलाफ हैट्रिक लेने का कारनामा किया। उन्होंने मैच में कुल 7 विकेट लिए और श्रीलंका ने इस मैच में 75 रन से जीत दर्ज की। वह महिलाओं के टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 5वें सबसे बेहतर प्रदर्शन करनी वाली गेंदबाज बनी। इस मैच के दौरान अट्टापट्टू ने कुछ अहम रिकॉर्ड्स बनाए, उन पर एक नजर डालते हैं।

अविश्वसनीय रही अट्टापट्टू की गेंदबाजी

अट्टापट्टू ने पावरप्ले ओवरों के दौरान विपक्षी सलामी जोड़ी मारिया कोराजोन और रहमावती पंगेस्तुती के साथ-साथ कप्तान आयु नंदा सकारिनी को आउट किया। उन्होंने अपनी हैट्रिक तब पूरी की जब इंडोनेशिया का स्कोर 18 ओवर में 7 विकेट पर 49 रन था। 19वें ओवर की पहली 3 गेंदों पर अट्टापट्टू ने नी कदेक अरियानी, सांग मेइप्रियानी और दारा ए लक्ष्मी परिमिता को आउट किया। उन्होंने 3.3 ओवर में 5 रन देते हुए ये 7 सफलताएं हासिल की।

अट्टापट्टू ने बनाए ये रिकॉर्ड्स

अट्टापट्टू टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाली श्रीलंका की पहली महिला गेंदबाज बनीं। इसके साथ-साथ वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पूर्ण सदस्य देश के किसी खिलाड़ी (पुरुष या महिला) के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। क्रिकइंफो के अनुसार, अट्टापट्टू ने महिलाओं के टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अपना पहला 5 विकेट लेने का कारनामा किया। उनके नाम अब 167 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 23.45 की औसत के साथ 85 विकेट हैं।

चीन मास्टर्स

श्रीकांत ने लाई को हराकर किया उलटफेर, सात्विक-चिराग भी जीते

एजेंसी ▶▶| शेनझेन

भारत के अनुभवी खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां कनाडा के विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई को सीधे गेम में हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इस साल की शुरुआत में यूएस ओपन सुपर 300 के फाइनल में पहुंचने वाले 33 वर्षीय श्रीकांत ने लाई पर 21-18 21-19 से जीत दर्ज करके उलटफेर किया। लाई ने पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। श्रीकांत अपने अगले मैच में हांगकांग के ली चेउक यिउ का सामना करेंगे।

रोमांचक रहा श्रीकांत की जीत का सिलसिला

इसके बाद उन्हें तीन गेम प्वाइंट मिले और उन्होंने दूसरे गेम प्वाइंट पर यह गेम अपने नाम कर दिया। श्रीकांत ने दूसरे गेम के शुरू में गलतियां की जिससे वह 5-9 से पीछे हो गए। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि वापसी के प्रयास जारी रखे। जब वह 9-14 से पीछे थे तब उन्होंने दो जोरदार शॉट्स और लाई की गलतियों से स्कोर 13-14 कर दिया। इसके बाद एक समय स्कोर 18-18 पर बराबरी पर था। इसके बाद लाई का शॉट बाहर चला गया और श्रीकांत ने एक जोरदार शॉट मारकर मैच प्वाइंट हासिल कर लिया तथा जल्द ही मैच अपने नाम कर दिया।

सात्विक की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने फ्रांस के क्रिस्टो और टोमा जूनियर पोपोव बंधुओं को 21-15 22-24 21-9 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

तेजस और अभिषेक को टीम में नहीं मिली जगह

एशियाई खेल में नीरज की जगह लेंगे यशवीर

एजेंसी ▶▶| लुधियाना

राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले भाला फेंक के एथलीट यशवीर सिंह को जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए चोटिल नीरज चोपड़ा की जगह बृहस्पतिवार को 77 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम में शामिल किया गया जबकि लंबी दूरी के धावक अभिषेक पाल को कथित डोपिंग उल्लघंन के लिए नाडा से नोटिस जारी किए जाने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने लुधियाना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए 77 सदस्यीय ट्रैक एवं फील्ड टीम की घोषणा की। खेल मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में 73 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की घोषणा की थी जिसमें शिरसे और अभिषेक भी शामिल थे।

नीरज-तेजस चोटिल टीम से बाहर

लुधियाना अभी राष्ट्रीय युवा चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के धावक तेजस शिरसे को भी टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि वह हाल ही में ग्लास्गो में हुए राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान चोटिल हो गए थे। एएफआई अध्यक्ष बहादुर सिंह सग्गू ने कहा, ''हमने नीरज चोपड़ा की जगह यशवीर को टीम में शामिल किया है जिन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीता था। नीरज चोपड़ा चोटिल हैं और इस कारण एशियाई खेलों में नहीं खेल पाएंगे। यही वजह थी कि टीम में कुछ बदलाव करना पड़ा।''

छह नए खिलाड़ियों को किया गया शामिल

मंत्रालय ने बुधवार को छह नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। इन खिलाड़ियों में 200 मीटर की धाविका हरिता भद्रा, 400 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली किरण पहल, पोल वॉल्टर सिंधुश्री जी, त्रिकूद की एथलीट आशा इलंगो, चक्का फेंक की खिलाड़ी सान्या यादव और हैमर थ्रोअर प्रवीण कुमार शामिल हैं। इस तरह से पहले घोषित किए गए 73 खिलाड़ियों में से दो खिलाड़ियों अभिषेक और शिरसे के बाहर होने और बुधवार को छह खिलाड़ियों के जुड़ने से अंतिम संख्या 77 हो गई है।



हाईकोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दिए निर्देश

यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के इंसीनरेशन की राख पर सात दिन में रिपोर्ट पेश करें

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण के बाद बची राख की जांच रिपोर्ट सात दिनों के भीतर पेश करने के निर्देश मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि केवल मौखिक बयान के आधार पर रिपोर्ट के संबंध में भरोसा नहीं किया जा सकता। जांच रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाए, ताकि उसका परीक्षण किया जा सके। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने संबंधित पक्षकारों को भी जांच रिपोर्ट स्पीड पोस्ट के माध्यम से 10 दिनों के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, जिससे वे रिपोर्ट का अध्ययन कर अपनी राय प्रस्तुत कर सकें। मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।

उल्लेखनीय है कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण की मांग को लेकर भोपाल निवासी आलोक प्रताप सिंह ने वर्ष 2004 में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद हाई कोर्ट इस मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रहा है। न्यायालय के निर्देशों के बाद जहरीले कचरे का विनिष्टीकरण धार जिले के पीथमपुर में किया गया था। सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यूनियन कार्बाइड परिसर से जहरीला कचरा हटाए जाने के बावजूद आसपास के कई वार्डों में लोगों को अब भी दूषित पानी मिल रहा है। इस पर हाई कोर्ट ने स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति के माध्यम से पानी के नमूने लेकर जांच कराने के निर्देश दिए थे। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जांच रिपोर्ट पेश की, जिस पर संबंधित पक्षों ने अध्ययन के लिए समय मांगा। सुनवाई में यह मुद्दा भी उठा कि जहरीले कचरे के इंसीनरेशन के बाद बची राख में पारा सहित अन्य प्रदूषक तत्व पाए गए हैं। सरकार की ओर से कहा गया कि बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार सभी पैरामीटर निर्धारित सीमा के भीतर हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिवक्ता के मौखिक कथन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। इसलिए राख से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट सात दिनों में पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

दो डेरियों से दूध व दुग्ध उत्पादों के सैंपल लिए

जबलपुर। आगामी त्योहारों को देखते हुए दूध एवं दुग्ध उत्पादों की जांच के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को दो डेरियों की जांच की गई। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिल्क टेस्टिंग किट से जांच की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता ने बताया कि अधारताल स्थित कृष्णा डेयरी एवं त्रिमूर्ति नगर स्थित कपिला डेयरी से मावा, पनीर, घी, क्रीम और दही के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राशन दुकान विक्रेता-कर्मचारी पर एफआईआर

जबलपुर। शहपुरा विकासखंड के ग्राम हिनोतिया स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाए जाने पर विक्रेता कृष्ण कुमार ठाकुर एवं कर्मचारी राजकुमार परसवार के विरुद्ध थाना बेलखेड़ा में एफआईआर दर्ज की गई है। कार्रवाई कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने की। जांच में सामने आया कि हितग्राहियों से बायोमेट्रिक व ओटीपी लेकर पीओएस मशीन में राशन वितरण दर्ज किया जाता था, लेकिन वास्तविक रूप से राशन नहीं दिया जाता था। निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलने और एक माह का राशन रोकने की भी शिकायत सही पाई गई। दुकान में करीब 4.50 लाख रुपए मूल्य का खाद्यान्न कम मिला, जिसमें 116.23 क्विंटल गेहूं, 23.33 क्विंटल चावल, 7.81 क्विंटल नमक और 0.08 क्विंटल शक्कर शामिल है। दोनों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 एवं 7 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

अमानक पॉलीथिन पर बड़ा प्रहार, लगाया 1 लाख का फाइन

210 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त, मौके पर वसूला जुर्माना

जबलपुर। शहर को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित बनाने के संकल्प के तहत नगर निगम लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संभाग क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 74 में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान संचालक अतुल खत्री के परिसर पर निरीक्षण कर अमानक प्लास्टिक और सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर त्वरित कार्रवाई की गई। टीम ने मौके से 110 बोरी अमानक पानी के पाउच, 210 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन और 23 पेटी विक्रय अयोग्य पानी की बोतलें जब्त कीं। यह सामग्री पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती थी। इसके साथ ही परिसर में जनसुरक्षा से जुड़े फायर एंड सेफ्टी मानकों के अभाव को देखते हुए 1 लाख रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया, जिसे चेक के माध्यम से मौके पर ही वसूल किया गया।कार्रवाई के दौरान उपायुक्त संभव अयाची, संभागीय अधिकारी अजय लवाना, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र राज, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अनंत दुबे, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संजय वर्मा, सहायक अग्निशमन अधिकारी आकाश श्रीवास्तव, अतिक्रमण दल के अभिषेक समुद्र एवं प्रभारी वार्ड सुपरवाइजर सुरेश राय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। निगम की इस सजगता से शहर में स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा मिलेगा।

एमपी स्टेट बार चुनाव-2026 : पूर्व वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी सहित चार प्रत्याशी निर्वाचित

जबलपुर। एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव-2026 की मतगणना में जबलपुर के अधिवक्ता आरके सिंह सैनी ने एक बार फिर अपनी मजबूत पकड़ साबित करते हुए निर्धारित कोटा पार कर लिया है। एलिमिनेशन राउंड के 19 वें दिन सैनी के कोटा पार करते निर्वाचित हो गए। उनके साथ इंदौर के राकेश सिंह भदौरिया, अखिलेश कुमार सक्सेना और विवेक सिंह भी निर्धारित कोटा पार करने के बाद निर्वाचित माने गए हैं। आरके सिंह सैनी का बार राजनीति और अधिवक्ता संगठनों में लंबा अनुभव रहा है। वे एमपी स्टेट बार काउंसिल के पूर्व वाइस चेयरमैन रह चुके हैं। इसके साथ ही वे पांच बार जिला अधिवक्ता संघ, जबलपुर के अध्यक्ष भी रहे हैं। स्टेट बार में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालते हुए उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई। वे अनुशासन समिति के अध्यक्ष सहित अन्य महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन भी कर चुके हैं।

सैनी की पहचान अधिवक्ताओं के हितों के लिए लगातार सक्रिय रहने वाले नेता के रूप में रही है। पारदर्शी कार्यशैली, संगठनात्मक अनुभव और अधिवक्ताओं से सीधे संपर्क को उनकी ताकत माना जाता है। सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सहायता तथा अधिवक्ताओं और उनके परिवारों से जुड़े विषयों को लेकर भी वे लगातार सक्रिय रहे हैं। मतगणना के दौरान निर्धारित कोटा पार कर सैनी ने अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई। सैनी ने अधिवक्ताओं की पुरानी लंबित समस्याओं के समाधान, निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था तथा सभी अधिवक्ताओं के लिए सुलभ कार्यप्रणाली को प्राथमिकता देने की बात कही है। डिजिटल और पारदर्शी सिस्टम को मजबूत करने तथा अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

मतगणना के 19वें दिन तक कुल 122 प्रत्याशियों में से 89 प्रत्याशियों का एलिमिनेशन हो चुका है। वहीं पुरुष प्रत्याशियों में संदीप मेहता, नित्यानंद मिश्रा, हितोषी जय हार्डिया, नरेन्द्र कुमार जैन और गौरव मिश्रा बढ़त बनाए हुए हैं।

India's First 5 Year Warranty *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 15th Sep. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Onroad price of HF Deluxe Self start variant applicable in Madhya Pradesh. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344),डीलर एक्सटेंशन: सुदर्शन हीरो (आनंद नगर बस स्टॉप), 9289922353; बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240